Page 11



खेल

गावस्कर की टिप्पणियों के बाद रोहित के बचाव में आए आरोन फिंच, रितिका ने खिलाड़ियों...

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश

सच का सामना हमेशा झूठ के साथ होता है और समय आने पर सच की जीत ...

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, पूर्व भाद्रपद, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 11 नवम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 330 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹79,360 | ₹94,000 |



## आज का इतिहास

- **1778 :** आईरोक्वाइस भारतीयों ने न्यूयॉर्क में चेरी घाटी नरसंहार में 40 लोगों को मार डाला।
- **2014 :** पाकिस्तान के सख्खर प्रांत में एक बस दुर्घटना में 58 लोग मारे गये।

## न्यूज बाइट्स

### तनिष्क शोरूम से 3.50 लाख की लूट

**पटना (नि.सं.)।** पटना में शनिवार को बदमाशों ने तनिष्क ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाया। चार की संख्या में ग्राहक बनकर बदमाश शोरूम में घुसे थे। महज एक मिनट 40 सेकेंड के अंदर 3.50 लाख की ज्वेलरी और 6 कर्मियों के मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। घटना कंकड़बाग थाना क्षेत्र के कॉलोनी मोड़ स्थित तनाएरा तनिष्क शोरूम की है। घटनास्थल से सिर्फ 200 मीटर की दूरी पर डीजीपी आलोक राज का आवास है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

### बिहार उपचुनाव में चारों सीटों पर एनडीए की जीत तय : प्रमोद

**पटना (नि.सं.)।**भाजपा विधान पार्षद डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने दावा किया है कि राज्य में चार सीटों पर हो रहे उपचुनाव में एनडीए की जीत तय है। रविवार को जारी बयान में भाजपा नेता ने कहा कि बिहार की जनता नरेंद्र मोदी के सुशासन पर पूर्ण भरोसा करती है। नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार का चौतरफा विकास हुआ है। चारों सीट पर भारी मतों से एनडीए प्रत्याशी विजयी होंगे। विपक्षियों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जहां विपक्षी दंगल और बाहुबली के दम पर जीत का दम भर रहे हैं वहीं भाजपा को अपने काम और सुशासन पर भरोसा है। राजद और माले अपनी हार स्वीकार कर चुका है। सुशासन की सरकार में किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है।

### पीएम का 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' 11 नवंबर को होगा संवाद कार्यक्रम

**रांची (नि.सं.)।** 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी इस अभियान के माध्यम से बूथ कार्यकर्ताओं को से सीधा चर्चा करके और उन्हें झारखंड विजय के लिए प्रेरित करेंगे।इसके साथ ही केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में किए गए विकास कार्यों व चलाइए अभियानों के बारे में इस कार्यक्रम में चर्चा होगी इससे पूर्व भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के अलग-अलग हिस्सों में कार्यकर्ताओं से चर्चा करके उन्हें मजबूत भाजपा और सशक्त भाजपा के संकल्प को दोहराने के अपील की है।

गया के इमामगंज में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा

# महिलाओं को दिया 50 प्रतिशत आरक्षण

### 24 लाख लोगों को रोजगार मिल चुका है, 10 लाख को और देंगे रोजगार

- सीएम ने की जदयू प्रत्याशी मनोरमा देवी को विजयी बनाने की अपील, और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनके कार्य क्षेत्र के सभी काम पूरे होंगे।
- सीएम ने बेलागंज में चुनाव प्रचार किया, जहां उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा।



**निज संवाददाता | गया**

गया के बेलागंज और इमामगंज विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने जा रहा है। रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे। बेलागंज में मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान महिला होमगार्ड की जवान अपनी मांग को लेकर सुरक्षा कर्मियों से आवेदन भिजवाया। इसके बाद वे कहने लगी कि उनका आवेदन मुख्यमंत्री तक नहीं पहुंचा। इस बात को लेकर शोर मचाने लगी। महिला जवानों को पुलिस कर्मी ने शांत कराया। भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सबका काम किया है। जो अभी कुछ डिमांड कर रही थीं, वो भी डिमांड पूरी हो जाएगी। सीएम

#### 2005 के पहले शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था

वर्ष 2005 में हमलोग सरकार में आए थे, उसके पहले क्या स्थिति थी ? आपको पता है।वर्ष 2005 में शाम के बाद घर से कोई बाहर नहीं निकलता था, जो लोग शासन में थे, उन लोगों ने कोई काम नहीं किया, सिर्फ वोट लेने का काम किया. जब हमलोगों को मौका मिला तो, हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए सर्वांगीण काम किया।

नीतीश कुमार ने कहा कि हम लोगों ने सभी के लिए काम किया है। महिला सशक्तिकरण पर हम लोगों ने काम किया है। 50 प्रतिशत आरक्षण दिया है। 10 लाख लोगों को रोजगार देने की बात कही थी। 24 लाख लोगों को रोजगार मिल चुका है। 10 लाख को और रोजगार देंगे, तो 34 लाख हो जाएगा। बहुत तेजी से काम हो रहा है। अगले चुनाव से पहले हम लोग काम कराएंगे। सब तरह से काम हो रहा है।

बेलागंज-इमामगंज विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2005 से लेकर अब-तक किए गए विकास कार्यों की गिनती गिनाई। करीब 27 मिनट के भाषण में उन्होंने अपनी उपलब्धियों को गिनाया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की भी प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र से हमें विकास कार्यों के लिए भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बेलागंज से जदयू प्रत्याशी मनोरमा देवी को विजयी बनाने के लिए लोगों से अपील के साथ अनुरोध किया। सीएम ने कहा कि इन्हें जिताइये। ये जो आपके क्षेत्र के लिए कहेंगी । वह सारा काम हम पूरा करेंगे। मनोरमा देवी काम करने वाली महिला हैं। यह निश्चित तौर पर काम करेंगी। इस मौके पर नीतीश कुमार ने मनोरमा देवी जीत सुनिश्चित बताते हुए माला पहनाया। बता दें कि जल्द ही लालू प्रसाद यादव दोनों विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे। हालांकि, एनडीए के बड़े नेताओं का जिले में लगातार आना-जाना हो रहा है। प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री पहले ही अपनी जनसभाएं कर चुके हैं। कई मंत्री भी चुनावी मैदान में अपने प्रत्याशियों के समर्थन में गरज चुके हैं। अब देखना है कि मुख्यमंत्री का आज का यह दौरा जनता पर कितना असर डालता है। राजद भी पीछे नहीं है। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने दो दिन पहले ही राजद प्रत्याशी के पक्ष में सभा कर माहौल को गरमा दिया है। इसके बाद से बेलागंज में लालू प्रसाद यादव के आगमन की चर्चा है।

तेजस्वी ने अपने संबोधन में ऐलान किया कि लालू यादव 11 नवंबर को बेलागंज में सभा करेंगे, जिससे राजद कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस चुनावी महासंग्राम में एनडीए और राजद की जोर-आजमाइश ने जनता का ध्यान खींचा है। बीते 35 सालों से राजद के प्रत्याशी विश्वनाथ यादव के पिता सुरेंद्र यादव विधायक रहे हैं। वे अब जहानाबाद से एमपी हैं।

गिट्टी कारोबारियों के लिए सरकार का नया फरमान

# अन्य राज्यों से गिट्टी मंगाने के पूर्व कारोबारी को जिले के खनिज विकास पदाधिकारी को देनी होगी जानकारी

- गिट्टी के अवैध कारोबार पर रोक को खान भू-तत्व विभाग ने उठाया कदम
- मांग की पूर्ति के लिए 90 प्रतिशत गिट्टी का आयात अन्य राज्यों से



**निज संवाददाता | पटना**

बालू के बाद अब गिट्टी के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए खान एवं भू-तत्व विभाग पुरानी व्यवस्था में कई बदलाव कर रहा है। खान एवं भू-तत्व विभाग ने निर्णय लिया है कि अन्य राज्यों से गिट्टी मंगाने के पूर्व कारोबारी को इसकी पूर्व सूचना जिले के खनिज विकास पदाधिकारी को देनी होगी। इसके बाद भी अन्य राज्य से गिट्टी आयात की जाएगी और इसी के आधार पर जिले में इसे गंतव्य तक पहुंचाने के लिए चालान जारी किया जाएगा।

#### अभी केवल गया और शेखपुरा से हो रहा गिट्टी का खनन

प्रदेश में निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाले लघु खनिजों में शामिल गिट्टी की करीब 90 प्रतिशत आपूर्ति अन्य राज्य करते हैं। इसमें सर्वाधिक आपूर्ति झारखंड और पश्चिम बंगाल से होती है। जबकि राज्य में गिट्टी खनन केवल दो जिलों में ही हो रहा है। ये जिले हैं गया और शेखपुरा। इन दोनों जिलों में खान एवं भूतत्व विभाग ने 104.5 एकड़ में खनन योजना की मंजूरी आठ अलग-अलग बंदोबस्तधारियों के बीच की है। विभाग के अनुसार इसमें से पांच की मंजूरी 2020 में पांच वर्षों के लिए दी गई थी। जिसकी मियाद 2025 में खत्म हो जाएगी। तीन की मंजूरी 2021 में दी गई जिसकी मियाद 2026 में समाप्त होगी।

जानकारी के अनुसार, 2017 के बाद गिट्टी खनन योजना को मंजूरी नहीं दी जा सकी है। कुल् आठ गिट्टी खनन फील्ड से राज्य सरकार को 2022-23 में 73.48 करोड़ और 2023-24 में 71.48 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ था। अब सरकार ने इस राजस्व में वृद्धि के उपायों के साथ गिट्टी के अवैध खनन को नियंत्रित करने की दिशा में कवायद शुरू की है।

#### बिहार पहुंचते ही गिट्टी का किया जाएगा निरीक्षण

नई व्यवस्था में खनिज विकास पदाधिकारी की अनुमति के बाद अन्य राज्यों से आने वाले गिट्टी के बिहार पहुंचते ही उसी दिन स्थल निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही जहां इसे भंडार किया जाएगा उसकी जियो टैगिंग फोटो कारोबारी को विभागीय पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। यह मात्रा कारोबारी की पहचान में शामिल हो जाएगी और इसी के आधार पर उसे उस गिट्टी को आगे तक पहुंचाने के लिए चालान जारी हो सकेंगे। कारोबारी को भंडारण स्थल पर सीसीटीवी कैमरा और धर्मकांटा अनिवार्य रूप से लगाना होगा। सरकार का मानना है कि ऐसी व्यवस्था करने से लोगों को सहज ही गिट्टी मिल सकेगी। इसका अवैध कारोबार नियंत्रित होगा और राजस्व में भी वृद्धि होगी।

# जस्टिस संजीव खन्ना कल लेंगे सीजेआई की शपथ

**एजेंसी | नई दिल्ली**



न्यायमूर्ति संजीव खन्ना 11 नवंबर को 51वें सीजेआई के रूप में शपथ लेंगे। संजीव खन्ना, जो चुनावी बांड योजना को खत्म करने और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने जैसे सुप्रीम कोर्ट के कई ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे हैं। सोमवार को भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सुबह 10 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाएंगी। बता दें कि न्यायमूर्ति खन्ना न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ का स्थान लेंगे, जो रविवार को सेवानिवृत्त हुए और उनका कार्यकाल 13 मई, 2025 तक रहेगा। 16 अक्टूबर को मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की सिफारिश के बाद केंद्र ने 24 अक्टूबर को आधिकारिक तौर पर न्यायमूर्ति खन्ना की नियुक्ति को अधिसूचित किया। शुक्रवार को सीजेआई के रूप में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ का आखिरी कार्य दिवस था और उन्हें शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों, वकीलों और कर्मचारियों द्वारा जोरदार विदाई दी गई। न्यायमूर्ति खन्ना ने जनवरी 2019 से सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में कार्य किया है, कई ऐतिहासिक निर्णयों का हिस्सा रहे हैं जैसे कि ईवीएम की पवित्रता को बरकरार रखना, चुनावी बांड योजना को खत्म करना, अनुच्छेद 370 को निरस्त करना और पूर्व दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देना।

# झारखंड में घुसपैठियों पर भाजपा लगाएगी लगाम : पीएम

**निज संवाददाता | रांची**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोकारो जिले के चंदनक्यारी में भाजपा, आजसू, जेडीयू और लोजपा के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला किया। श्री मोदी ने आज कहा कि झारखंड के तेज विकास के लिए सबका प्रयास हो इसकी जरूरत है। इसलिए आप सभी को कांग्रेस जेएमएम की बहुत बड़ी साजिश से सर्तक रहना है। सजग रहना है। कांग्रेस जेएमएम की चौकड़ी ने नया खेल खेलना शुरू किया है। ये सत्ता पाने के लिए कुछ भी कर सकती है। कांग्रेस हमेशा से एससी, एसटी, ओबीसी की एकता की घोर विरोध रही है। आजादी के बाद हमार दलित समाज, हमारा एससी समाज बिखरा रहा, हमारा आदिवासी भाई बहना बिखरा रहा, हमारा ओबीसी समाज बिखरा रहा तब तक कांग्रेस बांटो और राज छीनों के सिद्धांत पर मजे से केंद्र में सरकार बनाती रही। लेकिन जैसे ही समाज एकजुट हुआ। हमारे दलित समाज के भाई बहन एससी के रूप में उनकी पहचान बनी। आदिवासी भाई बहन की एसटी के रूप में पहचान बनी तो कांग्रेस ने कभी भी पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार नहीं बना पाई। उन्होंने कहा कि 1990 में ओबीसी समाज को आरक्षण मिला। ओबीसी के अलग-अलग जातियों का संख्या बल एक साथ जुट गया उसके बाद से कांग्रेस आज तक लोगसभा में 250 सीटें नहीं जीत पाई। ओबीसी की सामूहिक ताकत को उसको तोड़ना चाहती है और ओबीसी की ताकत को तोड़कर उन्हें सैंकड़ों अलग अलग जातियों में बांटना चाहती है। कांग्रेस जेएमएम वाले जातियों को एक दूसरे से लड़ाना चाहती है। ये चाहते हैं कि ओबीसी की छोटी छोटी जातिया खुद को ओबीसी मानना छोड़ दे और अपनी अपनी जातियों में ही उलझी रहे। क्या आप भी चाहते ही कि ओबीसी समाज 100 टुकड़ों में बंट जाए। ऐसा अगर टूट गये तो आपकी आवाज कमजोर हो जाएगी। कोई भी नहीं चाहता है कि समाज बिखरे। इसलिए हमेशा याद रखना है कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

श्री मोदी ने कहा कि झारखंड के नौजवान बहुत बड़ी संख्या में सेना में है। जम्मू काश्मीर में आतंक के दौर में हमने अनेक जवानों को खोया है। इसका बहुत बड़ा कारण 370 की दीवार थी। मोदी ने उस 370 की दीवार को जमीन में गाड़ दिया। आपके सहयोग से झारखंड में भाजपा यहां घुसपैठियों पर लगाम लगाएगी।

# आतंकियों के साथ मुठभेड़ में जेसीओ ने दिया बलिदान, तीन जवान घायल

**निज सं. | श्रीनगर(जम्मू-कश्मीर)**



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के सुदूर वन क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गया। साथ ही तीन जवान घायल हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सेना के विशेष बल के एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) रविवार को बलिदान हो गए।

यह ऑपरेशन दो वीडीजी की हत्या के बाद चल रही गहन तलाशी के बीच हुआ। बलिदान जवान की पहचान 2 पैरा के नायब सूबेदार राकेश कुमार के रूप में हुई है। भारतीय सेना ने उनके सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया है।

बता दें कि मुठभेड़ सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई थी। ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान पुलिस औ सेना के जवानों ने केशवन जंगल में आतंकवादियों को रोका। उस स्थान से कुछ किलोमीटर दूर थे, जहां वीडीजी नजीर अहमद और कुलदीप कुमार के गोलियों से छलनी शव मिले थे। आतंकवादियों द्वारा वीडीजी के अपहरण और हत्या के बाद गुरुवार शाम को कुंतवाड़ा और केशवन के जंगलों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया था। आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर किश्तवाड़ के सामान्य क्षेत्र भारत रिज में सुरक्षा बलों द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था।

# 20 कंपनियों ने कराया रजिस्ट्रेशन, 650 करोड़ इनवेस्ट करेंगी आईटी कंपनियां, 42 हजार को मिलेगा रोजगार


**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में आईटी सेक्टर में 650 करोड़ रुपए का निवेश होगा। इससे राज्य में 42 हजार से अधिक को रोजगार मिलेगा। इनमें प्रत्यक्ष रूप से 12 हजार से अधिक व अप्रत्यक्ष रूप से 30 हजार से अधिक को रोजगार मिलेगा। आईटी नीति जारी होने के बाद से अब राज्य में आईटी सेक्टर में निवेश बढ़ने की उम्मीद जग गई है। आईटी सेक्टर में निवेश को लेकर इस क्षेत्र से जुड़ी कंपनियां काफी उत्साहित हैं। आईटी, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम), डेटा सेंटर, ड्रोन, लैपटॉप बनाने वाली कंपनियां निवेश के लिए आईटी विभाग से बातचीत कर रही हैं।

आईटी नीति 2024 के तहत निवेश का लाभ हासिल करने के लिए 20 आईटी कंपनियों ने विभाग में पंजीकरण करवाया है। आईटी कंपनियों की रुचि के पीछे का कारण है, राज्य में डिजिटल संरचना का विकास होना बड़े बाजारों के करीब भौगोलिक स्थिति होना भी राज्य में निवेश का बड़ा कारण है। सरकार भी कंपनियों को प्रोत्साहन भी दे रही है। सीटीआरएलएस जैसी बड़ी कंपनी 250 करोड़ रुपए निवेश करेगी। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल लिमिटेड ने आईटी नीति-2024 के तहत प्रोजेक्ट लगाने के लिए आवेदन दिया है। निर्माणाधीन औद्योगिक क्षेत्र में भारती एयरटेल को जमीन भी आवंटित किया गया है और यह कंपनी 268 करोड़ रुपए का निवेश करने वाली है। बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है। कृषि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ड्रोन के इस्तेमाल की संभावनाएं हैं। इस सेक्टर को देखते हुए ड्रोन निर्माता भी यहां अपना प्लांट लगाने को इच्छुक हैं। ड्रोन निर्माता कंपनी एवीपीएल को भी एक शेड आवंटित किया गया है। टेक कंपनी होलोवेयर को भी एक शेड दिया गया है। कंपनी 22 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। दो कंपनियों को पहले चरण की मंजूरी मिल चुकी है।

सूचना-प्रावैधिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह बिहार में अगले वर्ष तक आईटी सेक्टर में एक हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश की उम्मीद है। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। देश-विदेश के बड़े निवेश केंद्रों की राज्य में निवेश को लेकर रुचि बढ़ेगी। हाल ही में मुंबई में हुई बिहार बिजनेस समिट में भले ही सरकार एक भी एमओयू नहीं कर पाई, लेकिन बीते कुछ सालों में कई ग्रुप्स ने बिहार में इंवेस्टमेंट किया है।

### हेलीकॉप्टर में आयी खराबी तो सड़क मार्ग से कोडरमा गए लालू



**पटना(नि.सं.)।** राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को हेलीकॉप्टर में आयी तकनीकी खराबी के कारण सड़क मार्ग से झारखंड के कोडरमा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए जाना पड़ा। श्री प्रसाद रविवार को पटना एयरपोर्ट पर हेलीकॉप्टर से झारखंड जाने के लिए पहुंचे, लेकिन उन्हें अपनी यात्रा का कार्यक्रम बदलना पड़ा। वे वापस दस सर्कुलर रोड स्थित आवास पर पहुंचे और फिर सड़क मार्ग से कोडरमा जाने का निर्णय लिया गया। चूंकि, चुनाव प्रचार की अवधि सोमवार के शाम 6 बजे तक ही निर्धारित है, ऐसे में वहां पार्टी प्रत्याशी सुभाष यादव के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए बहुत कम समय रह गया था। पार्टी सूत्रों के अनुसार झारखंड में लालू प्रसाद द्वारा चुनाव प्रचार किए जाने को लेकर विशेष रथ तैयार किया गया है।

# लैपटॉप और स्मार्टफोन से लैस होंगे पुलिस ऑफिसर

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद डिजिटल साक्ष्यों की महत्ता बढ़ गई है। पुलिस जांच के साथ ही ट्रायल के दौरान भी आडियो-वीडियो साक्ष्य जरूरी हो गए हैं। इन सारी जरूरतों को देखते हुए ही राज्य सरकार ने पुलिस कांडों की जांच करने वाले सभी पुलिस अफसरों को लैपटॉप और स्मार्टफोन दिया जाना है। गृह विभाग की ओर से इसके लिए 190 करोड़ 63 लाख 20 हजार की राशि खर्च करने की स्वीकृति दे दी गई है।

विभागीय जानकारी के अनुसार, अनुसंधान पदाधिकारी को दिए जाने वाले लैपटॉप और स्मार्टफोन की खरीद पुलिस मुख्यालय के स्तर से नहीं होगी। सभी जांच अधिकारी अपने स्तर से लैपटॉप और स्मार्टफोन खरीदेंगे। उपकरणों के खरीद बिल के आधार पर प्रतिपूर्ति राशि उन्हें मुख्यालय स्तर से उपलब्ध कराई जाएगी। लैपटॉप के लिए करीब 60 हजार रुपये, जबकि मोबाइल के लिए करीब 20 हजार रुपये दिए जाएंगे। सभी अनुसंधान पदाधिकारियों को लैपटॉप और स्मार्टफोन स्थायी रूप से मिलेगा। यानी तबादले के बाद भी लैपटॉप और स्मार्टफोन उनके पास ही रहेगा। सरकार की ओर से यह तय किया गया है कि यह सुविधा सभी पदाधिकारियों को नहीं दी जाएगी। सरकार ने इसके लिए शर्त तय किया है। जानकारी के अनुसार लैपटॉप और स्मार्ट मोबाइल की सुविधा सिर्फ ऐसे अनुसंधान पदाधिकारी को ही दी जाएगी, जिनकी सेवा संपुष्ट हो गई हो या जिनकी अधिकतम आयु 55 वर्ष से अधिक न हो। ये उपकरण स्थाई रूप से उन्हें दे दिए जाएंगे जिनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी खुद की होगी। विभाग के इस फैसले से कांडों के गुणवत्तापूर्ण और ससमय अनुसंधान में सहूलियत होगी। पुलिस अनुसंधान और न्याय प्रक्रिया पर लोगों का भरोसा बढ़ेगा। इसके साथ साथ त्वरित न्याय दिलाने में पुलिस को भी मदद मिलेगी।

### यूनिक क्यूआर कोड पर लोड होगा प्रिस्क्रिप्शन और मेडिकल हिस्ट्री

# पर्ची-दवा के लिए मरीजों को लाइन में नहीं लगना होगा, आभा आईडी और भाव्या पोर्टल आसान बनाएगा काम

**निज संवाददाता | पटना**

अस्पतालों में मरीजों को इलाज कराने में हो रही परेशानियों से राहत मिल जाएगी। इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को अब पर्ची कटवाने और दवा लेने के लिए घंटों लाइन में खड़े रहने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना (पेपरलेस) पटना जिले के सभी अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित 30 संस्थानों में इसे लागू किया गया है। हालांकि दिसंबर से ही यह योजना पूरी तरह से लागू हो पाएगी। इस व्यवस्था से देश के किसी भी सरकारी अस्पताल में एक बार अपना क्यूआर कोड बना लेते हैं, तो आपको किसी भी सरकारी अस्पताल में इलाज करने के लिए लाइन में लगने और परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सभी काम ऑनलाइन यानी पेपरलेस वर्क होगा। बिहार सरकार के राज्य स्वास्थ्य समिति ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत पहले चरण में 4 जिलों (मुजफ्फरपुर, नालंदा, गोपालगंज और सीवान) में सोमवार और शुक्रवार को पेपरलेस वर्क करने का निर्देश दिया था। सकारात्मक परिणाम आने के बाद यह बाकी जिलों में जुलाई 2024 के तीसरे सप्ताह से पूरी तरह पेपरलेस करने का निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद भी अस्पतालों में ओपीडी से लेकर इमरजेंसी सेवा तक पेपरलेस वर्क करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि इमरजेंसी सेवा में रात के वक्त अगर कोई मरीज आते हैं, तो उनका पेपरलेस वर्क करना संभव नहीं हो पता है। फुलवारी शरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. आरके चौधरी ने बताया कि यहां नर्सिंग डेस्क की स्थापना कर ली गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हेल्थ मैनेजर शिप्रा चौहान ने बताया कि सबसे पहले जो मरीज अस्पताल में इलाज के लिए आते हैं। उनका मोबाइल रहने पर या ना रहने पर स्कैनर पर थंब के माध्यम से उनका आभा आईडी बनता है। फिर भाव्या पोर्टल के जरिए मरीज अपना नंबर लगा लेते हैं। एक कोड जनरेट किया जाता है। मरीज उस कोड को लेकर वाइटल क्षेत्र में आते हैं। वहां उनकी बीमारी का रिकॉर्ड सिस्टम पर अपलोड कर दिया जाता है। रूम नंबर और डॉक्टर का नाम उन्हें मिल जाता है। डॉक्टर के पास दिखाने जाते हैं, जहां डॉक्टर मरीज के पूरे हिस्ट्री को सिस्टम पर लोड करते हैं, जो प्रिस्क्रिप्शन का आधार होता है।

उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एक ऐसा सिस्टम भी लाया जा रहा है, जो पेशेंट का फेस स्कैन कर मरीज के पर्ची से लेकर बीमारी तक अपलोड करेगा। मरीज के प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर लैब का टेस्टिंग होता है।

#### पेपरलेस होने में अभी काफी समस्या

डॉ. आरके चौधरी का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले बहुत सी महिलाओं के पास स्मार्टफोन नहीं रहने के कारण यह समस्या सामने आ रही है। दिसंबर तक यह काम पूरा हो जाएगा। कर्मचारियों ने बताया कि पेपरलेस होने में अभी काफी समस्याएं आ रही हैं। जब तक उन समस्याओं को दूर नहीं किया जाएगा, तब तक इस पेपरलेस योजना के पूरी तरह से सफल होने में समय लग सकता है। कर्मचारियों ने बताया कि सर्वर डाउन रहने के कारण भी समस्याएं होती है। कर्मचारियों का कहना है कि ऑनलाइन हेल्थ रजिस्ट्रेशन के बाद लोग ओटीपी बताने में डरते हैं। उनका यह मानना है की ओटीपी बताने से उनके अकाउंट से पैसा भी कट सकता है।

#### दिसंबर से फुल फेज में शुरू होगा काम

एक्स-रे टेक्नीशियन रचना भारती ने बताया कि सबसे पहले भाव्या पोर्टल पर डिटेल अपलोड करते हैं, उसमें मरीज का नाम, उम्र, पता और डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन डालते हैं। इसके बाद जिस पार्ट का एक्स-रे करना है। इससे रजिस्ट्रेशन हो जाता है। एक्स-रे के बाद रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाता है। डॉ. आरके चौधरी ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया दिसंबर माह से फुल फेज में शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि मरीज के लिए पर्ची कटाने से लेकर दवा लेने तक काम पेपरलेस होगा और अब मरीज को लाइन में लगना नहीं पड़ेगा। इसके लिए क्यूआर कोड का टोकन दिया जाएगा और जांच के बाद डॉक्टर के पास भेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए मरीज को आभा एप डाउनलोड करना होगा। उसमें हेल्थ रिकॉर्ड होगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत के तहत आभा ऐप क्रिएट होता है। एक बार इसके क्रिएट हो जाने से देश के किसी भी सरकारी अस्पताल में क्यूआर कोड बताने से उनके बीमारी संबंधित सारी जानकारी दिखने लगेगी।

### पूर्णिया में बिहार मेरिट टेस्ट एग्जाम का आयोजन

**पूर्णिया (नि.सं.)।** पूर्णिया के जिला स्कूल में रविवार को बिहार मेरिट टेस्ट एग्जाम का आयोजन किया गया। इसमें पूर्णिया और कटिहार के 1500 से अधिक स्टूडेंट्स शामिल हुए। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। इसमें कक्षा 6 से 10 दसवीं तक के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बच्चे शामिल हुए।मेरिट टेस्ट हेल्पिंग एजुकेशनल फाउंडेशन की ओर से आयोजित की गई। इसमें 800 से अधिक छात्राएं, जबकि 700 छात्र शामिल हुए। मेरिट टेस्ट की 5 कैटेगरी बनाई गई है, जिसके तहत निर्धारित अंक लाने वालों को 6 महीने तक 1500 से 800 तक का स्कॉलरशिप और एक मोबाइल टैब दिया जाएगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बेलागंज में ओसामा शहाब का जन संपर्क बना राजद की मजबूत कड़ी

**गया।** बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में राजद प्रत्याशी डॉ. विश्वनाथ यादव के लिए ओसामा शहाबुद्दीन शहाब ने जनसंपर्क किया। जनसंपर्क अभियान में उन्होंने जमुने, केशरू, निसिरपुर, चातरघाट, लक्ष्मीपुर, लखनो, चाकंद, नबीनगर व बारा गांव गए, जहां उन्होंने डॉ. विश्वनाथ यादव के लिए वोट मांगा। सबसे पहले नगर प्रखंड के केशरू, लक्ष्मीपुर और बारा में उन्होंने रोड शो किया। इसमें हर वर्ग, विशेषकर युवा और महिलाएं शामिल हुई। राजद प्रत्याशी ने कहा कि युवा थोड़े समय के लिए दूर हो गए थे, पर ओसामा शहाब के जनसंपर्क अभियान में जुड़ने से फिर से राजद के साथ कंधे से कंधा मिलाने आ रहे हैं। ओसामा शहाब का यह जनसंपर्क अभियान विश्वनाथ यादव के लिए आगामी चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार बेलागंज की जनता समृद्धि, विकास और एकता के लिए नया अध्याय लिखने के लिए तैयार हैं।

### उप चुनाव तय करेगा बिहार की दिशा और दशा, जनता का मिजाज बदलेगा पूरा खेल

**मानपुर।** मगध की दो सहित सूबे में कुल चार विधान सभा क्षेत्र में विधान सभा का उपचुनाव हो रहे है। महागठबंधन की प्रतिष्ठा दाव पर लगी है। उक्त बातें चुनावी सरगर्मी के बीच बिहार पीपुल्स पार्टी के संस्थापक और चर्चित नेता आनंद मोहन ने प्रेस वार्ता में कहा। उन्होंने कहा कि शराब बंदी,जमीन सर्वे और स्मार्ट मीटर योजना की समीक्षा कर नए सिरे से 2025 चुनाव के बाद लागू करना चाहिए।अन्यथा एनडीए को आम चुनाव में नुकसान उठाना पड़ेगा।श्री मोहन ने कहा कि यदि एनडीए इस उपचुनाव में 50% भी स्कोर कर लेता है, तो भी यह उनके लिए एक सकारात्मक संदेश होगा। हालाँकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि हार या जीत से सरकार में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन उपचुनाव के नतीजे बिहार की राजनीति की दिशा और दशा जरूर तय करेंगे। कहा कि एनडीए के आमंत्रण पर वह गया जिले में दो दिनों तक रहेंगे और जरूरत पड़ी तो अन्य जगहों पर भी जाएंगे। साथ मे यह भी बताया कि उनकी पत्नी लवली आनंद और बेटे चेतन आनंद रविवार से गया जिले में चुनावी मोर्चा संभालेंगे।तीसरे विकल्प के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि जन सुराज का जनाधार अन्य नेताओं मसलन उपेंद्र कुशवाहा,पप्पू यादव, नागमणि और असदुद्दीन ओवैसी के मुकाबले बहुत ही कम है। इनलोगों का जितना आधार है उसका दसवां अंश भी जन सुराज के पास नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जन सुराज जिस तरीके से पैसे खर्च कर रहा है वह एक बड़ा सवाल बनकर उभर रहा है। वही पप्पू यादव को मिली धमकी पर उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि गृह मंत्रालय की अनुमति पर 24 घंटे में ‘ नेटवर्क खत्म करने का बयान हजम नहीं होता है। अंत में, अपने बेटे अंशुमन को राजनीतिक तौर पर लांच करने के सवाल सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राजनीति में सफलता जनता के आशीर्वाद पर निर्भर है, न कि किसी लॉन्चिंग व वैशाखी पर। मौके पर उप प्रमुख धर्मेंद्र कुमार उर्फ डुल सिंह, पंकज पासवान,दीपक कुमार सिंह,संजय सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### फतेहपुर में लाइट और साउंड पर चलायमान सूर्य प्रतिमा के दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**फतेहपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अंदर बड़ा बाजार बथान और डुमरीचट्टी बाजार में भगवान सूर्य प्रतिमा के दर्शन के लिए पंडाल के पास श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ जुट रही है। छठ पूजा के अवसर पर इन जगहों पर भव्य पंडाल का निर्माण कर उसमें भगवान सूर्य की काफी आकर्षक व चलायमान प्रतिमा स्थापित की गई है। इनके साथ ही अन्य सभी प्रतिमाएं भी काफी सुंदर व चलायमान है। आकर्षक लाइट और साउंड पर दस मिनट के शो के माध्यम से छठी मईया की महिमा को दिखाया जा रहा है। छठ के लोहंडा के दिन से ही पूजन व दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ यहां जुट रही है।

### नालंदा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**नालंदा।** नालंदा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देते हुए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा की तरफ से आज निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएगी। आयोजित होने वाले विशेष स्वास्थ्य शिविर में आठ विशेषज्ञ चिकित्सक नागरिकों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। जिला पदाधिकारी के विशेष निर्देश पर आयोजित इस शिविर में शिशु रोग से लेकर दंत चिकित्सा तक की व्यापक सेवाएं उपलब्ध होंगी। शिविर सुबह 7:30 से 9:00 बजे तक रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला कार्यालय परिसर में संचालित किया जाएगा। चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम में डॉ. पंकज कुमार (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. उमेश कुमार सिंह और डॉ. इंद्रजीत कुमार (फिजिशियन), डॉ. देवेंद्र प्रसाद (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. त्रिस्ला (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. आशुतोष कुमार (सर्जन), डॉ. उदय देव रंजन (दंत चिकित्सक) और डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम (फिजियोथैरेपिस्ट) शामिल हैं।

### गरीबों की सहायता के लिए शुरू हुआ राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस

**बिहारशरीफ।** जिला व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित विधिक सेवा सदन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष हसमुद्दीन अंसारी की अध्यक्षता एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव न्यायाधीश अमित गौरव के निर्देशन में शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया गया। इस अवसर अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में विधिक सेवा से जुड़े और आम लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल विधि विशेषज्ञों ने विधिक सेवा दिवस का इतिहास और इसे मनाए जाने के उद्देश्यों पर चर्चा की गई। आम लोगों के विधिक अधिकारों पर भी चर्चा हुई। जिला जज सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। प्राधिकार के सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत समाज के कमजोर वर्गों को निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिये किया गया है। इसके तहत विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिये लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। यह अपने उद्देश्यों पर पूरी तरह से खरा उतरा है। लोक अदालत के माध्यम से आज बड़ी संख्या में समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को न्याय मिल रहा है। लोक अदालत में बहुत बड़ी संख्या में सुलह समझौते के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जा रहा है। लोक अदालत में आने वाले पक्षकार को फीस भी नहीं देनी पड़ती है। मामले का निष्पादन दोनों पक्षों की उपस्थिति में ऑन द स्पॉट कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि भारत के मुख्य न्यायाधीश इसके मुख्य संरक्षक और भारत के सर्वोच्च न्यायालय के द्वितीय वरिष्ठ न्यायाधीश प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष होते हैं। 1995 में पहली बार हुआ था कार्यक्रम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला जज ने बताया कि देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता प्रदान करने के लिये पहली बार 9 नवंबर 1995 में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस की शुरुआत की गई थी। इसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिये उचित, निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता फैलाना था। इसकी शुरूआत होने से नागरिकों को न्याय मिलने में सहूलियत हुई है। आम लोगों में विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। लोग अपने विधि प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करने लगे हैं।

# ओसामा की सभा में हंगामा, समर्थकों ने शख्स को पीटा

♦ शहाबुद्दीन के बेटे ने कहा-RJD कैंडिडेट को माफ कर दीजिए, भीड़ में खड़ा शख्स बोला-बिल्कुल नहीं

निज संवाददाता। गया



बाहुबली नेता रहे दिवंगत शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब राजद में शामिल होने के बाद इन दिनों बिहार उपचुनाव को लेकर लगातार कैंपेनिंग कर रहे हैं। शनिवार को वो बेलागंज विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में RJD प्रत्याशी विश्वनाथ यादव के समर्थन में सभा करने पहुंचे थे। चुनावी सभा में ओसामा ने कहा कि अगर डॉक्टर विश्वनाथ यादव से कोई गलती हुई हो, कोई भूल-चूक हुई हो, कोई कमी रह गई हो, तो उन्हें माफ कर दें। ओसामा की बात सुन भीड़ में मौजूद एक युवक ने आवाज लगाई कि ये माफी के लायक नहीं हैं। हमसे गाली-गलौज की गई है। भीड़ में मौजूद शख्स के बयान के बाद ओसामा के समर्थक भड़क गए। थोड़ी ही देर में समर्थकों ने शख्स को घेर लिया और उसकी पिटाई करने लगे। जनसभा में मौजूद कुछ लोगों ने मार खा रहे शख्स को बचाने की कोशिश की। किसी तरह स्थानीय लोगों ने शख्स को पास की दुकान में पहुंचाया और ओसामा शहाब के समर्थकों से बचाया। इस पूरी घटना का वीडियो अब वायरल हो रहा है। राजद प्रत्याशी डॉक्टर विश्वनाथ सिंह ने इस पूरे मामले पर कहा है कि किसी तरह का हंगामा नहीं हुआ था। इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी पर इशारों में हमला किया।

**‘प्रेम के बाजार में नफरत बेचना चाहते हैं’:** राजद प्रत्याशी डॉक्टर विश्वनाथ ने कहा कि किसी तरह का हंगामा नहीं हुआ था। आप समझिए कि आज कुछ लोग पीला पहनकर घूम रहे हैं, वे विकास की बात करते हैं, जिन्होंने खुद कभी कुछ नहीं किया है, वे हिसाब भी मांगते हैं। राजद प्रत्याशी ने कहा कि उन्हें कुछ नहीं दिखा, तो बेला में कम से कम शांति और सौहार्द तो दिखा होगा। ये लोग बांटना चाहते हैं, प्रेम के बाजार में नफरत बेचना चाहते हैं। राजद प्रत्याशी ने कहा कि बेलागंज विधानसभा पूरा हमारा परिवार है। हम हमेशा से एक होकर रहे हैं और इस प्रकार की अशांति की प्रशंसा नहीं की जा सकती है।

**हाल ही में RJD में शामिल हुए हैं ओसामा शहाब:** पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन के इंतकाल के बाद उनका परिवार लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल से नाराज चल रहा था। मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब इसी साल मई में हुए लोकसभा चुनाव में निर्दलीय ताल ठोंकी थीं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 26 अक्टूबर को आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव की मौजूदगी हिना शहाब ने बेटे ओसामा शहाब के साथ राजद की सदस्यता ली।

**ओसामा ने लंदन से की है पढ़ाई:** ओसामा साहब का जन्म 12 जून 1995 को सीवान में हुआ है। उनकी शुरुआती पढ़ाई घर में हुई, बाद में वह दसवीं की पढ़ाई के लिए दिल्ली चल गए थे। वहां करनल सत्संगी पब्लिक स्कूल में उन्होंने पढ़ाई की थी। इसके बाद उन्होंने GD गोयनका स्कूल नई दिल्ली से 12वीं पास की। ओसामा आगे की पढ़ाई के लिए लंदन चले गए और यहां उन्होंने LLB की पढ़ाई की और फिर वह सीवान लौट आए। उनकी शादी साल 2021 में सीवान के ही जीरादेई के चांदपाली गांव के रहने वाले आफताब आलम की बेटी आयशा से हुई थी।

**2021 में हुई थी ओसामा की शादी:** लंदन से वकालत पढ़कर लौटे ओसामा की शादी सीवान के ही जीरादेई के चांदपाली गांव के रहने वाले आफताब आलम की बेटी आयशा के साथ 2021 में हुई थी। ओसामा की पत्नी आयशा डॉक्टर हैं। उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस (MBBS) की पढ़ाई की है। ओसामा की शादी में तेजस्वी यादव भी शामिल हुए थे।

**अब जानिए कौन हैं राजद प्रत्याशी डॉक्टर विश्वनाथ सिंह?:** राजद प्रत्याशी डॉक्टर विश्वनाथ सिंह बेलागंज विधानसभा सीट से लगातार 35 साल तक विधायक रहे सुरेंद्र यादव के बेटे हैं। सुरेंद्र यादव जहानाबाद से राजद के टिकट पर चुनाव जीतकर सांसद बने हैं। बेलागंज विधानसभा सीट को राजद का गढ़ माना जाता है। साल 1990 से इस विधानसभा सीट पर राजद प्रत्याशी चुनाव जीतते आ रहे हैं।

## वैशाखी से रेस नहीं जीती जाती, बेटे की राजनीति में एंट्री पर आनंद मोहन का बड़ा बयान



निज संवाददाता। गया

बिहार के चर्चित नेता और पूर्व सांसद आनंद मोहन ने शनिवार को गया में एक प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश की चुनावी सरगर्मी पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बिहार में उपचुनाव का माहौल है और जिन चार सीटों पर उपचुनाव कराए जा रहे हैं, उनमें से तीन सीटों पर महागठबंधन, जबकि एक पर एनडीए का कब्जा था। ऐसे में ये उपचुनाव महागठबंधन के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। आनंद मोहन ने कहा कि अगर एनडीए इस उपचुनाव में 50% भी स्कोर कर लेता है, तो भी ये उनके लिए एक सकारात्मक संदेश होगा। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि हार या जीत से सरकार में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन उपचुनाव के नतीजे बिहार की राजनीति की दिशा और दशा जरूर तय करेंगे।


**बोले- पत्नी और बेटे भी रविवार से संभालेंगे चुनावी मोर्चा:** आनंद मोहन ने बताया कि एनडीए के आमंत्रण पर वे गया जिले में दो दिनों तक रहेंगे और जरूरत पड़ी तो अन्य जगहों पर भी जाएंगे। उन्होंने ये भी बताया कि उनकी पत्नी लवली आनंद और बेटे चेतन आनंद भी रविवार से गया जिले में चुनावी मोर्चा संभालेंगे। आनंद मोहन, बेलागंज से एनडीए प्रत्याशी मनोरमा देवी और इमामगंज से एनडीए प्रत्याशी दीपा मांझी के समर्थन में जनता से वोट अपील कर रहे हैं। प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने गया में महाराणा प्रताप की प्रतिमा से जुड़ी जमीन के मसले को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक ले जाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर, जमीन सर्वे और शराब पर चर्चा की। आनंद मोहन का कहना है कि इन सभी मुद्दों की समीक्षा होनी चाहिए क्योंकि ये समाज और राजनीति को खासा प्रभावित कर रहे हैं।

**बिहार में तीसरे विकल्प के सवाल पर क्या बोले आनंद मोहन?:** तीसरे विकल्प के सवाल पर आनंद मोहन ने स्पष्ट किया कि जन सुराज का जनाधार अन्य नेताओं जैसे उपेंद्र कुशवाहा, पप्पू यादव, नागमणि और असदुद्दीन ओवैसी के मुकाबले बहुत ही कम है। इन लोगों का जितना आधार है, उसका 10वां अंश भी जन सुराज के पास नहीं है। साथ ही में उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जन सुराज जिस तरीके से पैसे खर्च कर रहा है, ये एक बड़ा सवाल बनकर उभर रहा है।

**पप्पू यादव को धमकी मामले पर क्या बोले आनंद मोहन?:** पप्पू यादव को मिली धमकी पर आनंद मोहन ने किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि गृह मंत्रालय की अनुमति पर 24 घंटे में नेटवर्क खत्म करने का बयान हजम नहीं होता है।

## कल से एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप का शुभारंभ, राजगीर में होगी प्रतियोगिता

निज संवाददाता। नालंदा




राजगीर में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी कल से होने जा रही है। राजगीर खेल अकादमी में एक प्रेस वार्ता आयोजित हुई। इसमें भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह और टीम की कप्तान सलिमा टेटे ने एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की। मलेशिया के साथ टीम इंडिया का पहला मुकाबला होगा। कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि यह बिहार के लिए ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने राज्य सरकार की विश्वस्तरीय व्यवस्थाओं की सराहना की। साथ ही बताया कि राजगीर का खेल परिसर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खेल केंद्रों में से एक है। अंतिम मैच में दर्शकों को फ्लडलाइट्स के तहत खेल का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। टीम की कप्तान सलिमा टेटे ने भावुक होते हुए कहा कि “झारखंड के सिमडेगा से बुद्ध की धरती राजगीर तक का सफर मेरे लिए अविश्वसनीय रहा है। एक छोटे से गांव की बेटी का भारतीय हॉकी टीम की कप्तानी तक पहुंचना देश की युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

**11 नवंबर से शुरू हो रही है प्रतियोगिता:** प्रतियोगिता 11 नवंबर से शुरू हो रही है। इसमें भारतीय टीम का पहला मुकाबला मलेशिया से होगा। टीम के तकनीकी पक्ष को लेकर कोच हरेंद्र सिंह ने पूरा भरोसा जताया और कहा कि खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की है।

कप्तान ने बताया कि सभी तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की गई है। किसी भी तरह की कमी नहीं रहने दी जाएगी। प्रत्येक खिलाड़ी अपना पूरा एफर्ट लगाएंगे। यह टूर्नामेंट न केवल भारतीय महिला हॉकी के लिए बल्कि बिहार के खेल इतिहास में भी एक नया अध्याय जोड़ने जा रहा है।

**एशियाई चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतने का है मकसद:** राजगीर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारतीय टीम का लक्ष्य स्पष्ट है।

## गया सांसद जीतन राम मांझी क्लस्टर आउटरीच कार्यक्रम में जुड़े, MSME को बढ़ावा देने के लिए बेंगलुरु में आयोजन

निज संवाददाता। गया



गया के डीएम आफिस के सभागार में कर्नाटक के बेंगलुरु में एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष क्लस्टर आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गया सांसद जीतन राम मांझी और केंद्रीय वित्त मंत्री ने हिस्सा लिया। एमएसएमई मंत्री ने इस कार्यक्रम में सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की। ताकि इस क्षेत्र से जुड़े लाभ और अवसर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकें। कार्यक्रम में विशेष रूप से इंटरप्रेन्योर के लिए बैंकिंग सेक्टर में तेजी से वित्तीय सहायता की सुविधा पर विचार किया गया। जीतन राम मांझी ने इस दौरान बताया कि बड़ी संख्या में महिलाओं को नकद पुरस्कार देकर उनके योगदान को सराहा गया। यह कदम एमएसएमई क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को प्रोत्साहित करने और उनकी हिस्सेदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है। इसके अलावा बैंकों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अधिक से अधिक इंटरप्रेन्योर को फाइनेंस प्रदान करें। इस लक्ष्य को पाने के लिए विशेष रणनीति बनाई जा रही है। जिससे देशभर के छोटे उद्योगों को लाभ मिल सके। सांसद मांझी ने बताया कि वित्त मंत्री ने उत्तरी भारत में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूती देने का आश्वासन दिया है। इसके तहत नीतियां और योजनाएं बनाई जाएंगी ताकि इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ें और स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को प्रोत्साहन मिले। वित्त मंत्री ने आगामी दिनों में बिहार के गया दौरे का संकेत भी दिया है। उनके इस दौरे से क्षेत्रीय उद्यमियों को बेहतर समर्थन मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे स्थानीय एमएसएमई को नई दिशा और गति मिल सके।

## 18 की हुई तो प्रेमी से शादी करने पहुंची, इनकार पर खुद को लगाई आग, हाथ पर बॉयफ्रेंड के नाम और फोटो वाला टैटू

निज संवाददाता। गया

गया में 18 साल की होने पर एक लड़की अपने प्रेमी के पास शादी करने पहुंच गई। वहां विवाद होने के बाद लड़की ने सुसाइड करने की कोशिश में खुद को आग लगा ली। घटना के बाद आसपास के लोगों ने किसी तरह से आग बुझाई। वो बुरी तरह से झुलस गई है, और मगध मेडिकल कॉलेज में उसका इलाज चल रहा है। दरअसल, शुक्रवार को वजीरगंज की रहनेवाली डॉली 18 साल की हुई। जिसके बाद वो अपने प्रेमी सौरभ से मिलने गई। जहां दोनों में किसी बात को लेकर बहस हुई। इस बीच सौरभ के घरवालों ने उसे थप्पड़ मारे, उसका मोबाइल भी छीन लिया और उसे घर से धक्का देकर भगा दिया। इससे दुखी होकर लड़की चुपचाप घर लौट आई। अगले दिन वह फिर प्रेमी की दुकान पर आई। साथ में एक बोतल में पेट्रोल लाई थी, जिसे छिड़ककर लाइटर से खुद को आग लगा ली। पूरा मामला वजीरगंज बस स्टैंड के पास का है। डॉली और सौरभ के बीच ढाई साल से प्रेम संबंध है। दोनों के परिवार में भी शादी की बात हो चुकी थी। डॉली के हाथ में सौरभ के नाम और उसकी फोटो का टैटू भी है। अपने इंस्टाग्राम आईडी पर उसने कई रील्स शेयर किए हैं, जिसमें वो सौरभ को अपना



पति बता रही है। डॉली कुमारी और सौरभ कुमार का प्रेम प्रसंग था। पिछले साल जब यह मामला थाने पहुंचा तो लड़के और लड़की के परिवारों के बीच शादी को लेकर सहमति बनी थी। उस वक्त ये तय हुआ था कि लड़की की उम्र 18 साल होने के बाद दोनों की शादी कर दी जाएगी। युवती का 8 नवंबर को 18वां जन्मदिन था। वादे के मुताबिक, शादी की उम्मीद में वह शुक्रवार को छठ पूजा के मौके पर अपने प्रेमी के परिवार से मिलने पहुंच गई। जहां, सौरभ और डॉली के बीच बहस होने लगी। विवाद इतना बढ़ा कि प्रेमी के घरवालों ने उसे घर से धक्का देकर भगा दिया।

**सौरभ को पति मान चुकी थी डॉली:** खुद को आग लगाने वाली डॉली का सोशल मीडिया अकाउंट भी सामने आया है। इंस्टाग्राम पर डॉली काफी एक्टिव रहती थी। छठ पूजा से पहले उसने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें शारदा सिन्हा का गाना ‘ससुर पिता है... पति देवता है’ बज रहा है। वीडियो में कुछ फोटोज भी हैं, जिसमें डॉली सिंदूर लगाए दिख रही है। कहा जाता है कि दोनों परिवार के शादी के लिए राजी होने के बाद से डॉली अपने प्रेमी सौरभ को अपना पति मानने लगी थी और उसके नाम का सिंदूर भी लगाने लगी थी।

## बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में बड़ा बदलाव



निज संवाददाता। नालंदा

पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के मैच समय में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। एशियन हॉकी फेडरेशन और हॉकी इंडिया ने संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया है। इस कदम का मुख्य कारण शाम के समय फ्लड लाइट्स के कारण आकर्षित होने वाले कीट-पतंगों की समस्या को नियंत्रित करना है।

**नई समय-सारणी का विवरण:** नई व्यवस्था के अनुसार पहला मैच: दोपहर 12:15 बजे (IST), दूसरा मैच: दोपहर 2:30 बजे (IST), तीसरा मैच: शाम 4:45 बजे (IST) यह बदलाव पूर्व निर्धारित समय से काफी भिन्न है, जहां मैच शाम 3:00, 5:15 और 7:30 बजे आयोजित किए जाने वाले थे। हालांकि समस्या का कारण और समाधान यह है कि राजगीर स्टेडियम के चारों ओर स्थित धान के खेतों की वजह से कीटों की संख्या में वृद्धि देखी गई। बिहार सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। जिसमें उन्नत ड्रोन तकनीक का उपयोग, व्यापक फ्यूमिगेशन प्रक्रिया और सात विभिन्न प्रकार के रसायनों का प्रयोग, जिनमें सैफेनोथ्रिन, डेल्टामेथ्रिन और साईफ्लूथ्रिन शामिल हैं।

**टूर्नामेंट को यादगार बनाने की कोशिश:** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने इस संबंध में कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता खिलाड़ियों और दर्शकों की सुरक्षा है। राजगीर में पहली बार इतने बड़े स्तर का टूर्नामेंट हो रहा है, और हम चाहते हैं कि यह आयोजन सभी के लिए यादगार बने। बता दें कि यह टूर्नामेंट बिहार के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। राज्य सरकार की भागीदारी और हॉकी इंडिया के प्रयासों से यह आयोजन भारतीय हॉकी के विकास में एक नया अध्याय जोड़ने की ओर अग्रसर है। समय में किया गया यह बदलाव खेल की गुणवत्ता और खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन से न केवल बिहार में हॉकी को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि भविष्य में अन्य अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स की मेजबानी के लिए भी एक मजबूत आधार तैयार होगा।

## 5.50 लाख के गहने समेत नकद रूपए की चोरी, हिलसा विधायक आवास के बगल की घटना, छठ पर्व में पैतृक गांव गया था परिवार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत कौटिल्य नगर मोहल्ले में चोरों ने करीब 5.50 लाख रुपए के आभूषण और 5 हजार नगद रुपए चुरा लिया। मामला का खुलासा शनिवार को हुआ। चोरों ने वारदात को अंजाम हिलसा विधायक के आवास के पास दिया है। घटना सकरौढा गांव निवासी श्रवण कुमार के कौटिल्य नगर मोहल्ले वाले घर की है। जहां चोरों ने स्टोरबेल, बक्सा और दीवान पलंग को तोड़कर सोने-चांदी के गहने समेत नकद की चोरी की। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है। हालांकि की लोग मामले को लेकर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं।

**छठ पर्व में पैतृक गांव गया था परिवार:** पीड़ित श्रवण कुमार ने बताया कि वह छठ पर्व को लेकर अपने पैतृक गांव नगरनौसा थाना क्षेत्र के सकरौढा गांव गए हुए थे। शनिवार को जब वह छठ पर्व मना कर वापस हिलसा लौटे और अपने घर का मुख्य गेट का ताला खोला जैसे ही अंदर घर में प्रवेश किया तो देखा कि सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है। स्टोरबेल, बक्सा और दीवान पलंग को तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात की चोरी कर ली गई है। घर के पीछे खिड़की को तोड़कर अज्ञात बदमाशों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। करीब 5.50 लाख रुपए के आभूषण एवं 5 हजार नगद रुपए गायब है। पत्नी और बहू के जेवरात घर में रखे हुए थे। बताया कि बेटा आरा में बैंक मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी पत्नी भी सरकारी नर्स हैं। पूरा परिवार घर में ताला लगाकर गांव गया हुआ था।

**विधायक आवास के बगल में हुई चोरी:** बता दें कि धनतेरस की रात हिलसा थाना क्षेत्र के योगीपुर में आभूषण कारोबारी के घर भीषण डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया ने बेतुका बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि सुनसान जगह पर मकान बनाने से ऐसी वारदात होती है। अब उनके घर के बगल में ही चोरी की घटना हुई है। हालांकि डकैती मामले का पुलिस अब तक उद्भेदन नहीं कर सकी है। एक दिन पूर्व ही हिलसा के शिव नगर मोहल्ले में रिटायर्ड नर्स के घर में चोरी की घटना हो चुकी है। वहीं, पिछले एक सप्ताह में हिलसा शहर में डकैती और चोरी की 3 घटनाएं घट चुकी है। स्थानीय लोग पुलिस की चौकसी पर अब सवाल खड़ा करने लगे है। रात्रि गस्ती में डंडी मारी का भी आरोप बाजार वासी और मोहल्ले के लोग लगा रहे हैं।

जिला स्थापना दिवस समारोह 2024 : पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने आयोजन का किया उद्घाटन

# मिनी मैराथन में तीन प्रतिभागियों को मिलेगी नगद राशि, अधिकारियों ने भी लिया हिस्सा

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



सासाराम। रोहतास जिला स्थापना दिवस समारोह 2024 के अवसर पर दूसरे दिन मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 500 (पांच सौ) प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मिनी मैराथन एस०पी० जैन कॉलेज सासाराम से प्रारंभ होकर रौजा का चक्कर लगाते हुए प्रभारक मोड़ होकर न्यू स्टेडियम, फजलगंज, सासाराम में समाप्त हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पुलिस अधिक्षक, रोहतास रौशन कुमार द्वारा किया गया। उनके साथ श्री चन्द्रषेखर प्रसाद सिंह, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी, रोहतास, उप विकास आयुक्त, रोहतास, श्री राम बाबू, जिला परिवहन पदाधिकारी, रोहतास, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रोहतास, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, रोहतास, श्री अभिशेक कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी-सह-विषेश कार्य पदाधिकारी, रोहतास, श्री मदन राय, जिला षिक्षा पदाधिकारी, रोहतास, श्री आषुतोश रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम, जिला सहकारिता पदाधिकारी, रोहतास, श्री ओम प्रकाष लाल, वरीय उप समाहृत्ता, रोहतास, श्री विनय प्रताप, वरीय उप समाहर्ता-सह-उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, रोहतास, श्री पंकज कुमार, कला संस्कृति एवं युवा पदाधिकारी, रोहतास एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक, रोहतास के ने एस०पी० जैन कॉलेज के खेल मैदान से सभी प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखा रवाना किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग से प्रथम स्थान विकास कुमार राय, द्वितीय महेन्द्र कुमार तथा तृतीय स्थान पर अरबाज अंसारी ने प्राप्त किया। बाकी सफल 22 अभ्यर्थी को भी जिला प्रशासन के तरफ से मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा, जिनके नाम है।4. रितिक रौषन कुमार 5. प्रिंष राज 6. विकास पाल 7. इन्दल कुमार 8. अमर कुमार 9. विवेक कुमार 10. अमन कुमार 11. रोहित कुमार 12. बिट्टू कुमार 13. राहुल कुमार 14. रितीक रौषन 15. विषाल कुमार 16. मनीश कुमार 17. अमित कुमार सिंह 18. कुन्दन पासवान 19. रौषन कुमार 20. दिवाकर षर्मा 21. प्रसिद्ध कुमार 22. विकास कुमार यादव 23. धनजीत कुमार 24. रणधीर कुमार है। बालक वर्ग में नंबर 07 के धावक अपना नाम इन्ट्री कराने नहीं पहूंचे।बालिका वर्ग में प्रथम इन्द्राणी कुमारी, द्वितीय सुमन कुमारी तथा तृतीय स्थान पर संतोशी कुमारी रही। इनके साथ-साथ और 22 प्रतिभागी सफल हुवे। जिनका नाम 4. सुमन कुमारी 5. खुषी कुमारी 6. कृति कुमारी 7. दिव्या कुमारी 8. छोटी कुमारी 9. रेखा कुमारी 10. संजु कुमारी 11. तलत जहां 12. अनुश्का कुमारी 13. नेहा कुमारी 14. निषा कुमारी 15. निधी कुमारी 16. पुजा कुमारी 17. अंजली कुमारी 18. खुषनुमा प्रवीन 19. राधा कुमारी 20. चांदनी कुमारी 21. पिंकी कुमारी 22. सरस्वती कुमारी 23 अंजु कुमारी 24. विजया लक्ष्मी सफल रही। बालिका वर्ग में नबर 20 की धावक अपना नाम इन्ट्री कराने नहीं पहुंची।

साथ ही इस मिनी मैराथ में पुलिस अधीक्षक, रोहतास के द्वारा भी हिस्सा लिया गया तथा इसे पुरा भी किया गया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों में श्री सूर्य प्रताप, अनुमंडल पदाधिकारी, डिहरी, श्री कोटक किरण कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक, रोहतास, श्री राम बाबू, जिला परिवहन पदाधिकारी, रोहतास, श्री विनय प्रताप, वरीय उप समाहृत्ता-सह-उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, रोहतास, श्री अमित कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिशद्, नोखा ने भी इस दौड़ को पुरा किया।उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, रोहतास के कार्यालय से सुश्री सोनी कुमारी, श्री प्रभात पाठक, श्री शशि प्रताप सिंह, श्री निषांत कुमार, मो० महताब आलम, श्री सत्य प्रकाष सोनकर, श्री धर्मेन्द्र कुमार यादव, श्री टुन्नु कुमार, श्री राजु कुमार, श्री नवल किषोर के साथ शरीरी शिक्षकों के द्वारा भी इस दौड़ को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया गया।जिसमें श्री नरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, श्री वरूण कुमार सिंह, श्री मनोज कुमार, श्री अमित कुमार, श्री प्रेम प्रकाष कुमार, श्री उज्जवल कुमार, श्री करण कुमार, श्री षषि रंजन, सुश्री पुजा कुमारी, श्रीमती प्रियंका कुमारी, विकास तिवारी, श्री षम्भु राय, श्री जयषंकर कुमार, श्री सुधीर कुमार, श्री देवेन्द्र कुमार, श्री पवन कुमार, श्री सुनील चंद्रवंषी, श्री नरेन्द्र कुमार यादव के साथ अन्य खिलाड़ी ने भी अपना बहुमुल्य योगदान दिया।मैराथन में प्रथम तीन प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाना है। प्रथम पुरस्कार के रूप में नगद राशि 5000, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 3000, तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 2000 एवं अन्य सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा।जबकि सांध्य समय मल्टीपरपज हॉल में मुशायरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

करगहर में 'नमस्ते बिहार' कार्यक्रम में पहुंचे आईजी

# आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने साझा की बिहार के विकास की योजना

निज संवाददाता | करहगर (रोहतास)



लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के तहत रविवार को करगहर शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित 'नमस्ते बिहार' कार्यक्रम में बिहार के चर्चित आईपीएस विकास वैभव ने पहुंचें। कार्यक्रम से पहले करगहर बाजार में भाकपा के पूर्व प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद गुप्ता और उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वहीं आम जनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनसंवाद से ही बिहार की दशा और दिशा को बदला जा सकता है। बिहार के विकास और व्यवस्था में परिवर्तन के लिए जनसंवाद को सबसे प्रभावी साधन मानते हुए वैभव ने अपने पुलिसिंग अनुभव साझा किए। इसी जनसंवाद से बाल्मीकि नगर जैसे क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया। वैभव ने बिहारी शब्द को सम्मान दिलाने का संकल्प जताते हुए कहा कि कई जगहों पर बिहारी शब्द का अपमान होते देखा है, जिसे बदलना उनका मिशन है। उन्होंने अपनी पोस्टिंग के दौरान रोहतास और बगहा में उग्रवादियों और नक्सलियों से जनसंवाद स्थापित कर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ा, जिससे क्षेत्र में शांति और विकास का माहौल बना। सोन महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर रोहतासगढ़ किला पर तिरंगा लहराने तक के अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि यह सब जनसंवाद के माध्यम से ही संभव हो पाया।

विकास वैभव ने 2045 तक बिहार को विकसित राज्य बनाने की अपनी योजना साझा करते हुए कहा कि उन्हें ऐसा बिहार बनाना है कि कोई रोजगार के लिए बिहार से बाहर न जाए। सासाराम में 1 दिसंबर को बड़े कार्यक्रम की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और बिहार को बदलते देखना है। उन्होंने कहा कि 'जब हम स्वयं बदलेंगे, तभी बिहार बदलेगा।' कार्यक्रम के दौरान बिहार अन्य वक्ताओं ने भी बिहार के विकास पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन सुरेंद्र तिवारी ने किया। मौके पर पुर्व जिला पार्षद सदस्य शकील अहमद, पैक्स अध्यक्ष अवध बिहारी राय,भाकपा नेता महेन्द्र प्रसाद गुप्ता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुशील मिश्र, पुर्व मुखिया विनोद सिंह, गोपाल पाण्डेय, प्रखर वक्ता धन्नंजय पांडेय उर्फ टाईगर बाबा, जगनारायाण गुप्ता, फेंकू सेठ, दीपक रंजन वर्मा, जितेंद्र कुमार बैठा, अनुपम पाठक, श्रीमन्नारायण सिंह, सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# टेंपो हटाने के विवाद में गोलीबारी, अधेड़ व्यक्ति घायल, पुलिस कार्रवाई में जुटी

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

शहर के गौरक्षणी मोहल्ले में रविवार की दोपहर एक टेंपो हटाने के विवाद में टेंपो चालक ने एक अधेड़ व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद घायल व्यक्ति को तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना ने क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए पीड़ित संतोष कुमार सिंह ने बताया कि उनका घर एक संकरी गली में स्थित है, जहां अक्सर टेंपो चालक अपनी गाड़ी खड़ी कर देते हैं। रविवार को भी जब वे उस टेंपो को हटाने के लिए चालक से अनुरोध कर रहे थे, तो दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। विवाद इतना बढ़ा कि गाली-गलौज के बाद टेंपो चालक संतोष यादव ने बिना कोई चेतावनी दिए उन पर गोली चला दी। गोली संतोष कुमार सिंह के पैर में लगी, जिससे वे घायल हो गए। गोली लगने के बाद पीड़ित को काफी दर्द हुआ, लेकिन स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार, उनकी स्थिति स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। घटना के बारे में नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि पुलिस को गोलीबारी की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर भेजा गया था, और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित का बयान लिया है।

उन्होंने कहा कि पीड़ित संतोष कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि टेंपो हटाने के दौरान चालक ने उन पर गोली चलाई, जिससे उनकी जान को खतरा हो सकता था। नगर थाना क्षेत्र में इस प्रकार की घटना को लेकर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी टेंपो चालक की पहचान संतोष यादव के रूप में हुई है, और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा, और मामले की जांच तेजी से की जा रही है। पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई के बावजूद इलाके में इस घटना को लेकर भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोग इस तरह की घटना की कड़ी निंदा कर रहे हैं और जल्द से जल्द आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं, पीड़ित के परिजनों का कहना है कि अगर समय पर पुलिस कार्रवाई होती तो आरोपी को गिरफ्तार किया जा सकता था, लेकिन अभी भी आरोपी फरार है और पुलिस उसे पकड़ने की पूरी कोशिश कर रही है। इस घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस द्वारा क्षेत्र में गश्त भी तेज कर दी गई है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने भी प्रदर्शन की योजना बनाई है।

## झलखोरिया में काली पूजन के साथ भंडारे का आयोजन

दावथ (रोहतास) (नि.सं.)। दावथ प्रखंड के झलखोरिया गांव में काली पूजा के अवसर पर मां काली के भक्तों ने पूरी श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ मां काली की पूजा अर्चना की। मां काली मंदिर में बड़ी संख्या में पहुचें श्रद्धालुओं ने सुबह से देर शाम तक माता की पूजा अर्चना की। माता के भक्तों ने माता की पूजा अर्चना में लीन हो गये। पंडित मुकेश कुमार दुबे ने वैदिक मंत्रों के साथ मां काली एवं पवनपुत्र हनुमान जी की पूजा अर्चना करवाया। जिसके के मुख्य यजमान अरविन्द कुमार सिंह सिंह थे। बताते चले कि नव निर्मित मंदिर का निर्माण झलखोरिया निवासी कर्ण वीर दानी आनंद कुमार सिंह सिंह एवं समस्त ग्रामीण जनता के सहयोग से करवाया गया है। जिसमें मां काली के साथ पवन पुत्र हनुमान जी की भी प्रतिमा स्थापित की गई है। वही पूजा अर्चना हवन के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। मौके आनंद कुमार सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, अरुण सिंह मुन्ना सिंह, विनय सिंह, अमित सिंह, पुनीत सिंह, अजय सिंह, गन्नू सिंह, अंशु,गोलू, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# महिलाओं ने भगवान विष्णु के प्रतीक आंवला के पेड़ की पूजा कर की सुख और समृद्धि की कामना



निज संवाददाता | संझौली (रोहतास)

संझौली प्रखंड में रविवार को अक्षय नवमी का पर्व बड़े धूमधाम और श्रद्धा भाव से मनाया गया। यह पर्व खासकर महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो भगवान विष्णु के प्रिय आंवला वृक्ष की पूजा करके परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। सुबह से ही महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था, और उन्होंने गंगा स्नान के बाद आंवला के पेड़ के नीचे पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद उन्होंने परिवार के कल्याण और समृद्धि के लिए दान-पुण्य भी किया, साथ ही ब्राह्मणों को भोजन भी कराया। अक्षय नवमी के दिन आंवला के पेड़ की पूजा के महत्व को लेकर प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने आंवला के वृक्ष में धागा बांधकर व्रत पूरा किया। पूजा में सुहाग के सामान, फल और फूल चढ़ाए गए, ताकि जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। यह दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त करने के लिए बहुत शुभ माना जाता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आंवला वृक्ष की उत्पत्ति हुई थी। यह विष्णु भगवान और माता लक्ष्मी का प्रिय वृक्ष है, और इसलिए इस दिन आंवला की पूजा से त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु, महेश के साथ ही माता लक्ष्मी की अपार कृपा प्राप्त होती है। पूजा के दौरान महिलाएं आंवला के पेड़ के नीचे व्रत करती हैं और दान-पुण्य के कार्य करती हैं, जिससे अक्षय आयु और निरोग काया की प्राप्ति होती है। अक्षय नवमी के इस पर्व के महत्व पर चर्चा करते हुए मदन मुरारी मिश्र ने बताया कि इस दिन आंवला वृक्ष की पूजा से जीवन में निरंतरता और अक्षय सुख की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि इस दिन पूजा और दान-पुण्य से व्यक्ति को निरोगी काया और लंबी उम्र मिलती है। यह दिन किसी भी प्रकार के मानसिक और शारीरिक कष्ट से मुक्ति पाने के लिए सर्वोत्तम होता है। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न गांवों में महिलाएं एकजुट होकर इस धार्मिक अवसर का लाभ उठाने के लिए पूजा-अर्चना में भाग ले रही थीं। आंवला वृक्ष की पूजा के साथ-साथ इस दिन को समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक भावना को बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है।

## अक्षय नवमी पर्व पर महिलाओं ने की आवंला के पेड़ की पूजा

निज संवाददाता | दावथ/संझौली (रोहतास)

पवित्र माह कार्तिक में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के द्वारा आज अक्षय नवमी के अवसर पर आंवला वृक्ष की पूजा की गई तथा वृक्ष के नीचे प्रसाद बनाकर वितरित किया गया। ऐसा कहा जाता है कि भगवान श्री कृष्ण दामोदर को सहज रूप में पाने के लिए यह महीना महत्वपूर्ण माना जाता है और इस समय भगवान अआंवले के वृक्ष में उपस्थित होते हैं। इसीलिए कार्तिक मास में पूरे महीने आंवला वृक्ष की पूजा की जाती है और इस पूजा की पूर्णता पर आंवला वृक्ष के नीचे अक्षय नवमी एवं पूर्णिमा के दिन अलग-अलग प्रकार के व्यंजन बनाकर श्रद्धालु प्रसाद स्वरूप ग्रहण करते हैं।

# नासरीगंज से जिला मुख्यालय तक दस सूत्री मांगों को लेकर निकला भूमिहीन गरीब न्याय यात्रा

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)




अनुमंडल अंतर्गत नासरीगंज से सुबह 10 बजे से 10 संकल्प मांगो को लेकर भूमिहीन गरीब न्याय यात्रा शुरू किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे विशाल कुमार कुशवाहा ने कहा की रोहतास जिला को बने हुए 52 साल बीत गए अरबों रुपया जिले के गट्टी बालू खनन से पटना राजस्व को गया। लेकिन जिलेवासी को इसका तनिक भी लाभ नही मिला।बिहार सरकार के लिए रोहतास जिले को केवल दुधारी गाय समझा गया है।विशाल ने कहा की हम सब अपनी हक की लड़ाई के लिए एकजुट होकर पदयात्रा निकाल रहे है।यहां की गरीबों,भूमिहीनों को घर बनाये बिना निर्लज सरकारें कैसे बालू खनन कर लेती है।सरकार भूमिहीनों गरीबों को पक्के की मकान, 5 डिसमिल जमीन तथा रोजगार के लिए 2 लाख रुपया देना सुनिश्चित करें। जिले को सरकारी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो, स्मार्टमीटर वापस लो तथा 200 यूनिट बिजली मुफ्त करों. किसानो की कर्ज माफ करों, नोखा विधानसभा अन्तर्गत नासरीगंज महादेवा खिरियाओ पथ का निर्माण, नासरीगंज घुस, दयालगंज तथा श्रीखंडा का लख का पुल निर्माण, जिला में उद्योग तथा नया रेलवे लाइन बिछाने आदि मांगो को लेकर आज नासरीगंज भगत सिंह वाचनालय से जिला मुख्यालय सासाराम तक पैदल मार्च का आयोजन किया गया है।जो यात्रा नासरीगंज से नोखा होते हुए सोमवार को जिला मुख्यालय तक पहुंचेगी।इस यात्रा का उद्देश्य जिला के पिछड़ेपन को दूर कर जिलावासियों तक न्याय पहुंचना है एवं संघर्ष कैसे लड़ाई को पटना और दिल्ली तक पहुंचाना है। इस भूमिहीन गरीब न्याय यात्रा में मुख्य रूप से पदयात्री रहे जेपी सेनानी वासिष्ठ सिंह, राहुल कुमार, धनजी यादव, महमूद आलम, जितेश कुमार, पारस नाथ चौधरी, रविकांत कुशवाहा, धर्मेंद्र यादव प्रतिनिधि पूर्व प्रमुख, अशोक सिंह, सिमा देवी, सोनू गुप्ता, संगीता देवी, मंगरी देवी, नन्दलाल राम, शंकर सिंह, डॉ अमन कुमार, उर्मिला देवी आदि शामिल है।

## मृतक आकाश के न्याय दिलाने को ले नवयुवकों ने निकला कैंडल मार्च

बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)। अनुमंडल क्षेत्र के नगर परिषद के अंतर्गत तेंदूनी के रहने वाले अशोक प्रसाद के पुत्र आकाश की मृत्यु के तीन महीने पूरा होने के बाद भी अभी तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है और न ही हत्या के कारणों का पता लगाया जा सका है। ऐसा कहना है आकाश के परिजनों एवं समर्थकों का। परिजनों का यह आरोप है कि आकाश की मृत्यु अपराधियों के द्वारा की गई है। जिसकी गहन जांच होनी चाहिए।

# वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

निज संवाददाता | काराकाट (रोहतास)

बिक्रमगंज-डेहरी राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120 पर गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की जान चली गई। घटना के वक्त युवक अपने रिश्तेदार के घर जोरावरपुरा गांव से इतिम्हा बाजार की ओर पैदल जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक सड़क किनारे ही पैदल चल रहा था, लेकिन ट्रक की गति इतनी तेज थी कि वह खुद को बचा नहीं सका। मृतक की पहचान भोजपुर जिले के खूठहा मुफ्ती गांव के चंद्रभूषण प्रसाद (पिता स्व. अयोध्या लाल) के रूप में हुई है। हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया, जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और मुख्य सड़क को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना अध्यक्ष फूलदेव चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है और फरार चालक को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। थाना अध्यक्ष ने ग्रामीणों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन समाचार लिखे जाने तक जाम को हटाया नहीं जा सका था। सड़क दुर्घटना में लगातार बढ़ रही मौतों के कारण स्थानीय लोग आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि इस मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कोई ठोस उपाय नहीं किए गए हैं।

# बकायेदार सभी उपभोक्ताओं के विच्छेद किये जायेंगे विद्युत का कनेक्शन

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

बिक्रमगंज विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिलों का भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। विभाग ने बिजली कनेक्शन काटने के लिए विशेष अभियान चलाया है, जिससे बकायेदार उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि विभाग ने यह कदम राजस्व लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से उठाया है, ताकि वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले अधिकतम बकाया राशि वसूली जा सके। बिजली विभाग के कर्मी और अधिकारी लगातार उन उपभोक्ताओं के परिसरों में जा रहे हैं, जिन्होंने अपने बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है। विभाग के कर्मचारी उपभोक्ताओं को उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। अगर उपभोक्ता निर्धारित समय तक बिल जमा नहीं करते हैं, तो उनके विद्युत कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिए जा रहे हैं। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यह मुहिम नियमित रूप से चलती रहेगी, और जिन लोगों का बकाया अधिक होगा, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होगी। सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने जानकारी दी कि उन उपभोक्ताओं के लिए आसान किस्तों में भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जो एकमुश्त राशि जमा करने में असमर्थ हैं। उपभोक्ता अगर चाहें तो बिक्रमगंज के विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय में संपर्क कर किस्तीकरण की सुविधा ले सकते हैं। यह सुविधा उनके लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जिनके ऊपर बड़ी राशि का बकाया है और एक बार में पूरी राशि का भुगतान करना कठिन है। विभाग ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं, उन्हें पुनः कनेक्शन बहाली के लिए रिकनेक्शन शुल्क जमा करना होगा। सिंगल फेज उपभोक्ताओं के लिए यह शुल्क 118 रुपये, तीन फेज उपभोक्ताओं के लिए 236 रुपये और एलटीआईएस (छोटे उद्योगों) के लिए 1062 रुपये निर्धारित किया गया है। यह शुल्क भुगतान के बाद ही उनका कनेक्शन पुनः जोड़ा जाएगा। बिजली कनेक्शन कटने के बाद भी अगर कोई उपभोक्ता बिना भुगतान किए बिजली का उपभोग करता पाया गया तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत ऐसे उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और उन्हें जुर्माना एवं कानूनी सजा का भी सामना करना पड़ सकता है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ता अपने कनेक्शन को कानूनी तरीके से बहाल कर सकते हैं, परंतु अनधिकृत रूप से बिजली का उपभोग करने पर विभाग को कार्रवाई का अधिकार है। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बकाया बिल का भुगतान समय पर करें ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं को समय पर बिल भुगतान के प्रति जागरूक करना है और विभाग के राजस्व को सुनिश्चित करना है।

# जिलाधिकारी के पारित आदेश पर सात महीने के बाद भी कर्रवाई नदारद

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

सूबे की सरकार ने कार्यपालिका की शिथिलता और फरियादियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर वाद विवादों की सुनवाई एवं त्वरित गति से उसके निपटारे के लिए अनुमंडल वो जिला स्तर पर लोक शिकायत निवारण केंद्र की स्थापना किया गया। ताकि विभिन्न सरकारी कार्यालयों में महीनों से लटकने वाले शिकायती आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन हो सके और लोगों को न्याय मिल सके।इसमें सुनवाई के लिए डीएम तक अपील का प्रावधान सुनिश्चित किया गया। लेकिन इस समय यह विभाग अपने कामकाजों के सिलसिले में सरकार वो फरियादियों के उम्मीदों पर खरा नहीं उतर रहा है।या अपने पारित आदेश का अधीनस्थ अधिकारी से अनुपालन कराने में पूरी तरह से अक्षम साबित होते जा रहा है। जिससे न्याय पाने की दरकार लिए लोग दर दर की ठाकरे खाने को विवश नजर आने लगे है। जिले के बिक्रमगंज अंचल से जुड़े एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है। जहां डीएम रोहतास द्वारा पारित आदेशों का अनुपालन सात माह बीतने के उपरांत भी अबतक करवाई नदारद है। जबकि इस मामले में फरियादी ने दो बार डीएम से मुलाकात कर लिखित शिकायत कर मामले से अवगत कराया गया है। उल्लेखनीय है कि फरियादी के करीब दो कट्ठा निज भूमि पर रास्ता कायम करने के उद्देश्य से अतिक्रमणकारियों ने एक षड्यंत्र और साजिश के तहत पंचायती राज व्यवस्था के जरिए उक्त भूमि पर पीसीसी ढलाई करवा दिया गया। जिसकी लिखित शिकायत अंचल के बीडीओ और सीओ को दिया गया। जिसमें भूमि का मुआवजा या अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार की गई थी। लेकिन करवाई नहीं होते देख फरियादी ने मामले को अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी बिक्रमगंज के यहां चुनौती देते हुए अपील दायर किया। जिसका अनन्य संख्या 532110113072044476/2A है। फिर प्रथम अपीलीय प्राधिकारी जिला लोक शिकायत निवारण सह अपर समाहर्ता रोहतास के यहां अपील दायर की गई।तत्पश्चात द्वितीय अपीलीय प्राधिकार सह जिलाधिकारी रोहतास के यहां चुनौती देते हुए अपील दायर की गई।तत्कालीन डीएम नवीन कुमार ने मामले की सुनवाई करते हुए अप्रैल 024 में जिला पंचायती राज पदाधिकारी को उक्त भूमि का मापी कराकर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश जारी किया गया। लेकिन पारित आदेश के मामले में निरंतर अधिकारियों द्वारा शिथिलता और मनमानीपूर्ण रवैया को देखते हुए डीएम उदिता सिंह को लिखित आवेदन देकर पुनः न्याय की फरियाद किया गया। लेकिन अबतक कोई करवाई नहीं होने से जहां अतिक्रमणकारियों की लगातार हौसला बुलंद होता जा रहा है वहीं फरियादी को लाखों रुपए के आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

## नाला निर्माण को ले लोगों ने उठाई आवाज़

निज संवाददाता | दावथ (रोहतास)

प्रखंड क्षेत्र के दावथ ग्राम में किसानों और ग्रामीणों ने नाला निर्माण को लेकर आवाज बुलंद की है। यह मुद्दा क्षेत्र के किसानों के लिए गंभीर समस्या बन गया है, जो फसलों की ढुलाई और कृषि कार्यों के संचालन में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। ज्ञात हो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत नंद बिहारी सिंह के करहा से मनोज कुमार सिंह के बगीचे तक करहा सफाई का कार्य किया गया था। परंतु नाला निर्माण न होने के कारण सफाई का यह कार्य अधूरा ही रह गया है और यह समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में करहा का पानी मुख्य मार्ग पर फैलता है, जिससे न केवल खेतों में कीचड़ जमा हो जाता है बल्कि कृषि यंत्रों एवं अनाज की ढुलाई में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नाला न होने के कारण पानी सीधे मुख्य रास्ते पर बह जाता है, जिससे कृषि यंत्र और ट्रैक्टर लेकर गुजरना मुश्किल हो जाता है। अक्सर खेतों से अनाज ले जाते समय रास्ते कीचड़ और पानी से भरे होने के कारण किसानों को वापस फसल वाले खेतों में होकर ही जाना पड़ता है। इसके चलते कई बार किसानों और ट्रैक्टर चालकों के बीच नोक-झोंक और झगड़े की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने इस समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि नहर से पश्चिम स्थित यह मार्ग किसानों के लिए फसल ढुलाई का मुख्य साधन है, परंतु नाले का अभाव और जलजमाव ने इस रास्ते को अत्यंत दुर्गम बना दिया है। किसानों के बीच आए दिन विवाद होते रहते हैं, जिससे उनके कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है। सिंह ने मांग की है कि संबंधित विभाग जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करे, ताकि किसानों को बिना किसी रुकावट के फसल ढुलाई में सुविधा मिल सके। दावथ पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह से इस संबंध में जब बात की गई तो उन्होंने किसानों को नाला निर्माण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर इस मुद्दे को प्राथमिकता में रखा गया है और जल्द ही नाले का निर्माण कार्य आरंभ करने का प्रयास किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अलग- अलग सड़क दुर्घटना में 4 घायल

**आरा**। जिले के अलग- अलग थाना क्षेत्रों में शनिवार को सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। घायलों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतन पुर गांव के निवासी उर्मिला देवी, अंकुर कुमार पिता कृष्णा राम और जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर वार्ड नम्बर एक के निवासी कन्हैया यादव है। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वही कन्हैया यादव को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है।

### बक्सर में पैक्स चुनाव को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बक्सर**। बक्सर जिला प्रशासन पैक्स चुनाव के नामांकन से लेकर वोट गिनती करने तक की तैयारी में जुट गई। जिसको लेकर शनिवार की शाम तक जिला समाहरणालय परिसर अवस्थित सभाकक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। बक्सर जिला में पैक्स चुनाव पहले चरण और तीसरे चरण में होने वाला है। पहले चरण के लिए नामांकन 11 नवंबर को तो तीसरे चरण का नामांकन 16 नवंबर को है। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-जिला पदाधिकारी बक्सर अंशुल अग्रवाल सभी निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जानकारी देते हुए बताया गया कि बक्सर जिला अंतर्गत पैक्स निर्वाचन 2024 दो चरणों में सम्पन्न होगा। प्रथम चरण में प्रखंड राजपुर, चौसा, सिमरी, ब्रह्मपुर, चौगाई और चक्की में। वहीं, तीसरा चरण में बक्सर, इटाढी, डुमरांव, केसठ और नावानगर में निर्वाचन निर्धारित है। प्रथम चरण के लिए नामांकन 11 नवंबर से 13 नवंबर और तीसरा चरण के लिए दिनांक 16 नवंबर से 18 नवम्बर तक निर्धारित किया गया है। उसके बाद प्रथम चरण के लिए संवीक्षा 14 नवंबर से 16 नवंबर और तीसरा चरण के लिए 19 नवंबर से 20 नवंबर तक निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण के लिए नाम वापसी और प्रतीक आवंटन दिनांक 19 नवंबर और तीसरा चरण के लिए 22 नवंबर निर्धारित है। प्रथम चरण के लिए मतदान 26 नवंबर को और तीसरा चरण के लिए मतदान 29 नवम्बर को निर्धारित है। मतगणना के लिए मतदान के तुरंत बाद या अगले दिन सुबह 08:00 बजे का समय निर्धारित किया गया है। निदेशक डीआरडीए द्वारा प्रशिक्षण के क्रम में बताया गया कि अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन के लिए प्रपत्र ई2 में पदवार नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा। जिसके साथ शपथ पत्र, अभ्यर्थी का बायोडाटा एवं मतदाता होने की घोषणा संलग्न किया जाएगा। प्रपत्र ई 3 में नाम निर्दिष्ट अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जाएगी। प्रपत्र ई 4 में अभ्यर्थी का वापस ली जाने की सूचना दी जाएगी।



### सोलर लाइट लगाने में कोताही बरतने पर एजेंसी पर होगी कार्रवाई : डीएम

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में सोलर स्ट्रीट लाइट को लेकर समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सोलर स्ट्रीट लाइट के इंस्टॉलेशन की वर्तमान स्थिति और इंस्टॉलेशन में आने वाली समस्या पर विस्तृत चर्चा की। जिले के हर पंचायत में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने वाले एजेंसी के साथ चर्चा की। इस दौरान डीएम ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यह योजना बिहार सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक है। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोलर स्ट्रीट लाइट के इंस्टॉलेशन के लिए तय समय-सीमा के अंदर कार्य पूरा करें, अन्यथा एजेंसी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही एजेंसी को खराब लाइट की निरंतर मरम्मती करने का भी निर्देश दिया। डीएम ने सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को सोलर लाइट की प्रत्येक दो दिनों पर समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला पंचायती राज पदाधिकारी को इसका सतत अनुश्रवण करने का भी निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी डॉ अनुपमा सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के बीडीओ व प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### परिजन ने पुलिस पर लगाया अंकित की हत्या के केस में लापरवाही का आरोप

**आरा**। मृतक अंकित आदित्य के चाचा अनिल कुमार तिवारी ने अंकित आदित्य हत्या कांड का सही ढंग से अनुसंधान नही करने का आरोप पुलिस पर लगाते हुए कांड की सही ढंग से जांच करने, मोबाइल का सीडीआर निकालने और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच करने के लिए आवेदन एसपी को दिया है। आवेदन में अंकित आदित्य के चाचा अनिल कुमार तिवारी ने लिखा है की पुलिस कांड का अनुसंधान करने में लापरवाही कर रही है। 24 अगस्त के रात 8.30 बजे उसका दोस्त घर से बुलाकर ले गया था। 25 अगस्त को दुलहिन गंज घाघा रोड में उसका शव मिला था। घटना के बाद 4 नामजद और 2 अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराया गया था। जिसमें पुलिस द्वारा कुल 4 लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। शेष आरोपी अभी भी फरार है। जिसको पुलिस अभी तक गिरफ्तार नही कर पाई है। जबकि जगदीशपुर थाना के थानाध्यक्ष ने बताया की कांड में शामिल 4 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। कांड का बारीकी से अनुसंधान किया जा रहा है। एक आरोपी नाबालिग है और वह फरार है। पुलिस कई बार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी भी किया है। कांड का सभी एंगल से जांच किया जा रहा है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही है। पुलिस पर मृतक अंकित आदित्य के परिजन द्वारा लगाया जा रहा आरोप गलत है। पुलिस अपना काम सही दिशा में कर रही है।

### तरारी विधानसभा उपचुनाव को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**आरा**। तरारी विधानसभा उपचुनाव के तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक हुई। शनिवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में तरारी विधानसभा उपचुनाव की सामान्य प्रेक्षक की अध्यक्षता में विभिन्न कोषांग से संबंधित की गई कार्यों की जानकारी ली गई। सामान्य प्रेक्षक के द्वारा सीएपीएफ कोषांग द्वारा अर्धसैनिक बलों की तैनाती, एमसीसी/सी-विजिल से शिकायत के निष्पादन की जानकारी, अनुश्रवण व्यय कोषांग से अवैध सामान एवं राशियों की जब्ती, प्रशिक्षण कोषांग से प्रशिक्षण एव सभी कोषांगों से संबंधित किए गए कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। हर बूथ पर मेडिकल टीम को तैनात रखने व एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त डॉ अनुपमा सिंह, नगर आयुक्त निरोज कुमार भगत, अपर समाहर्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी समेत विभिन्न कोषांग के नोडल पदाधिकारी मौजूद थे।



### जनता पर बुलडोजर की तरह वार कर रही डबल इंजन सरकार

**आरा**। भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार में हो रहे उपचुनाव में तरारी समेत सभी 3 सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी। भाजपा लोकसभा सीट हारने के बाद बौखला गयी है। बिहार में डबल इंजन की सरकार जनता पर बिहार में डबल बुलडोजर की तरह वार कर रही है। दीपंकर शनिवार को तरारी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा माले उम्मीदवार राजू यादव के समर्थन में पीरो प्रखंड के हसनबाजार के पशु मेला मैदान में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे।

# सड़क हादसे में जख्मी गार्ड की मौत

**निज संवाददाता। आरा**

आरा के मोहनिया मुख्य मार्ग जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुलौर गांव के समीप हुए सड़क दुर्घटना में जख्मी प्राइवेट गार्ड की इलाज के दौरान पटना के निजी अस्पताल में रविवार को मौत हो गई। घटना को लेकर परिवार वालों के बीच अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। इस घटना के बाद परिजनों ने स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी। मृतक धनगाई थाना क्षेत्र के डीहरी गांव निवासी स्वर्गीय श्याम बिहारी राय के 45 वर्षीय पुत्र राम बच्चन राय है। जो जगदीशपुर स्थित डीएवी स्कूल में प्राइवेट गार्ड थे।

**इलाज के दौरान मौत:** इधर मृतक के साला अनिल कुमार राय ने बताया कि दो महीने पहले बंदर के डर से भागने के दौरान हाथ फैक्चर हो गया था। इसके बाद 8 नवंबर दिन शुक्रवार की सुबह अपने अपने DAV स्कूल से साइकिल पर सवार होकर वह दुलौर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में एक्सरसाइज करने के लिए सड़क पार कर रहे थे। तभी एक कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में उनके सिर में गंभीर छोटे आई थी । इसके बाद उन्हें आनन–फानन में इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल अस्पताल ले जाया गया जहां से डॉक्टर ने उन्हें गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया था। उसके बाद हम लोग दानापुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए। जहां इलाज के इलाज के दौरान आज मौत हो गई।



◆ आरा में बंदर के डर से भागने से हाथ फ्रैक्चर हुआ था, एक्सरसाइज कराने जाने के दौरान कार ने मारी ठोकर

## पानी में डूबने से छात्र की मौत

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली गांव में पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई। मृत छात्र मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी शत्रुघन यादव का 15 वर्षीय पुत्र अभिषेक यादव है। वह नौवीं कक्षा का छात्र था। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे को बाहर निकला। इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। शव को पोस्टमार्टम कराया गया।

**नहाने के दौरान हादसा:** मृत छात्रा के पिता शत्रुघन यादव ने बताया कि वह गांव के ही बच्चों के साथ गांव में स्थित पानी बड़े गड्ढे के किनारे गया हुआ था। वह बच्चों के साथ नहाने लगा। तभी पानी अधिक होने के कारण वह उसमें डूब गया। इसके बाद वह मौजूद बच्चों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे पानी से बाहर निकल गया। इसके बाद परिजन अपनी संतुष्टि को लेकर उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने चार बहन व दो भाई में छोटा था। उसके परिवार में मां उर्मिला देवी व चार बहन नीतू देवी,प्रियंका देवी,सबिता देवी,चंदा कुमारी एवं एक भाई राम सेवक यादव है। घटना के बाद मृत छात्र के घर में कोहराम मच गया है।



◆ भोजपुर में दोस्तों के साथ गड्ढा में नहाने गया था,गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा

## करंट के चपेट में आने से किसान की मौत

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खननी कला गांव में शनिवार को करंट की चपेट में आने से की युवक की मौत हो गई। मृतक खननी कला गांव वार्ड नंबर चार निवासी मिथिलेश सिंह का 25 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार है। जो पेशे से मजदूर था। घटना के बाद मौके पर लोगों की भी इकट्ठा हो गई। परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। शव को सदर अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस पदाधिकारियों को सूचना मिलने पर शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

**खेत में पटवन करने के दौरान हादसा:** मृतक के बड़े भाई धनवान सिंह ने बताया कि वह दोनों भाई खेत पटाने गए थे। खेत में जाकर वे दोनों मोटर चालू कर खेत पटवन कर रहे थे। तभी उसमें अर्थिंग आने लगा। जिसके बाद उसने कहा कि भाई छोड़ दे। लेकिन उसने कहा कि नहीं हो जाएगा। उसी दौरान अचानक हाई वोल्टेज आने के कारण वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए गांव में स्थित ग्रामीण चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने देखा उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। जिसके बाद स्थानीय थाना बोला कि शव को सदर अस्पताल ले जाइये वही पोस्टमार्टम होगा। जिसके बाद शव को सदर अस्पताल ले आए। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में तीन भाई दौलत सिंह,धनवान सिंह,विकाश सिंह और एक बहन गुंजा देवी है। मृतक की मां तारामुना देवी की वर्ष 2011 में स्वाभाविक मौत हो गई थी।घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।



# सड़क पार करने के लगी टक्कर, 3 जख्मी




◆ भोजपुर में खेत से लौट रहे थे, एक की हालत गंभीर होने पर पटना रेफर

**निज संवाददाता। आरा**

आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के समीप शनिवार को हुए सड़क हादसे में सड़क पार कर रहे बुजुर्ग समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद जख्मी बुजुर्ग को जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। आरा सदर अस्पताल से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी बाइक सवार दो अन्य युवको का इलाज जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल में कराया जा रहा है। ज़ख्मियों में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव वार्ड नंबर एक निवासी स्व. विलास यादव के 64 वर्षीय पुत्र कन्हैया यादव एवं बाइक पर सवार दो अन्य युवक शामिल है।

**सड़क पार करने के दौरान हादसा:** लोगों ने घटना के संबंध में बताया कि जगदीशपुर गांव के समीप हाईवे पर कन्हैया यादव खेत से घर वापस लौटने के क्रम में सड़क पार कर रहे थे। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने उनमें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा तीनों को इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। सूचना पाकर परिजन भी जगदीशपुर अनुमंडली अस्पताल पहुंचे। जख्मी बुजुर्ग कन्हैया यादव को इलाज के लिए आरा अस्पताल ले आए। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। वहीं जख्मी बाइक सवार दो अन्य युवको का इलाज जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है।

# बांस की सीढ़ी से लटकता मिला महिला का शव



◆ बक्सर में साड़ी के आंचल से फंदा बनाकर लटकाया, शव की पहचान में जुटी पुलिस

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर जिले के शिवपूरी मोहल्ले के गली में रविवार की सुबह एक महिला का शव बांस की सीढ़ी से लटका हुआ मिला। मौके पर मृतका की पहचान करने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। सूचना मिलने पर मौके पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिएसदर अस्पताल भेज दिया। मृतका की उम्र लगभग 35 साल बताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या या आत्महत्या की जानकारी मिल पाएगी।


**हत्या कर शव लटकाने की आशंका:** पूरे मामले को लेकर लोगों ने बताया कि शिवपुरी मुहल्ले में घर रंगने के लिए बांस को सीढ़ी बनाकर एक घर के पास खड़ा किया गया था। रविवार की सुबह जब लोग घर से टहलने के लिए निकले तो देखा की उस सीढ़ी से एक महिला लटक रही है। जो नीली कलर की साड़ी पहने हुए है। पहनी हुई साड़ी के आंचल का फंदा बनाया हुआ था। जिससे वह लटकी हुई थी। लोगों ने बताया कि महिला को अपने मुहल्ला में कभी नहीं देखा है। जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला की कही हत्या कर इसे लटका दिया गया है। नगर थाना अध्यक्ष संजय सिन्हा द्वारा बताया गया की अभी महिला की पहचान नही हो सकी है।प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है।हालंकि यह जांच का विषय है हत्या है या आत्महत्या।फिलहाल शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण का पता चल सकता है।

## 'मुझे इंसाफ चाहिए' नाटक का हुआ मंचन

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर के चौसा नगर पंचायत के नरबतपुर में नवयुवक प्रहसन मंडल के युवाओं ने मुझे इंसाफ चाहिए सामाजिक नाटक का मंचन किया। इसे देखने के लिए आसपास के गांव के लोग पहुंचे। नाटक छठ पूजा के उपलक्ष्य में छठ पूजा के बाद शुरू किया गया है, जो तीन दिन तक चलेगा। शनिवार की रात मुझे इंसाफ चाहिए नाटक का मंचन किया गया। यह नाटक का मंचन डायरेक्टर नरबतपुर निवासी छट्ठू यादव और बीरबल चौधरी के नेतृत्व में किया गया। उद्घाटन गांव के वैसे वृद्ध लोगों से कराया गया, जिनकी उम्र 85 से ऊपर हो गई है।

**गलत प्रवृति को दूर करने की जरूरत:** छठ्ठु यादव ने बताया कि मनुष्य के अंदर नफरत, क्रोध, लालच, दूसरों की जिंदगी में दखल देने व अहंकार की रावण जैसी गलत आदत और प्रवृत्ति है। उसे समाप्त कर बुद्ध, कबीर और विवेकानंद की तरह सभी को प्रकाशित करने वाले इंसान बनने की जरूरत है। नाटक से सद्गुणों को जीवन में पढ़े। आत्मसात करने पर बल दिया गया। बताया गया कि 50 साल तक छठ के बाद सामाजिक नाटक का मंचन होते आ रहा है। लेकिन, बीच में 10 साल तक स्थगित कर दिया गया था। लेकिन, युवाओं को उत्साह को देखते हुए 2024 में फिर से इसकी शुरुआत की गई है। बता दें कि इस नाटक को देखने के लिए नगर पंचायत के आधा दर्जन गांव के महिला पुरुष देर रात तक मौजूद रहे। मार्मिक नाटक के बीच बीच में दर्शकों को गुदगुदाने के लिए कॉमेडी का भी मंचन किया गया, जिसे देख दर्शक लोट पोट होते दिखाई दिए।



## अपनी भोजपुरी विश्व के कई देशों में कर रही भाषाई राज



**निज संवाददाता। आरा**

युग बदलता गया...नाम बदलता गया। हरि अनंत हरि कथा अनंता; की तरह अनगिनत शौर्य और गर्व की कथाएं। अरण्यक, एकचक्रा नगरी, शाहाबाद... फिर 1972 में विभाजन के बाद वर्तमान भोजपुर जिला का उदय। भोजपुर के नाम से विश्व प्रसिद्ध भोजपुरी भाषा का नामकरण हुआ है। विश्व के कई देशों में भोजपुरी भाषा प्रमुखता से बोली जाती है।... और यह गौरव की बात कि हम आप भोजपुरिया हैं और भाषा भोजपुरी। आज भोजपुर जिला 52 वर्ष का हो गया। भोजपुर जिले की स्थापना 10 नवंबर 1972 को हुई, जो शाहों के शहर के नाम से मशहूर शाहाबाद जिला का हिस्सा था। शाहाबाद में भोजपुर, कैमूर रोहतास व बक्सर जिले भी थे। भोजपुर से कटकर 17 मार्च 1991 को बक्सर अलग जिला बन गया। भोजपुर जिले का इतिहास स्वर्णिम व गौरवशाली है। सतयुग में नरसिंह भगवान, त्रेता युग में वामन अवतार, भगवान श्रीराम-लक्ष्मण, द्वापर युग में श्रीकृष्ण- बाणासुर संग्राम, पांडव वनवास, वृतासुर बध, कलयुग में भगवान तीर्थंकर महावीर, भगवान बुद्ध वाकई संत-महात्माओं से जुड़ा इतिहास है। इस धरती ने मुगल साम्राज्य की नींव को हिला दिया। सन 1857 में वीर कुंवर सिंह ने ब्रिटिश सेना को हराया। आरा, लसाढी, कोईलवर वह अन्य जगहों में देशभक्तों ने बलिदान दिया। आज भी सतयुग से कलियुग तक मान्यता रखने वाले प्रसिद्ध आरण्य देवी मंदिर, 14वीं शताब्दी के पहले बने तरारी प्रखंड में देव वरुणार्क मंदिर, 1857 विद्रोह के नेतृत्व करने वाले वीर कुंवर सिंह का किला, मसाढ़ गांव में द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण और बाणासुर के बीच हुए युद्ध, पीरो प्रखंड के चतुर्भुज गांव में लक्ष्मी नारायण का पुराना मंदिर, गंगा, सरयू और सोन का संगम स्थल, बेलाउर का प्रसिद्ध सूर्य मंदिर, आरा के प्रसिद्ध जैन मंदिर सहित कई धार्मिक व ऐतिहासिक स्थल है। भोजपुर देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम से लेकर 1857 के पहले स्वतंत्रता आंदोलन के अमर नायक रहे बाबू वीर कुंवर सिंह की जन्मस्थली है। आज स्वर्णिम इतिहास को याद करने का दिन, होंगे कार्यक्रम भोजपुर जिला स्थापना दिवस को लेकर वीर कुंवर सिंह स्टेडियम सज धज कर तैयार हो गया है।

## 6 थाना के पुलिस पदाधिकारियों का ट्रांसफर

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर में नए एसपी शुभम आर्य ने पदभार ग्रहण किया। इसके बाद ही छह थाना के पुलिस पदाधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया गया है। इसके साथ ही सभी को 24 घंटे के अंदर नए थाना में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। बताया गया कि क्षेत्र में विधि व्यवस्था दुरुस्त रहे इसको लेकर बक्सर एसपी ने यह ट्रांसफर का काम किया गया है। आगे भी जरूरत पड़ने पर अन्य पुलिस पदाधिकारियों को इधर से-उधर किया जायेगा।

**कोरान सराय थानाध्यक्ष को औद्योगिक थाना की कमान:** एसपी शुभम आर्य ने बताया कि मुरार के थाना अध्यक्ष कमल नयन पाण्डेय को सिमरी थाना की कामन सौंपी गई है। औद्योगिक थानाध्यक्ष अविनाश कुमार को बागेन गोला थाना की कमान सौंपी गई है। कोरान सराय थानाध्यक्ष संजय कुमार को औद्योगिक थाना की कमान सौंपी गई है। ब्रह्मपुर थाना के पुलिस अधिकारी अमित कुमार को कुरान सराय का थानाध्यक्ष बनाया गया है। आधुनिक थाना में तैनात पुलिस पदाधिकारी अमन कुमार को मुरार थाने की कमान सौंपी गई है। महिला थाना में तैनात पुलिस पदाधिकारी मधुबाला भारती को वासुदेव ओपी का प्रभारी बनाया गया है। सभी को 24 घंटे के अंदर नए थाने में योगदान देने का आदेश दिया गया है।



◆ बक्सर में SP ने जारी किया आदेश, 24 घंटे के अंदर नए थाने में योगदान देने का निर्देश

**सभी को पूरी ईमानदारी से काम संभालने का आदेश:** एसपी शुभम आर्य ने बताया कि सभी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक अपने जिम्मेदारी संभालने का काम करेंगे। बता दें कि आगे भी आवश्यकता अनुसार तबादला का काम किया जाता रहेगा। सभी को समय पर अपने-अपने नए पदस्थापना वाली जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया। ऐसा नहीं करने वाले पुलिस पदाधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई हो सकती है।

# संक्षिप्त समाचार

## दुर्गाबाड़ी में माता जगद्धात्री की प्रतिमा हुई स्थापित

**भागलपुर**। जगद्धात्री पूजा को लेकर शनिवार को दुर्गाबाड़ी मंदिर में शाम 6:48 बजे वेदी पर माता जगद्धात्री की प्रतिमा स्थापित की गई। रविवार को सुबह 7 बजे पूजा शुरू होगा जो शाम 5 बजे तक चलेगी। मंदिर के निरुपम कांतिपाल ने बताया कि रविवार को सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी पूजा की जाएगी। माता को खिचड़ी, पांच तरह की भाजी, दो तरह की सब्जी, खीर, मिष्ठान, एवं चटनी का भोग लगाकर भक्तों के बीच वितरण किया जाएगा। सोमवार को 12 बजे विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## लोक गायिका शारदा सिन्हा को दी श्रंद्धाजलि

**भागलपुर**। सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था जनप्रिय भागलपुर की ओर से शनिवार को परबत्ती में श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में शामिल सभी लोगों ने लोक गायिका शारदा सिन्हा के फोटो पर पुष्प अर्पित एवं 2 मिनट का मौन रहकर उन्हे श्रंद्धाजलि दी। संस्था के निदेशक गौतम कुमार ने कहा कि शारदा सिन्हा ने कभी भी अपसंस्कृति को अपने गीतों में जगह नहीं दिया। इकराम हुसैन ने कहा कि लोक गायिका शारदा सिन्हा ने बिहार की लोक भाषा भोजपुरी, मैथिली और मगही की सादगी को अपने गीतों और स्वरों में हमेशा बरकरार रखा है। मौके पर जगवीर मंडल, सुभाष प्रसाद, बाबूलाल कुमार पासवान, प्रेम कुमार यादव, निहार रंजन, कुमार गौरव, रागिनी कुमारी, साधना देवी मौजूद थे।

## दिवाली मिलन समारोह में दिखाई प्रतिभा

**भागलपुर**। लायंस क्लब भागलपुर सिल्क सिटी की ओर से शनिवार को नया बाजार स्थित हिन्दुस्तान क्लब में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान क्लब की संजीत साह व अन्य महिलाओं एक से बढ़कर एक-से-बढ़कर-एक आकर्षक रंगोली बनाई। क्लब के महिला सदस्यों ने गीत-संगीत प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। संस्था के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि दीपावली आपसी प्रेम भाई-चारे का त्योहार है। इस पर्व को सभी लोग मिलजुल कर मनाते है। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता एवं लकी ड्रा का आयोजन किया गया।

## अनियंत्रित बाइक ने पोल में मारी टक्कर, एक की मौत

**भागलपुर**। अनियंत्रित बाइक सवार ने एक पोल में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक नवीन मंडल बांका के नवादा स्थित अमहरा निवासी विलास मंडल का पुत्र था। घटना शुक्रवार की देर शाम नवादा गांव के पास की है। शनिवार को बरारी पुलिस कैंप ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। नवीन शुक्रवार की शाम गांव के दोस्त जीतू के साथ बाइक से बाजार जा रहा था। तभी जीतू ने बाइक पोल में टक्कर मार दी। पीछे बैठे नवीन को गंभीर चोट आई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने नवीन को जख्मी हालत में अस्पताल भेज दिया। रेफर किए जाने के बाद उसे इलाज के लिए मायागंज अस्पताल लाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। जांच के बाद डॉक्टर ने नवीन को मृत घोषित कर दिया। इधर पुलिस बाइक जब्त कर मृतक के दोस्त से पूछताछ कर रही है।

## 35 लीटर देसी शराब के साथ बाइक जब्त

**मुंगेर**। धरहरा थाना पुलिस ने शुक्रवार की रात सारोबाग हॉल्ट के पास से 35 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक मोटरसाइकिल को जब्त किया है। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर शराब तस्कर शराब और मोटरसाइकिल को छोड़कर भागने में सफल रहा। धरहरा थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि शुक्रवार को रात्रि गश्ती के दौरान सारोबाग हॉल्ट के पास एक मोटरसाइकिल चालक पुलिस को देख मोटरसाइकिल खड़ा कर भाग गया। गाड़ी की तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल से 35 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने मोटरसाइकिल एवं शराब दोनों को जब्त करते हुए एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया है।

## विज्ञान एवं गणित विषय पर होगी प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग

**मुंगेर**। जिले में विज्ञान एवं गणित विषय पर कक्षा छह से आठवीं तक के पाठ्य पुस्तकों के पाठ आधारित प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के तहत बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसकी जानकारी देते हुए बीईओ दिनेश कुमार जायसवाल ने बताया कि स्कूलों में विज्ञान एवं गणित विषय की पढ़ाई को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कक्षा छठी से 8वीं तक के बच्चों को पाठ्य पुस्तकों में समाहित शीर्षकों के अनुसार प्रोजेक्ट तैयार किये गए हैं। इसी के आधार पर प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग को सहज, सरल और प्रभावी बनाने के लिए स्कूलों में पांच दिनों की अलग-अलग गतिविधियों को संचालित किया जाएगा। इससे बच्चे पाठ्य पुस्तकों की बातों को पढ़कर समझने और कर के सीखने का अवसर पाएंगे। दरअसल, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक सज्जन आर ने इसको लेकर निर्देशित किया है। जिसमें गणित-विज्ञान के पाठ्य आधारित पढ़ाई पर विभाग का जोर है। माइक्रो इम्प्रूवमेंट प्लान के आधार पर स्कूलों में विज्ञान विषय की पढ़ाई कराई जाएगी। जिले के करीब 7 सौ से अधिक मिडिल स्कूलों के छात्र-छात्राओं को पीबीएल विधि की जानकारी दी जाएगी।

## 5 वर्षों से ईएनटी व चर्मरोग के डॉक्टर नहीं, प्राइवेट में इलाज



**मुंगेर**। लगभग 20 लाख की आबादी वाले मुंगेर जिले का सदर अस्पताल वर्षों से चिकित्सकों की कमी का दंश झेल रहा है। यहां वर्षों से ईएनटी और स्किन स्पेशलिस्ट चिकित्सकों का पद रिक्त पड़ा है। जबकि सामान्य व हड्डी के सर्जन भी वर्षों से यहां नहीं हैं। हाल यह है कि अस्पताल में चिकित्सकों के कुल स्वीकृत 32 पदों पर मात्र 18 चिकित्सक ही कार्यरत हैं, जिसके कारण प्रत्येक शिफ्ट में एक चिकित्सक के कंधे पर 2-2 वार्डों का भार है। 5 वर्ष पूर्व डॉ. आरके निराला के जाने के बाद से अस्पताल में नाक और कान के विशेषज्ञ चिकित्सक का पदस्थापन हुआ ही नहीं है। जबकि त्वचा रोग जैसे एलर्जी आदि के विशेषज्ञ चिकित्सक तो कई वर्षों से अस्पताल में पदस्थापित ही नहीं हुए हैं। जिसके कारण इन बीमारियों के मरीजों को निजी चिकित्सकों के भरोसे ही रहना पड़ता है। जबकि चिकित्सक नहीं होने के कारण अस्पताल में इन बीमारियों की दवा उपलब्ध होने के बावजूद उचित चिकित्सकीय सुविधा नहीं मिल पाती है। अस्पताल में 32 स्वीकृत पदों पर मात्र 18 चिकित्सक ही कार्यरत सदर अस्पताल में कुल 19 विभागों का संचालन होता है, जिसके लिए चिकित्सकों के कुल 32 पद स्वीकृत हैं। लेकिन इसके विरुद्ध अस्पताल में वर्तमान में केवल 18 चिकित्सक ही कार्यरत हैं। जिसमें अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. रमन कुमार, डॉ. रामप्रवेश, डॉ. के रंजन, डॉ. निर्मला गुप्ता, डॉ. निरंजन, डॉ. असीम कुमार, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. रौशन, डॉ. रामकृष्ण भारद्वाज, डॉ. अर्चना, डॉ. मुकेश, डॉ. अनुराग, डॉ. बीएन सिंह, डॉ. रौशन, डॉ. पंकज सागर, डॉ. नेहा, डॉ. मो. फैजउद्दीन और डॉ. आलोक रंजन शामिल हैं। जबकि अस्पताल में नियुक्त डॉ. हरेंद्र कुमार, डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. शाहीद मुर्तुजा, डॉ. आरती, हड्डी विशेष डॉ. योगेश, डॉ. अभिलाषा लंबे समय से बिना सूचना के तथा किसी न किसी कारण अनुपस्थित हैं। स्पेशलिस्ट चिकित्सक मिलने पर समस्या का निदान किया जाएगा चिकित्सकों की कमी के संबंध में विभाग को पहले ही अवगत करवाया गया है। रिक्तवार चिकित्सकों की सूची भी विभाग को भेजी गयी है। स्पेशलिस्ट चिकित्सक मिलने पर समस्या का निदान किया जाएगा।

# लव अफेयर में हुआ नाबालिग का मर्डर, प्रेमिका के मामा ने रची साजिश

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में अपहरण के बाद मो. आलम (16) की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। आलम की हत्या 5 लाख की फिरौती के लिए नहीं बल्कि लव अफेयर में हुई। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही शव भी बरामद कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी डॉ के रामदास ने बताया कि प्रेम प्रसंग में नाबालिग की धारदार हथियार से मारकर हत्या की गई थी। सिटी एसपी के मुताबिक, इस हत्याकांड के पीछे मो. आलम की प्रेमिका का मामा शाहिद राजा उर्फ राजू है, जिसने प्लान के तहत अपने दो दोस्तों के साथ नाबालिग की पहले हत्या की, फिर उसके शव को पेट्रोल छिड़ककर जलाने की कोशिश की। वारदात अकबरनगर थाना क्षेत्र की है। सिटी एसपी डॉ के रामदास ने शनिवार को एक जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया, 'शाहिद राजा अपनी भांजी के अफेयर से नाराज था। उसने 5 नवंबर को अपने साथी सीटू चौधरी के मोबाइल से मो. आलम को फोन किया और कहा कि मेरा एक्सीडेंट हो गया है।' आरोपी ने उसे मदद के नाम पर महेशी बहियार बुलाया। हत्या से पहले आरोपी ने आलम से ही पेट्रोल भी खरीदवाया। जब आलम वहां पहुंचा तो शाहिद ने अपने दो दोस्त सीटू चौधरी और सिकंदर यादव के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। पहचान छिपाने के लिए पेट्रोल डालकर जला दिया। इसके बाद गुमराह करने के लिए आरोपियों ने मो. आलम के मोबाइल से उसके भाई को कॉल कर 5 लाख की फिरौती भी मांगी। परिवार इसे फिरौती के लिए किडनैपिंग मानकर चल रहा था।

**भांजी के प्रेम प्रसंग से नाराज था आरोपी मामा**: वहीं, मामले का खुलासा करते हुए डीएसपी चंद्र भूषण ने बताया, 'आरोपी शाहिद अपनी भांजी के साथ प्रेम प्रसंग से नाराज था। इसी वजह से उसने मो. आलम की हत्या का प्लान बनाया। 5 नवंबर को शाहिद ने आलम को कॉल किया, कहा- मेंरा एक्सीडेंट हो गया जल्दी आओ। आलम अपने घर से रेलवे ट्रैक होते हुए मदद के लिए तीनों आरोपियों के पास पहुंचा। जहां तीनों ने पहले उससे ही पेट्रोल खरीदवाया। फिर प्लान के तहत शाहिद और उसके साथियों ने तिलकपुर बहियार में उसकी

❒ मदद के लिए बुलाया और मार डाला

हत्या कर दी। फिर उसी पेट्रोल से आलम को जलाने की कोशिश की। भागलपुर पुलिस ने मुंबई पुलिस की मदद से तीनों को मुंबई से गिरफ्तार किया है।

**मां बोली- स्कूल से जैसे ही घर आया, उसके मोबाइल पर किसी ने फोन किया**: पूरी कहानी जानने के लिए भास्कर की टीम से जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर मोहम्मद आलम के घर पहुंची। जहां मृतक की मां और पांच भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल था। घटना वाले दिन के बारे में आलम की मां ने बताया कि 5 नवंबर मंगलवार को मो. आलम स्कूल से घर आया। घर में किताब कॉपी रख रहा था कि उसके मोबाइल पर किसी का फोन आया। फोन पर किसी ने कहा कि एक्सीडेंट हो गया है। इसके बाद घर में बिना किसी को कुछ बताए वो निकल गया। आलम जब भी घर से निकलता था तो साइकिल से जाता था, लेकिन उस दिन वो पैदल ही निकल गया।

# ऋषिकुंड में पहुंचने लगे पर्यटक, साफ-सफाई को लेकर नाराजगी

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर पहाड़ की तराई में बसा ऋषिकुंड के गर्म पानी में स्नान करने के साथ-साथ पिकनिक मनाने को लेकर सैलानी पहुंचने लगे हैं। पहाड़ की तराई से निकला गर्म पानी में स्नान करने को लेकर ठंड के मौसम आते ही यहां सैलानियों की भीड़ जुटाने लगती है। लोग अपने परिवार के साथ आते हैं और गर्म पानी का लुत्फ उठाते हुए पिकनिक का आनंद भी उठाते है। खासकर छठ पर्व संपन्न होने के बाद यहां लोगों की भीड़ जुटने लगती है। ऋषिकुंड में स्नान करने को लेकर मुंगेर के अलावा बिहार के विभिन्न जिलों से लोग आते है। इसके साथ ही दिल्ली हरियाणा के लोग भी इस पर्यटन स्थल का दर्शन करने के लिए आते है। ऋषिकुंड में स्नान करने को लेकर नवंबर से लेकर फरवरी तक यहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुटती है। आसपास गंदगी होने के कारण लोगों में नाराजगी भी है। जबकि अभी हर रोज 5000 से अधिक लोग स्नान करने के लिए पहुंच रहे है। इसके बावजूद न तो ऋषिकुंड विकास मंच की ओर से किसी प्रकार की व्यवस्था की गई है और ना ही प्रशासनिक स्तर पर यहां पर साफ सफाई कराई जा रही है। पर्यटक पूनम झा, प्रतिमा देवी, ब्यूटी कुमारी सहित अन्य ने कहा कि यहां पर महिलाओं के लिए कोई खास सुविधा नहीं है। महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम और ना ही वॉशरूम है। इसके कारण महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि यहां ठंड के मौसम में दूर-दूर से लोग आते है। इसके बाद भी प्रशासनिक स्तर पर यहां किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार ऋषिकुंड की यह मानता है कि यहां राजा दशरथ अपने चारों बेटों राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का मुंडन संस्कार करने आए थे। यह ऋषि मुनि की तपोभूमि भी है। यहां पर लोग मुंडन संस्कार कराने के लिए आते है। यहां पर तीन साल में मलमास मेला लगता है और 12 सालों में फली मांस मेला लगता है। यह मेला एक महीने तक चलता है। इस दौरान यहां पर प्रशासनिक स्तर पर सारी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

# परबत्ता विधानसभा से महागठबंधन की जीत तयः दिगंबर चौरसिया



निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर जिले में डेंगू का मामले धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। शनिवार को 5 मरीजों के एलाइजा जांच में जहां 2 डेंगू के पॉजिटिव मरीज मिले। वहीं इस दौरान तीन नये संभावित मरीजों को इलाज के लिये सदर अस्पताल स्थित डेंगू वार्ड में भर्ती किया गया। इसकी जानकारी देते हुए सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ रमन कुमार ने बताया कि शनिवार को 5 मरीजों का एलाइजा जांच किया गया, जिसमें डेंगू के 2 पॉजिटिव मरीज मिले। इसमें मकससपुर निवासी 38 वर्षीय सुरजीत कुमार तथा गुलजार पोखर निवासी 22 वर्षीय रानी कुमारी शामिल है। इसके अतिरिक्त शनिवार को अस्पताल के डेंगू वार्ड में तीन नये संभावित मरीजों को भर्ती किया गया, जिसमें बिंदवाड़ा निवासी 36 वर्षीय अभिषेक कुमार, कासिम बाजार निवासी 35 वर्षीय अलका कुमारी तथा लल्लू पोखर निवासी 20 वर्षीय दीपा शर्मा शामिल हैं। सभी संभावित मरीजों को सैंपल एलाइजा जांच के लिये भेजा गया है, जबकि शनिवार तक सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में कुल 8 मरीज इलाजरत हैं। जिसमें तीन नये संभावित मरीजों के अतिरिक्त पूर्व से भर्ती 59 वर्षीय रामदेव मोदी, 14 वर्षीय रिमझिम, 15 वर्षीय रिया कुमारी, 30 वर्षीय रवि कुमार तथा 19 वर्षीय रितिक कुमार का इलाज चल रहा है।

# भागलपुर में विधिक जागरूकता रैली का आयोजन, आम जनता को कानूनी अधिकारों के बारे में बताने का उद्देश्य

● न्यायाधीश समेत अन्य लोगों ने लिया भाग

निज संवाददाता। भागलपुर




बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार भागलपुर में शनिवार को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को उनके कानूनी अधिकारों और विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। मौके पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता, उनके अधिकारों और न्यायिक प्रक्रिया की जानकारी दी गई। रैली में बड़ी संख्या में न्यायाधीश, DLSA के सचिव सहित व्यवहार न्यायालय के कर्मचारियों और वकील ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को कानूनी मुद्दों के प्रति जागरूक करना और उन्हें यह बताना कि जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता कैसे प्राप्त हो सकती है, प्रमुख उद्देश्य रहा।

**जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता का मुख्य उद्देश्य**: आयोजकों का मानना है कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया जा सकता है। इस आयोजन ने भागलपुर के लोगों को न केवल कानूनी जानकारी प्रदान की. बल्कि उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कानूनी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया है। बता दें कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि लोगों को कानूनी मुद्दों के प्रति जागरूक करना और उन्हें यह बताना कि जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता कैसे प्राप्त हो सकती है।

# थाना के पूर्व निजी चालक पर मारपीट का आरोप

## थानाध्यक्ष बोले-आवेदन मिलने के बाद होगी कार्रवाई

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में शाहकुंण्ड थाना क्षेत्र का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें कुछ लोग लाठी डंडे से बेरहमी से एक युवक की पिटाई कर रहे हैं। आरोपी है कि शाहकुंड थाना का पूर्व निजी ड्राइवर युवक को थूक चटवा रहा है। इस मामले में थानाध्यक्ष ने कहा है कि आवेदन मिलने के बाद कार्रवाई होगी। पूरी घटना क्रम का वीडियो सामने आया है। मारपीट करने का आरोप थाना के पूर्व ड्राइवर मुन्ना पासवान पर है। इस पर इलाके के शराब तस्कर सहित अन्य अवैध कमाई करने वाले लोगों से रुपए वसूली का आरोप है। पूरी घटना पचरूख चौक के समीप की है।

**दंबगों ने की मारपीट**: वीडियो में साफ-तौर देखा जा सकता है कि पीड़ित युवक दबंगों के सामने हाथ जोड़कर अपनी जान बचाने के लिए गिड़गिड़ा रहा है। लेकिन, दबंग मारपीट कर रहे है। बताया जा रहा है कि पीड़ित नवगछिया के फुलकिया निवासी मंटु मंडल है। दबंग मुन्ना पासवान को किसी जमींदार का संरक्षण प्राप्त है, जो पचरूखी बाजार हाट आए दिन महिला और स्कूल जाते लड़कियों के साथ छेड़छाड़ भी करते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पचरूखी के रास्ते से शराब के तस्करों की आवाजाही होती है। यहां पचरुखी पैडोमानिया माल के दबंग मुन्ना पासवान का कमीशन बंधा हुआ है। जिसके कारण दबंगता दिखाई देता है। पूरे घटना क्रम में लोगों ने आशंका जताई है कि शाहकुंण्ड थाना का भी संरक्षण है। क्योंकि कुछ दिनों पहले शाहकुंण्ड थाना में बतौर निजी चालक के रूप कार्यरत थे।

**आवेदन मिलने के बाद होगी कार्रवाई**: मामले को लेकर शाहकुंड थानाक्ष्यक्ष जगनाथ शरण का कहना है कि पीड़ित पक्ष के लिखित आवेदन मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# उप मुखिया के घर से मिला मगरमच्छ, वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में नवगछिया के उप मुखिया के घर में मगरमच्छ घुस गया। इसे रेस्क्यू के बाद वन विभाग की टीम ने गंगा के बीच धार में छोड़ दिया है। टीम ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ का रेस्क्यू किया। वन विभाग टीम के सदस्यों ने बताया कि यह कुछ दिनों से जगतपुर के पास दिख रहा था। रोड को पार कर यह गांव में घुस गया होगा। वन विभाग की ओर से इसकी लंबाई आठ फीट बताई है। बीते तीन-चार सालों से गंगा नदी में मगरमच्छों की तादाद बढ़ी है। हाल ही में नाथनगर से सटे गंगा तट पर एक मगरमच्छ मृत पाया गया था। रेस्क्यू दल में शामिल पर्यावरणविद ज्ञानचंद्र ज्ञानी का कहना है कि इस समय इलाके में कितने मगरमच्छ व घड़ियाल है, यह रिसर्च का विषय है।

**कोबरा सांप का हुआ रेस्क्यू**: भीखनपुर 12 नंबर गुमटी निवासी व जिला नोटरी संघ के महासचिव मुकुंद मुरारी दास के घर से एक कोबरा सांप का रेस्क्यू वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया है। यह सांप बीते एक सप्ताह से घर के आसपास दिख रहा था। इस कारण घर समेत आसपास के लोग भय के माहौल में जी रहे थे। हालांकि, रेस्क्यू के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। रेस्क्यू टीम में मुमताज आलम व अभय सिन्हा समेत अन्य लोग थे। इस सांप को वन विभाग की टीम ने जमुई जंगल में छोड़ने की बात कही है।

# खड़गपुर में भगवान भास्कर की प्रतिमा हुई विसर्जित

निज संवाददाता। मुंगेर



जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को विधिक सेवा दिवस के मौके पर बस स्टैंड पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ। रंगकर्मी पीएलवी मो. जिलानी के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं के विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ। पीएलवी निरंजन कुमार, राजदीप, प्रीति गुप्ता ने नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम के द्वारा दर्शाया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार जिले में कार्यरत निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की अग्रणी संस्था है। नाटक के माध्यम से आपस में झगड़ते लोगों का विवाद कैसे निपटारा जाएगा, तेजाब हमले से पीड़िता को न्याय कैसे मिलेगा, सीनियर सिटीजन जिन्हें घर से बाहर निकाल दिया गया, उनका जीवन यापन कैसे होगा आदि विभिन्न मुद्दे पर नाटक प्रदर्शित किया गया। वहीं, दूसरी ओर प्रखंड स्तर पर डोर-टू-डोर कैंपेन का भी आयोजन किया गया है।

# गंगा में डूबे युवक का शव नहीं मिलने पर प्रदर्शन, मुंगेर में परिजनों ने किया सड़क जाम

निज संवाददाता। मुंगेर




मुंगेर में छठ पर्व के दिन सफियासराय थाना क्षेत्र के हेरुदियारा स्थित पंजाबी घाट पर डूबने से 20 साल का युवक अब तक लापता है। लापता युवक की पहचान कासिम बाजार थाना क्षेत्र के संजय यादव के बेटे अभिषेक कुमार के रूप में की गई है। युवक का शव अब तक बरामद नहीं हुआ है। इसको लेकर आक्रोशित परिजनों ने शव खोजने को लेकर सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 80 को लालखा चौक के पास जाम कर दिया। सड़क जाम रहने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की खबर मिलने के बाद सफिया सारी कासिम बाजार हम्जापुर सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं मुखिया प्रतिनिधि विनोद कुमार, अंचल अधिकारी जमालपुर विवेक आनंद और सफिया सराय थानाध्यक्ष सुगंधा कुमारी के काफी हस्तक्षेप के बाद जाम को हटाया गया। अंचल अधिकारी ने कहा कि काफी मशक्कत के बाद परिजनों को समझा बुझा कर जाम को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि महाजाल को मंगवाया जा रहा है। इसके बाद सभी लोग शांत हुए।

### सिसवां रोड पर डंपिंग यार्ड में मिली बाइक के साथ जली लाश, पहचान के लिए बुलाई गई फॉरेंसिक टीम

# बाइक के साथ जला हुआ शव बरामद हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस



**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

नवादा जिले के नगर थाना क्षेत्र के सिसवां जाने वाली रोड के पास स्थित डंपिंग यार्ड में रविवार की सुबह एक जला हुआ शव बरामद हुआ है, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटनास्थल पर पुलिस ने पहुंचकर पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। शव के पास एक जलती हुई बाइक भी पाई गई, जो हत्या की दिशा में कई सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों ने सुबह के समय जली हुई लाश और बाइक को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव और बाइक के पास से कुछ अहम साक्ष्य इकट्ठा किए हैं, जिससे मामले की जटिलता बढ़ गई है। पुलिस को शुरुआती जांच में यह प्रतीत हो रहा है कि शव को हत्या के बाद बोरे में बांधकर लाया गया और फिर बाइक के साथ आग के हवाले कर दिया गया। घटनास्थल पर पहुंचे सदर एसडीपीओ हुलास कुमार ने बताया कि यह घटना हत्या का प्रतीक लग रही है, लेकिन शव की पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल यह साफ नहीं हो सका है कि शव महिला का है या पुरुष का, क्योंकि पूरी तरह से जलने के कारण पहचान में मुश्किल आ रही है। पुलिस ने कहा कि शव की पहचान और घटना के सही पहलू को जानने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा इकट्ठा किए गए साक्ष्य जल्द ही हत्या की सच्चाई को उजागर करने में मददगार साबित हो सकते हैं। पुलिस द्वारा घटनास्थल से कुछ महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए गए हैं, जिनमें बाइक का नंबर प्लेट भी शामिल है, जिसके आधार पर जांच जारी है। नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने कहा कि पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने के प्रयास तेज किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गाड़ी के नंबर प्लेट से कुछ सुराग मिल सकते हैं, जिससे पुलिस युवक की पहचान करने में मदद पा सकती है। इस जली हुई लाश के मामले में पुलिस ने शव के पूरी तरह से जलने की वजह से अब तक युवक या महिला की पहचान नहीं कर पाई है, लेकिन जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू पर गौर किया जा रहा है और जल्द ही मामले का खुलासा होगा। इस घटना के बाद पूरे इलाके में भय और दहशत का माहौल है, और लोग इस जघन्य अपराध के आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस के लिए यह मामला एक चुनौती बन गया है, लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही आरोपियों का पता चल जाएगा।

## विद्युत स्पर्शाघात से महिला श्रद्धालु की मौत

**निज संवाददाता | नवादा**

नवादा। शनिवार को सिरदला थाना क्षेत्र के कुशाहन गांव में हृदयविदारक घटना हुई। शिव चर्चा के दौरान माइक में करंट आने से एक महिला की मौत हो गयी। मृतका की पहचान बांधी विद्यालय के शिक्षक सतेंद्र राजवंशी की पत्नी ललिता देवी के रूप में की गई है। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। प्राप्त जानकारी अनुसार गांव में महेश यादव के घर शिवचर्चा का आयोजन किय गया था। जहां दर्जनों महिला शिव भक्ति में झूम रही थीं। इसी बीच महिला ने माइक पकड़ कर भजन गाना शुरू किया, तभी माइक मे करंट आ गया और वह छटपटाने लगी। यह देख वहां पर मौजूद रहीं महिलाओं ने उन्हें माइक से छुड़ाने का प्रयास किया। लेकिन उन लोगों को करंट का झटका लगा। जिसके बाद सभी सहम गईं। फिर कनेक्शन हटाते ही महिला धड़ाम से जमीन पर आ गिरी। इसके बाद आनन फानन में महिला को सिरदला पीएचसी मे भर्ती कराया गया, जहां उपस्थित चिकित्सक डॉ. जनार्दन प्रसाद ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। मृतक महिला के बारे मे बांधी उपसरपंच पूजा कुमारी ने बताया कि वह बेहद ही मिलनसार और सामाजिक स्वभाव की थी। उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है। शिक्षक मुनेश्वर प्रसाद, वार्ड सदस्य दिनेश राजवंशी, विजय यादव, उमेश राम, संतोष कुमार आदि ने घटना पर गहरा दुख प्रकट किया और मृतक के परिजनों को ढांढ़स बंधाया।

## बीच रास्ते में ई-रिक्शा पर महिला ने बच्चे को दिया जन्म, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

**निज संवाददाता | नवादा**



नवादा जिले के सदर प्रखंड के केनासराय पोखर स्थित एक गांव में एक प्रसूता को समय पर एंबुलेंस सेवा न मिलने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रसव के दौरान महिला को काफी दर्द हुआ, और लंबी दूरी तय करते हुए बीच रास्ते में ही उसने ई-रिक्शा पर शिशु को जन्म दिया। यह घटना तब घटी जब प्रसूता, किरण कुमारी, जो कि दिवाकर कुमार की पत्नी हैं, को घर में प्रसव पीड़ा महसूस होने लगी। इस स्थिति में महिला के पति ने एंबुलेंस सेवा 102 पर कॉल किया, लेकिन करीब डेढ़ घंटे तक लगातार कॉल करने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। घबराए हुए दिवाकर कुमार ने सोचा कि अगर जल्दी से अस्पताल नहीं पहुंचे तो कोई बड़ी परेशानी हो सकती है, इसलिये उन्होंने ई-रिक्शा का सहारा लिया। सदर अस्पताल की दूरी उनके गांव से करीब 15 किलोमीटर थी, और इस लंबी यात्रा में महिला को काफी कठिनाई हुई। जैसे ही वे गांव से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर पहुंचे, प्रसूता के दर्द ने और बढ़ती तकलीफ के कारण ई-रिक्शा पर ही प्रसव हो गया। ई-रिक्शा चालक और परिजनों ने धैर्य और साहस से काम लिया, और किसी तरह जच्चा-बच्चा को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल पहुंचने पर दोनों का इलाज किया गया, और चिकित्सकों ने बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। हालांकि, प्रसूता के पति ने इस दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं की खस्ता हालत पर जमकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अगर समय पर एंबुलेंस सेवा उपलब्ध हो जाती तो स्थिति पूरी तरह से अलग होती।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एंबुलेंस की हड़ताल की वजह से यह घटना घटित हुई। वे डेढ़ घंटे तक एंबुलेंस सेवा के लिए कॉल करते रहे, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। अंत में, ई-रिक्शा का सहारा लिया गया। प्रसूता के पति ने सवाल उठाया कि अगर रास्ते में उनकी पत्नी को कुछ हो जाता तो इसका जिम्मेदार कौन होता। यह सफर उनके लिए बेहद मुश्किल साबित हुआ और उन्होंने इस मामले में स्वास्थ्य विभाग की नाकामी की कड़ी आलोचना की। इस घटना के बाद, सदर अस्पताल के मैनेजर कुमार आदित्य ने कहा कि अस्पताल पहुंचने के बाद महिला और बच्चे का इलाज सही तरीके से किया गया और कोई भी गंभीर स्थिति सामने नहीं आई। उन्होंने स्वीकार किया कि एंबुलेंस की हड़ताल के कारण स्थिति बिगड़ी, लेकिन अस्पताल में पूरी मदद और इलाज की व्यवस्था की गई थी। महिला डॉक्टर डॉ. कंचन ने कहा कि रास्ते में प्रसव होना अत्यधिक दर्दनाक और कठिन होता है, लेकिन अब दोनों सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में प्रसूता को काफी कठिनाई होती है, लेकिन अब जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और उनका इलाज पूरी तरह से किया जा रहा है। इस घटना ने नवादा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की खस्ताहाली और एंबुलेंस सेवा की स्थिति पर एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है, और इसे लेकर स्थानीय लोगों और विभाग से व्यापक सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

## नवमी पर्व पर महिलाओं ने आंवला वृक्ष के नीचे भुआदान कर प्रसाद रूपी भोजन बनाकर खाई

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



प्रखंड क्षेत्र में रविवार को अक्षय नवमी पर्व का आयोजन पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। इस दिन महिलाओं ने आंवला वृक्ष की विशेष पूजा-अर्चना की, जिसमें उन्होंने वृक्ष के चारों ओर कच्चे सूत का धागा लपेटा और परिवार की खुशहाली एवं लंबी आयु के लिए प्रार्थना की। मान्यता है कि इस दिन आंवला वृक्ष के नीचे पूजा करने से भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है, जो परिवार को अक्षय पुण्य एवं सुख-समृद्धि प्रदान करता है। इस अवसर पर महिलाओं ने आंवला वृक्ष के नीचे विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया। पुजारी मनोज पाण्डेय के अनुसार, कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को आंवला नवमी या अक्षय नवमी के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु का आंवला वृक्ष में वास होता है। महिलाएं वृक्ष की पूजा करते हुए इसे अक्षत, चंदन, और पुष्प अर्पित करती हैं तथा वृक्ष के चारों ओर कच्चे सूत का धागा बांधती हैं। पूजन के बाद महिलाएं कपूर से आंवला वृक्ष की आरती करती हैं और सात बार परिक्रमा करती हैं। आस्था के अनुसार, जो महिलाएं आंवला वृक्ष की 108 बार परिक्रमा करती हैं, उन्हें मनवांछित फल प्राप्त होता है। इस दिन विशेष रूप से विवाहित महिलाएं संतान प्राप्ति एवं परिवार के कल्याण के लिए पूजा करती हैं। आंवला वृक्ष के नीचे भोजन का आयोजन किया गया, जहां सभी परिवारजन सात्विक भोजन को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। भोजन में विशेष रूप से शुद्ध और सात्विक पकवान बनाए जाते हैं, जिन्हें प्रसाद के रूप में ग्रहण करने से घर के सभी कष्ट दूर होने का विश्वास है। इस पर्व के दौरान भुआ दान करने का भी विशेष महत्व बताया गया है। सैकड़ों महिलाएं इस दिन आंवला वृक्ष के नीचे भुआ दान करती हैं, जिससे घर में सुख-समृद्धि का आगमन होता है और कष्टों का निवारण होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस परंपरा का विशेष महत्व है, और हर वर्ष अक्षय नवमी पर लोग इसे बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। अक्षय नवमी पर्व, धार्मिक आस्था और पारंपरिक संस्कृति के प्रति लोगों की आस्था को दर्शाता है, जहां इस दिन हर उम्र की महिलाएं अपने परिवार के लिए मंगलमय जीवन की प्रार्थना करती हैं।

### नरहट में 5वें चरण में 3 दिसंबर को पैक्स चुनाव

**नरहट (नवादा)।** प्रखण्ड में पैक्स चुनाव की तिथि जैसे जैसे नजदीक आ रही है वैसे वैसे चुनावी सरगर्मी तेज होते जा रही है। चुनाव की तिथि निर्धारित होने के बाद भावी उम्मीदवार को अपने अपने क्षेत्र के मतदाताओं को रिझाने में जुट गए हैं। बीसीओ निशांत प्रियदर्शी ने बताया कि प्रखण्ड में पैक्स चुनाव की धोषणा हो चुकी है। नरहट प्रखण्ड में पांचवें चरण में 3 दिसम्बर को मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 19 से 21नवम्बर तक नामांकन पत्र दाखिल की तिथि निर्धारित की गई है। नामांकन पत्र की संवीक्षा 22 और 23 नवम्बर को प्रखण्ड निर्वाचन कार्यालय नरहट पर 11 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होगी एवं लगातार चलते रहेगी। अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना दिनांक 26 नवम्बर को अपराह्न 3 बजे के पूर्व तक प्रखण्ड निर्वाचन कार्यालय नरहट पर दाखिल की जा सकती है। मतदान 3 दिसम्बर की निम्नांकित मतदान केंद्रों पर 7 बजे पूर्वाह्न से 4. 30 बजे अपराह्न तक होगा। बीसीओ ने बताया कि प्रखण्ड में कुल 18104 पैक्स मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पैक्स चुनाव के लिए कुल 31 मतदान केंद्र बनाया गया है।

## रजौली में पैक्स अध्यक्ष चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर, 26 नवंबर को 40 बूथों पर मतदान

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



आगामी पैक्स अध्यक्ष चुनाव को लेकर रजौली प्रखंड प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियों को पूरा कर लिया है, जिससे निष्पक्ष और व्यवस्थित चुनाव सुनिश्चित हो सके। प्रखंड क्षेत्र के 15 ग्राम पंचायतों और नगर पंचायत को सात सेक्टरों में विभाजित किया गया है ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। प्रखंड कार्यालय परिसर में एक विशेष टेंट और कॉरिडोर का निर्माण किया गया है, जिससे नामांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से अंजाम दिया जा सके। निर्वाची पदाधिकारी एवं बीडीओ संजीव झा के अनुसार, नामांकन प्रक्रिया 11 नवंबर से 13 नवंबर तक चलेगी। इस दौरान सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों के लिए नामांकन शुल्क 1000 रुपये और आरक्षित वर्ग के लिए 500 रुपये निर्धारित किया गया है। अब तक कुल 32000 रुपये का नामांकन शुल्क (एनआर) जमा हो चुका है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 14 नवंबर से 16 नवंबर तक सभी नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी, जिससे प्रत्याशियों की पात्रता का सत्यापन हो सके। स्क्रूटनी के बाद प्रत्याशियों को नाम वापस लेने का अवसर दिया जाएगा, जिसकी अंतिम तिथि 19 नवंबर है। नाम वापसी के बाद 26 नवंबर को 40 मतदान केंद्रों पर वोटिंग होगी। मतगणना 27 नवंबर को रजौली के इंटर विद्यालय में आयोजित की जाएगी, जहां परिणाम घोषित किए जाएंगे।

प्रशासन ने चुनाव प्रक्रिया को सरल और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रखंड कार्यालय में तीन काउंटर और एक हेल्प डेस्क की स्थापना की है। इस सुविधा का उद्देश्य प्रत्याशियों और मतदाताओं को आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करना है। नामांकन के दौरान प्रत्याशियों को केवल अपने प्रस्तावक और समर्थक के साथ ही आने की अनुमति है, जिससे भीड़भाड़ को नियंत्रित किया जा सके। चुनाव में खड़े सभी प्रत्याशियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है, जिससे वे मतदाताओं के बीच अपनी पहचान बना सकें। प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ गांव-गांव जाकर संपर्क स्थापित कर रहे हैं और मतदाताओं को अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसके अलावा, चुनाव के दिन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी बूथों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी, ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। प्रशासन की ओर से सभी प्रत्याशियों और मतदाताओं को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के प्रति आश्वस्त किया गया है।

## रजौली में छठ पूजा समिति द्वारा आयोजित भक्ति जागरण में गीत-संगीत से गूंज उठा वातावरण

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



नगर पंचायत के नीचे बाजार स्थित राज शिवलाय मंदिर के समीप छठ पूजा समिति द्वारा शनिवार की रात्रि में भक्ति जागरण में बनारस से आई सिंगर रानी गुप्ता एवं झाझा से आई सिंगर शिवांगी लता ने अपनी आवाज की मिठास से महिला एवं पुरुषों को जमकर थिरके।वहीं नीचे बाजार धनार्जय नदी घाट के किनारे निर्माणाधीन सूर्य मंदिर को लेकर आर्थिक सहयोग हेतु लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष राजा सिंह ने बताया कि छठ पूजा को लेकर शनिवार की रात्रि एक भक्ति जागरण का आयोजन किया गया था। जिसका उद्घाटन नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद चन्द्रवंशी,भाजपा मंडल अध्यक्ष,गौरव शांडिल्य गगन,सुरेंद्र सिंह,विहिप उपाध्यक्ष मनीष सिंह,अरविंद विश्वकर्मा, संयोजक पिन्टू वर्मा व सह संयोजक सन्दीप वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। वहीं भक्ति जागरण के मौके पर आये अतिथियों, बजरंगदल, विहिप व छठ पूजा समितियों के सदस्यों के अलावे जागरण में आये महिला व पुरुष सिंगरों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।भक्ति जागरण की शुरुआत रात्रि के लगभग 8:30 बजे हुई।जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने भक्ति जागरण का भरपूर लुफ्त उठाया।भक्ति जागरण में पटना से आये सिंगर चुन्नू बाबा व शिव गुप्ता के अलावे रजौली के स्थानीय सिंगर सुभाष शान द्वारा भी शानदार प्रस्तुति की गई। वहीं नीचे बाजार के राज शिवलाय के पास निर्माणाधीन सूर्य मंदिर में नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद चन्द्रवंशी ने कार्यक्रम के मंच से पांच लाख इक्यावन हजार रुपये दान देने की बात कही।वहीं आर्मी से वीआरएस लिए परसा गांव निवासी डॉ. रविंद्र यादव ने मंदिर के गुम्बद के निर्माण कार्य का जिम्मा लिया।इसके अलावे बाजार के आशीष कुमार एवं पप्पू साव ने मंदिर के छत ढ़लाई में उपयुक्त होने वाले सीमेंट देने की घोषणा की। वहीं छठ पूजा समिति ने श्रद्धालुओं से सूर्य मंदिर निर्माण में अपना सहयोग देने की बात कही। इस मौके पर राज शिव मंदिर अध्यक्ष संतोष सिंह,वार्ड संख्या 10 के पार्षद सन्तोष वर्मा,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुमित सिंह, मुकेश दास, सुबोध साव,राज शिव मंदिर उपाध्यक्ष नवीण कन्धवे, सनोज कुमार संगम के अलावे सैकड़ों श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

### अक्षय नवमीं में आंवला वृक्ष की श्रद्धापूर्वक हुई पूजा

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)।** प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर रविवार को अक्षय नवमीं पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। श्रद्धालुओं ने सुबह होते ही आंवला वृक्ष के निकट अच्छी तरह से साफ सफाई की,और गाय का कच्चा दूध उसके जड़ में डाल आराधना की। उसके बाद पावनता के साथ स्नान कर पूजा की थाली में कुष्मांडा, फूल, अक्षत,रोड़ी,सिंदूर, मौसमी फलों,कच्चा सुता, आभूषण समेत अन्य सामग्री को लेकर आंवला वृक्ष की पूजा की । उसके बाद 108 बार कच्चे सुते को लेकर वृक्ष की परिक्रमा कर कुष्मांडा में गुप्त दान के अलावा अन्य वस्तुओं को ब्राह्मण को दान देकर आशीर्वाद प्राप्त कर कथा का श्रवण किया,और सुख,समृद्धि की कामना की। उसके बाद वृक्ष की छाया में विभिन्न प्रकार के व्यजनों को बनाकर ग्रहण किया,और स्वजन के साथ इष्ट मित्रों के साथ खाने खिलाने का दौर देर रात तक चलता रहा।

## नवादा की युवा कवयित्री मधुयंका राज की तीसरी पुस्तक का भव्य लोकार्पण

### जिंदगी में प्रेम और प्रेम की पराकाष्ठा को जीवंत करती पुस्तक की लेखिका की गतिशीलता को सराहा

**निज संवाददाता | नवादा**



नवादा की युवा कवयित्री मधुयंका राज की तीसरी पुस्तक सूना मकां तन्हा तस्वीरें का लोकार्पण रविवार को किया गया। शहर के वीआईपी कॉलोनी स्थित जगदीश कुंज में समारोहपूर्वक लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम संयोजक प्रधानाध्यापक मनोज कुमार तथा मंच संचालक कलमकार राजेश मंझवेकर व कवयित्री मधुयंका राज समेत साहित्यकार मुकेश कुमार सिन्हा, प्रधानाध्यापक अजय सिंह, प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद यादव, शिक्षक अशोक कुमार, शिक्षक रवि कुमार मिश्रा एवं नेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी गुलशन कुमार तथा सामाजिक कार्यकर्ता राकेश सेठी ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विधिवत लोकार्पण किया। जिंदगी में प्रेम और प्रेम की पराकाष्ठा को जीवंत करती पुस्तक सूना मकां तन्हा तस्वीरें की लेखिका मधुयंका राज की सतत गतिशीलता की सभी वक्ताओं ने सराहना की।

छोटी सी उम्र में तीन पुस्तकों की रचयिता मधुयंका राज की इससे पूर्व नन्हीं परियां कुछ कहना चाहती हैं तथा दूर न जाना सनम काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुकी है। मौके पर अन्य लोगों के अलावा इन्दू देवी, मयंक राज समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि मधुयंका राज रेडियो मिर्ची के आरजे शशि के साथ अभिनय की दुनिया में भी खूब रंग जमा रही हैं।

## तीन-चार गुमटियों में चोरों ने ताला तोड़कर की चोरी, रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



रजौली थाना क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड में शनिवार की रात को एक बार फिर चोरी की घटनाएं सामने आईं, जिससे स्थानीय दुकानदारों में भय और चिंता का माहौल व्याप्त हो गया है। बस स्टैंड के आसपास की तीन-चार गुमटियों में चोरों ने ताले तोड़कर चोरी को अंजाम दिया। स्थानीय दुकानदार भीम सिंह, जो सती स्थान के निवासी हैं और खैनी की दुकान चलाते हैं, ने बताया कि उनकी दुकान विश्वकर्मा मंदिर के पास स्थित है, जिसे वे रोजाना सुबह खोलते हैं और रात में 8 बजे बंद कर अपने घर चले जाते हैं। रविवार की सुबह दुकान पर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि ताले टूटे हुए थे और करीब 500 रुपये नगद के साथ सिगरेट व तंबाकू भी गायब थे। चोरी की घटना की चपेट में आए अन्य दुकानों में मुन्ना सिंह की खैनी की दुकान, दुर्गा चौधरी का होटल और राजेश प्रसाद की दुकान भी शामिल है।

पीड़ित दुकानदारों के अनुसार, कुल मिलाकर करीब 20,000 रुपये के मूल्य के सामान चोरी किए गए हैं। दुकानदारों का कहना है कि जैसे ही ठंड का मौसम बढ़ता है, क्षेत्र में छोटे चोरों की सक्रियता बढ़ जाती है। पिछले वर्ष भी इसी तरह की चोरी की घटनाएं बायपास के गुमटियों, बजरंगबली मंदिर और ब्लॉक के समीप हुई थीं, जिनसे क्षेत्र में भय और चिंता का माहौल बन गया था। दुकानदारों ने चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस से मांग की है कि रात की गश्त में तेजी लाई जाए। उनका मानना है कि पुलिस की नियमित और प्रभावी गश्त से चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सकता है।

### स्कॉर्पियो से कुचल कर युवक व गाय की मौत

**नवादा (नि. सं.)।** नवादा-गया पथ पर थाना क्षेत्र के उड़सा गांव में एक मैरेज हॉल के समीप शनिवार को स्कॉर्पियो से कुचल कर एक युवक व एक गाय की मौत हो गई। मृतक की पहचान उड़सा निवासी कृष्णकांत कुमार के 20 वर्षीय पुत्र राजा कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वह करीब 4:30 बजे मैरेज हॉल के समीप सड़क से गुजर रहा था। तभी काले रंग की अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने उसे कुचल डाला। इस क्रम में एक गाय को भी कुचल दिया और फरार हो गया। दुर्घटना में गंभीर रुप से जख्मी हुए युवक को इलाज के लिए हिसुआ स्थित अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। नवादा ले जाने के क्रम में बीच रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन शव लेकर गांव चले आए और अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक राजस्थान के कोटा में रहकर पढ़ाई करता था।

## राज आर्यन ने मणिपुर में आयोजित यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत का परचम लहराया

**निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)**




नवादा के प्रतिष्ठित बैडमिंटन खिलाड़ी और पत्रकार अरविंद सिंह के पुत्र राज आर्यन ने मणिपुर में आयोजित यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी शानदार खेल क्षमता का प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। यह टूर्नामेंट 06 से 10 नवंबर तक मणिपुर में भारत सरकार की यूथ स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के बैनर तले आयोजित किया गया था, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से बैडमिंटन के उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने भाग लिया। राज आर्यन की जीत ने एक बार फिर नवादा जिले को गौरवान्वित किया है। इस टूर्नामेंट में उन्होंने न केवल शानदार खेल दिखाया, बल्कि अपने आत्मविश्वास और समर्पण के साथ प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बिहार राज्य से भाग लेकर उन्होंने अन्य राज्यों के खिलाड़ियों को मात दी और जीत का परचम लहराया। उनकी इस सफलता ने नवादा सहित समूचे बिहार को गर्व महसूस कराया है, और यह साबित किया है कि बिहार के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। राज आर्यन के खेल करियर की यह एक और बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले भी उन्होंने अंडर 19 के विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई मेडल और ट्रॉफियां जीती हैं, जिनसे नवादा और बिहार राज्य का नाम रोशन हुआ है। उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। राज आर्यन की इस शानदार सफलता पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी गुलशन कुमार, राहुल कुमार, मयंक सिंहा और अश्विनी ने उन्हें बधाई दी और उनकी जीत को बिहार के लिए गर्व की बात बताया। इसके अलावा समाजसेवी और व्यापारिक प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर राजीव सिंहा, सलमान रागिव, पूर्व विधायक कौशल यादव, विनय यादव, रवि सिंहा और अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राज आर्यन ने अपनी कड़ी मेहनत, अथक प्रयास और कठिन प्रशिक्षण के साथ इस सफलता को हासिल किया है। उनकी मेहनत और निष्ठा का यह परिणाम है कि आज वे बैडमिंटन की दुनिया में एक बड़ा नाम बन चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पानी में डूबने से छात्र की मौत : भोजपुर में दोस्तों के साथ गड्ढा में नहाने गया था

**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली गांव में पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई। मृत छात्र मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी शत्रुघन यादव का 15 वर्षीय पुत्र अभिषेक यादव है। वह नौवीं कक्षा का छात्र था। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे को बाहर निकला। इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। शव को पोस्टमार्टम कराया गया। मृत छात्रा के पिता शत्रुघन यादव ने बताया कि वह गांव के ही बच्चों के साथ गांव में स्थित पानी बड़े गड्ढे के किनारे गया हुआ था। वह बच्चों के साथ नहाने लगा। तभी पानी अधिक होने के कारण वह उसमें डूब गया। इसके बाद वह मौजूद बच्चों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे पानी से बाहर निकल गया। इसके बाद परिजन अपनी संतुष्टि को लेकर उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर आए। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने चार बहन व दो भाई में छोटा था। उसके परिवार में मां उर्मिला देवी व चार बहन नीतू देवी, प्रियंका देवी, सबिता देवी, चंदा कुमारी एवं एक भाई राम सेवक यादव है।

### कपड़ा व्यवसायी को गोली मारकर लूटपाट : छपरा में 2 लाख लेकर भागे

**छपरा, एजेंसी।** छपरा में कपड़ा व्यवसायी को लूट के दौरान गोली मारी गई है। घटना एकमा परसा मुख्य मार्ग की है। गोली मारने के बाद व्यवसायी से बदमाशों ने 2 लाख रुपए छीने और फरार हो गए। फिलहाल शख्स को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि बदमाशों ने बाइक से व्यवसायी की स्कॉर्पियो का पीछा कर लूट की घटना को अंजाम दिया है। घायल की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी श्याम किशोर रस्तोगी के रूप में हुई है। गोली मारे जाने की खबर पर उनके परिचितों का जमावड़ा लगा गया। फिलहाल पुलिस निशानदेही पर अपराधियों को पकड़ने में जुटी है। घायल व्यवसाय के भाई ने बताया कि वो पैसे के कलेक्शन को लेकर एकमा बाजार गए थे। बाजार से लौटने के क्रम में पेट्रोल पंप के पास बाइक से पीछा कर अपराधियों ने गोली चल दी और पास में रखें पैसे का बैग लेकर फरार हो गए। इसके बाद आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने उनको इलाज के लिए एकमा के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया है।


### बिहार के 4 शहरों का एक्यूआई 200 के पार : सीवान के बाद हाजीपुर-मुजफ्फरपुर की हवा सबसे खराब

**पटना, एजेंसी।** बिहार में अभी पूरे तरीके से ठंड की शुरुआत नहीं हुई है। हालांकि, रात में हल्की ठंडक महसूस होने लगी है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों तक राज्य में मौसम शुष्क रहेगा। दिन में उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करेगी। वहीं, राज्य के कई जिलों की हवा ज्यादा प्रदूषित है। हवा में नमी बढ़ने के कारण धूल कण की मात्रा बढ़ गई है। इससे हवा की क्वालिटी खराब हो रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान सीवान का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) सबसे ज्यादा 234 दर्ज किया गया है। इसके अलावा हाजीपुर का 217, मुजफ्फरपुर का 206, अररिया का 205, पटना का 178, सहरसा का 158 दर्ज किया गया है। एक्सपर्ट के अनुसार, इस स्तर की हवा में सांस लेने से सेहत पर बुरा असर पड़ता है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति खतरनाक हो सकती है। मौसम में अचानक हुए बदलाव के कारण लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां हो रही हैं। दिन में गर्मी, रात में ठंड के कारण वायरल फीवर, सर्दी और खांसी जैसे लक्षण हर घर में देखने को मिल रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि बिना किसी विशेषज्ञ की सलाह के दवाएं न लें। पिछले 24 घंटे के दौरान भोजपुर का अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा 33.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। वहीं, मोतिहारी का न्यूनतम तापमान सबसे कम 19 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

### किशनगंज में पुलिस ने 259 लीटर शराब किया जब्त : हुंडई कार से की जा रही थी तस्करी

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के निर्देशन में शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर वाहनों की जांच चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार रात्रि को कोचाधामन क्षेत्र अंतर्गत धनपुरा पुलिस पिकेट प्रभारी के नेतृत्व में मस्तान चौक में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में किशनगंज की ओर से एक सफेद रंग की हुंडई कार किशनगंज की ओर से काफी तेजी से आ रहीं थी, सशस्त्र बल के सहयोग से कार को रोकने को कहा गया। जहां तस्करो ने पुलिस को देखकर वाहन की गति तेज कर भागने का प्रयास किया। वाहन चालक गाड़ी रोकते ही अंधेरा का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर भागने में सफल रहा। उक्त वाहन की विधिवत तलाशी ली गयी तलाशी के क्रम में गाड़ी में रखें कार्टून को खोलने पर उसमें से भारी मात्रा में विदेशी शराब व बीयर बरामद हुआ है। जिसकी कुल मात्रा 259.68 ली0 मापी गई है। इस संबंध में कोचाधामन थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही हैं। जहां थाना अध्यक्ष राजा कुमार ने बताया कि छापेमारी दल में धनपुरा पिकेट प्रभारी राजू कुमार, जीतन लाल, प्रमोद कुमार, मुकेश कुमार, दीपक लाल सहित अन्य लोग शामिल थे।

# बिहार में बेहतर होंगी सरकारी स्कूलें, 12वीं के बाद अब 8वीं से 11वीं तक की कक्षाओं में भी लगेंगे सीसीटीवी कैमरे



**पटना, एजेंसी।** राज्य में स्कूली शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण सुधार में जुटी सरकार अब प्रत्येक विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगाने जा रही है। उच्च माध्यमिक विद्यालयों की बारहवीं कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे का प्रयोग सफल होने के बाद शिक्षा विभाग ने तय किया है कि इस साल आठवीं, नौवीं, दसवीं और ग्यारहवीं वर्ग कक्षाओं में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों की कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य पूरा किया जाएगा।

शनिवार को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ शिक्षा की बात-हर शनिवार लाइव कार्यक्रम में शिक्षकों के प्रश्नों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने बताया कि सरकार 8वीं से 11वीं तक की कक्षाओं में भी सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी में है। चरणबद्ध तरीके से 81,223 विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य पूरा होगा।

राज्य में 81 हजार 223 सरकारी विद्यालय हैं। इनमें से 9 हजार 360 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय हैं। 40 हजार 566 प्राथमिक विद्यालय हैं और मध्य विद्यालयों की संख्या 31 हजार 297 है। इन सभी विद्यालयों की वर्ग कक्षाओं में चरणबद्ध तरीके से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जैसा कि अपर मुख्य सचिव डा. एस. सिद्धार्थ ने जानकारी दी कि सीसीटीवी कैमरे लगाना खर्चीला है। इसलिए निचली कक्षाओं में धीरे-धीरे सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम पूरा किया जाएगा।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए मध्याह्न भोजन योजना से प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को दूर रखने संबंधी एक शिक्षक के पूछे गए सवाल पर अपर मुख्य सचिव ने कहा कि अन्य राज्यों में मध्याह्न भोजन योजना में प्रधानाध्यापक की सहभागिता नहीं है, उनके कार्य तो विद्यालय व्यवस्था और शैक्षणिक सुधार आदि है।

पायलट प्रोजेक्ट के तहत बिहार के दस जिलों की दो-दो पंचायतों में मध्याह्न भोजन योजना के संचालन से प्रधानाध्यापकों को दूर रखने का कार्य शुरू किया जा रहा है। ये जिले मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गया, वैशाली, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, भागलपुर, लखीसराय और औरंगाबाद हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में मध्याह्न भोजन तैयार कराने एवं बच्चों के खिलाने में अधिकतर समय व्यर्थ जाता है। इसके कारण बच्चों एवं शिक्षकों का बहुमूल्य समय नष्ट होता है।

इसलिए बच्चों को पका-पकाया भोजन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए संबंधित जिलों में चयनित दो-दो पंचायत के लिए मध्याह्न भोजन व्यवस्थापक एवं सहायक व्यवस्थापक चयनित कर तैनात किए जाएंगे, जिसके ऊपर इस योजना के संचालन की पूर्ण जवाबदेही होगी। इसमें खाद्य सामग्री क्रय करना, भोजन बनवाना, बच्चों को भोजन खिलाना व रसोईघर की साफ-सफाई समेत अन्य कार्य शामिल हैं।

अपर मुख्य सचिव डा. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों की कक्षा छठी, सातवीं और आठवीं में भी कंप्यूटर विज्ञान की शिक्षा लागू की जाएगी, ताकि इन कक्षाओं के बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा का लाभ मिल सके। इसकी तैयारी की जा रही है और नए सत्र में लागू की जाएगी। यह ब्रिज कोर्स होगा। इसके बाद निचली कक्षाओं में बच्चों को

अभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों की नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर विज्ञान का पाठ्यक्रम लागू है। इसके लिए कंप्यूटर विज्ञान की किताब भी प्रकाशित कर विद्यालयों को उपलब्ध कराई गई है। सरकार की प्राथमिकता में है कि सरकारी विद्यालयों के बच्चे भी कंप्यूटर शिक्षा में पीछे नहीं रहें।

## इंजन-बोगी के बीच दबकर रेलकर्मी की मौत, पिता की मौत के बाद अनुकंपा पर मिली थी नौकरी

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय के बरौनी जंक्शन पर ट्रेन के पार्सल वैन और इंजन के बीच दबकर रेलवे कर्मचारी की मौत हो गई। 35 साल के अमर कुमार राउत शंटिंग मैन के तौर पर रेलवे में काम करते थे। वे दलसिंहसराय के रहने वाले थे। भाई ने बताया कि अमर कुमार राउत के पिता राजकुमार राउत रेलवे में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी थे। 6 साल पहले उसकी मौत हो गई थी। उन्हीं की जगह अमर को अनुकंपा पर नौकरी मिली थी। 11 दिसंबर को अमर की शादी होने वाली थी। शादी के कार्ड भी छप चुके थे। परिजन गांव में शादी की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच मौत की खबर आ गई। भाई ने रेलवे के अधिकारियों और ट्रेन के लोको पायलट पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। इधर, हादसे के बाद मौके पर पहुंचे डीआरएम ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं।

**इंजन और बोगी के बीच काम कर रहा था अमर :** हादसा शनिवार की सुबह हुआ। बताया जा रहा कि 15204 लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस बरौनी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर पांच पर आई थी। ट्रेन को शंटिंग में ले जाने के लिए इंजन बदला जाना था। इंजन को बदलने के लिए शंटिंग मैन अमर कुमार राउत इंजन और बोगी के बीच काम कर रहे थे। वो कपलिंग खोल रहे थे। इसके बाद शंटिंग इंजन लगाकर ट्रेन को वॉशिंग पिट पर ले जाया जाता। इंजन बैक करने के दौरान वह दब गए। मौके पर ही मौत हो गई। प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों ने शोर किया तो ड्राइवर इंजन को आगे करने के बदले वहां से भाग गया। जिसके बाद लोगों में काफी आक्रोश है। फिलहाल शव को निकाल कर प्लेटफार्म पर रखा गया है।

**रेलवे जांच के लिए बना रहा टीम :** डीआरएम विवेक भूषण सूद ने बताया कि घटना की इन्क्वायरी के आदेश दिए हैं। जांच टीम बनाई जा रही है। परिवार को तत्काल सहायता देना चालू करवा रहे हैं। वर्किंग में कहां कमी रह गई है, उसको आईडेंटिफाई करेंगे। इसके लिए क्या एक्शन लेना है, किस पर कार्रवाई करनी है, उस दिशा में काम कर रहे हैं। हम लोग अपनी टीम के साथ मीटिंग कर रहे हैं। कर्मचारियों को काम करने में कहां परेशानी हो रही है, किस कारण से दुर्घटना हो रही है। उस बिंदु पर जांच-पड़ताल चल रही है। इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए। दोबारा ऐसी घटना नहीं हो, इस पर एक्शन लिया जाएगा।

## लैपटॉप और स्मार्टफोन से लैस होंगे पुलिस अफसर, गृह विभाग से 190 करोड़ की मंजूरी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद डिजिटल साक्ष्यों की महत्ता बढ़ गई है। पुलिस जांच के साथ ही ट्रायल के दौरान भी आडियो-वीडियो साक्ष्य जरूरी हो गए हैं। इन सारी जरूरतों को देखते हुए ही राज्य सरकार ने पुलिस कांडों की जांच करने वाले सभी पुलिस अफसरों को लैपटॉप और स्मार्टफोन दिया जाना है। गृह विभाग की ओर से इसके लिए 190 करोड़ 63 लाख 20 हजार की राशि खर्च करने की स्वीकृति दे दी गई है। विभागीय जानकारी के अनुसार, अनुसंधान पदाधिकारी को दिए जाने वाले लैपटॉप और स्मार्टफोन की खरीद पुलिस मुख्यालय के स्तर से नहीं होगी। सभी जांच अधिकारी अपने स्तर से लैपटॉप और स्मार्टफोन खरीदेंगे। उपकरणों के खरीद बिल के आधार पर प्रतिपूर्ति राशि उन्हें मुख्यालय स्तर से उपलब्ध कराई जाएगी। लैपटॉप के लिए करीब 60 हजार रुपये, जबकि मोबाइल के लिए करीब 20 हजार रुपये दिए जाएंगे। सभी अनुसंधान पदाधिकारियों को लैपटॉप और स्मार्टफोन स्थायी रूप से मिलेगा। यानी तबादले के बाद भी लैपटॉप और स्मार्टफोन उनके पास ही रहेगा। सरकार की ओर से यह तय किया गया है कि यह सुविधा सभी पदाधिकारियों को नहीं दी जाएगी। सरकार ने इसके लिए शर्त तय किया है। जानकारी के अनुसार लैपटॉप और स्मार्ट मोबाइल की सुविधा सिर्फ ऐसे अनुसंधान पदाधिकारी को ही दी जाएगी।

# गिट्टी कारोबारियों के लिए आ गया नीतीश सरकार का नया फरमान, अब इस बात का देना होगा हिसाब



**पटना, एजेंसी।** बालू के बाद अब गिट्टी के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए खान एवं भू-तत्व विभाग पुरानी व्यवस्था में कई बदलाव कर रहा है।

खान एवं भू-तत्व विभाग ने निर्णय लिया है कि अन्य राज्यों से गिट्टी मंगाने के पूर्व कारोबारी को इसकी पूर्व सूचना जिले के खनिज विकास पदाधिकारी को देनी होगी। इसके बाद भी अन्य राज्य से गिट्टी आयात की जाएगी और इसी के आधार पर जिले में इसे गंतव्य तक पहुंचाने के लिए चालान जारी किया जाएगा।

अभी केवल गया और शेखपुरा से हो रहा गिट्टी का खनन

प्रदेश में निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाले लघु खनिजों में शामिल गिट्टी की करीब 90 प्रतिशत आपूर्ति अन्य राज्य करते हैं। इसमें सर्वाधिक आपूर्ति झारखंड और पश्चिम बंगाल शामिल से होती है। जबकि राज्य में गिट्टी खनन केवल दो जिलों में ही हो रहा है। ये जिले हैं गया और शेखपुरा।

इन दोनों जिलों में खान एवं भूतत्व विभाग ने 104.5 एकड़ में खनन योजना की मंजूरी आठ अलग-अलग बंदोबस्तधारियों के बीच की है। विभाग के अनुसार इसमें से पांच की मंजूरी 2020 में पांच वर्षो के लिए दी गई थी। जिसकी मियाद 2025 में खत्म हो जाएगी। तीन की मंजूरी 2021 में दी गई जिसकी मियाद 2026 में समाप्त होगी।


जानकारी के अनुसार, 2017 के बाद गिट्टी खनन योजना को मंजूरी नहीं दी जा सकी है। कुल् आठ गिट्टी खनन फील्ड से राज्य सरकार को 2022-23 में 73.48 करोड़ और 2023-24 में 71.48 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ था।

अब सरकार ने इस राजस्व में वृद्धि के उपायों के साथ गिट्टी के अवैध खनन को नियंत्रित करने की दिशा में कवायद शुरू की है।

नई व्यवस्था में खनिज विकास पदाधिकारी की अनुमति के बाद अन्य राज्यों से आने वाले गिट्टी के बिहार पहुंचते ही उसी दिन स्थल निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही जहां इसे भंडार किया जाएगा उसकी जियो टैगिंग फोटो कारोबारी को विभागीय पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।

यह मात्रा कारोबारी की पहचान में शामिल हो जाएगी और इसी के आधार पर उसे उस गिट्टी को आगे तक पहुंचाने के लिए चालान जारी हो सकेंगे। कारोबारी को भंडारण स्थल पर सीसीटीवी कैमरा और धर्मकांटा अनिवार्य रूप से लगाना होगा।

# बिजली के खंभे से बाइक टकराई एक की मौत, एक घायल



**बांका, एजेंसी।** बांका के सहायक थाना नवादा बाजार क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक बिजली के खंभे से टकराने पर बाइक चालक की मौत हो गई। बाइक पर सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। भागलपुर से जागरण कार्यक्रम देखकर बाइक सवार दोनों युवक घर लौट रहा था। अचानक बाइक के सामने सियार जानवर आने से बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। घटना शनिवार देर रात एक करीब 11:00 की है। रजौन प्रखंड के नवादा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमहारा-हरचंडी गांव के समीप घटना हुई है। जानकारी के अनुसार अमहारा गांव निवासी विकास मंडल के 34 वर्षीय पुत्र नवीन मंडल अपने गांव के ही एक दोस्त जीतू के साथ बाइक से भागलपुर जिले के गंगटी जागरण कार्यक्रम देखने के लिए गया हुआ था। जागरण कार्यक्रम देखने के बाद शनिवार की देर रात दोनों बाइक से अपने घर सहायक थाना नवादा बाजार क्षेत्र लौट रहा था।

इसी क्रम में नवादा थाना क्षेत्र के अमहारा-हरचंडी गांव के समीप अचानक बाइक के सामने एक सियार जानवर आ गया। इसके बाद बाइक अचानक अनियंत्रित हो कर उक्त जगह सामने बिजली पोल में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक चालक और सवार दोनों गंभीर रूप से जख्मी होकर ग्रामीण सड़क के पास फेंका गया। जिसमें बाइक चालक नवीन मंडल की मौत हो गई। वही बाइक सवार जीतू का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

नवीन मंडल की मौत की सूचना के बाद घर में कोहराम मच गया। मृतक के माता-पिता एवं पत्नी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना के बाद नवादा थानाध्यक्ष पंकज किशोर पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों से फर्द बयान लिया। मृतक के पत्नी झुना देवी एवं माता-पिता सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष पंकज किशोर ने बताया कि मृतक के शव के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के परिजनों के फर्द बयान पर मामला दर्ज पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मुजफ्फरपुर में पंचायती के बीच धारदार हथियार से किया हमला

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर राजेपुर थाना क्षेत्र इलाके के तरावा गांव में जमीनी विवाद को सुलझाने को लेकर पंचायती के दौरान दो पक्षों में लड़ाई हो गई। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष परधारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें दूसरे पक्ष के पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल अमलेश पाठक और पत्नी बबिता देवी हैं। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। आरोपी ने धारदार चाकू से दोनों पति पत्नी पर हमला कर दिया। जिसे आनन फानन में पीएचसी भर्ती कराया गया।

जमीन को लेकर विवाद में किया हमला

घायल के परिजन ने बताया कि शनिवार की देर शाम पट्टीदार से जमीन को लेकर पंचायती चल रही थी। जहां पट्टीदार दूसरे पक्ष से रमेश पाठक, अभिषेक पाठक, अभिनंदन पाठक, शोभा देवी और उर्मिला देवी के अलावा पंचायत के सरपंच और स्थानीय पैक्स अध्यक्ष मौजूद थे। पट्टीदारों को पंचायती रास नहीं आई। सभी आरोपी आक्रोश में आ गए। बोले लाओ बंदूक और हथियार फिर सभी चाकू और धारदार हथियार लेकर के हमला कर दिया। जिसमें हमारे परिवार के दो लोग घायल हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से भाग गए। मौके पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। दोनों जख्मियों को आनन फानन में इलाज हेतु पीएचसी लाया गया। जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भेजा गया है।



पूरे मामले को लेकर राजेपुर थानाध्यक्ष राधेश्याम कुमार ने बताया कि पंचायत के दौरान में घटना हुई है। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिसको की इलाज हेतु एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच किया जा रहा है पीड़ित परिवार की ओर से कई लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। अभी सभी आरोपी फरार हो गए हैं प्राथमिकी दर्ज करने की कवायद किया जा रहा है।

# मुजफ्फरपुर में जल्द बनेगा अर्बन हाट, खादी वस्तुओं के साथ ले सकेंगे बिहारी व्यंजन का स्वाद




**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मुजफ्फरपुर में अर्बन हाट बनाया जाएगा। इसके लिए पीएंडटी चौक स्थित खादी मॉल परिसर में जगह का चयन किया गया है। पर्यटन व उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा की पहल पर हाट खोलने की कवायद शुरू है, जिसकी रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई है।

खादी हाट में खादी, ग्रामोद्योगी वस्तु के साथ बिहार के व्यंजनों का भी आनंद मिलेगा। यहां पर जो स्टाल बनेंगे उसका संचालन खादी व ग्रामोद्योगी वस्तु बनाने वाली संस्थाएं करेगी। उनको वहां पर जगह मिलेगी। अभी खादी माल का संचालन बिहार राज्य खादी बोर्ड कर रहा हैं। यहां पर खादी व ग्रामोद्योगी वस्तु उत्पादन करने वाली खादी संस्थाओं का उत्पाद खादी मॉल में बिक रहा है। उत्पाद की कीमत सीधे खादी संस्थाओं के खाते में भेजी जाती है। जिला खादी पदाधिकारी रिजवान अहमद ने बताया कि अर्बन हाट में रेडिमेट कपड़े, मधुबनी पेटिंग, सूजनी कला से तैयार वस्त्र, हस्तकला, शिल्पकला, काष्ठकला की वस्तु भी मिलेगी।

इसके साथ ही खादी हाट में मोमबत्ती व अगरबत्ती, साबून, सरसो तेल, व्हाइट फिनाइल, पापड़ व बरी, सत्तू, बेसन, अचार, जूट, बांस के उत्पाद और लहठी के स्टाल होंगे। इसके साथ परिसर में बिहारी व्यंजन का विशेष स्टॉल होगा। जहां पर सपरिवार लोग बिहारी व्यंजन में खासकर तिरहुत के मशहूर व्यंजन का आनंद लेंगे।

खादी मॉल अब तक 6 दिन ही खुल रहा था, जिसकी वजह से लोग रविवार को यहां से वापस लौट रहे थे। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब खादी मॉल को रविवार को भी खोलने का फैसला किया गया है। जिला खादी पदाधिकारी ने बताया कि अब सातों दिन यहां पर सुबह 11 बजे से रात के नौ बजे तक मॉल खुला रहेगा।

परिसर में छोटे बच्चों के खेलने के लिए मिक्की माउस, टॉय कार, टॉय ट्रेन भी एक से दो दिन में यहां पर लग जाएंगी। इसके साथ अभी ठंड से बचाव के लिए ऊनी वस्त्र, टोपी, मफलर, शॉल की खास मांग है। लोगों को कश्मीरी पश्मीना शॉल और मफलर भी यहां आसानी से मिल जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला युवक का शव

**लातेहार, एजेंसी।** शनिवार को दोपहर तकरीबन 12 बजे एक युवक का शव टोरी-चेतर रेलवे लाइन के पोल संख्या 188/20 के पास रेलवे के कंक्रीट स्लीपर के पास से बरामद किया गया है। उसकी शिनाख्त गौतम डोम पिता मिसरिया डोम, सुभाषनगर (बेरमो) के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार वह पिछले एक साल से सुनील गिरि के सरोजनगर, चंदवा स्थित ढाबा में कभी कभार काम करता था। इसके अलावा जहां काम मिल जाता था वहां वह काम कर लेता था। वह नशा का आदी था। शनिवार को उसका शव कंक्रीट के स्लीपर के पास पाया गया। संभावना जतायी जा रही है कि नशे की हालत में गिरकर उसकी मौत हो गयी है। उसके चेहरे पर खून के निशान हैं।

### गोपाष्टमी पर आदर्श गोशाला में हुई गायों की पूजा

**बोकारो, एजेंसी।** गोपाष्टमी के अवसर पर शनिवार को चास के बहादुरपुर स्थित आदर्श गोशाला में गायों की विशेष सेवा व पूजन किया गया। साथ ही गोशाला में हवन यज्ञ के बाद संतों व आगंतुकों को भोजन कराया गया। गोपाष्टमी पर गोशाला में हर वर्ष गायों की सेवा की परंपरा है। विहंगम सदाफल आश्रम के अध्यक्ष सत्यनारायण गोयल ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने आज ही के दिन गोमाता की सेवा कर अन्न-जल ग्रहण किये थे। सदाफल देव आश्रम से जुड़े लोग इस परंपरा को निभाने के साथ ही गायों की रक्षा व सेवा का कार्य करते आ रहे हैं। सनातन धर्म में गाय की सेवा व गोरक्षा को सबसे बढ़ा पुण्य माना गया है। गाय का दूध अमृत के समान है, जबकि मुत्र व गोबर का व्यक्ति के स्वस्थ्य शरीर के लिए काफी उपयोगी माना गया है।

### मंडल मुर्मू को गृह मंत्रालय से मिली एक्स कैटेगरी की सुरक्षा, सिर काटने की मिली थी धमकी

**रांची, एजेंसी।** बीजेपी में शामिल हुए वीर शहीद सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू को बीते दिन सिर काटने की धमकी मिली थी। धमकी मिलने के बाद मंडल मुर्मू को गृह मंत्रालय ने एक्स कैटेगरी की सुरक्षा दी है। दरअसल सीएम सह बरहेट विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू के भाजपा में शामिल होने के बाद पिछले छह नवंबर को सेल्स एंड सर्विस नामक व्हाट्सएप ग्रुप में मंडल मुर्मू का सिर काटने पर 50 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गयी थी। इसका स्क्रीनशॉट वायरल होते ही दुमका पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं मंडल मुर्मू ने राज्य और केंद्र सरकार से सुरक्षा की मांग की थी, जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उन्हें एक्स कैटेगरी की सुरक्षा दी है।

### हेमंत सोरेन सरकार ने मात्र पांच वर्षों में झारखंड में बहाई विकास की गंगा : कल्पना सोरेन

**चतरा, एजेंसी।** हेमंत सोरेन की सरकार मात्र 5 वर्षों में झारखंड में विकास की गंगा बहाई। हेमंत सरकार ने हर वर्गों को ध्यान में रख करके कार्य किया। इस सरकार में हर लोगों को लाभ मिला है। यह बातें गांडेय विधायक व झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने कही। वे शनिवार को चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थी। इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में हेमंत सोरेन की सरकार बनी। पांच वर्षों के कार्यकाल में हेमंत सरकार ने राज्य में कई उल्लेखनीय कार्य किया। कई कल्याणकारी योजनाएं चलाए गए। पांच वर्षों में सर्वजन पेंशन योजना के तहत 40 लाख लोगों को पेंशन, 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को मैईया सम्मान योजना, दो लाख तक कृषि ऋण माफी योजना, बिजली बिल माफी योजना, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में दो सौ यूनिट तक फ्री बिजली आपूर्ति, गरीबों के लिए अबुआ आवास योजना, गरीब और अभिवंचित वर्ग की बच्चियों के लिए सावित्री बाई फुले छात्रवृति योजना, झानो फूलो योजना, मुख्यमंत्री एक्सीलेंट स्कूल से झारखंड के समस्त लोगों को लाभ पहुंचाया गया है।उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार लोक कल्याणकारी योजना बनाकर लोगों के घर-घर तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा झारखंड का निर्माण हुए 24 वर्ष गुजर गए लेकिन मूल झारखंडवासियों को उनका हक और अधिकार से वंचित रखा गया।

# देवघर में तीसरी बार बीजेपी-आरजेडी के बीच सीधा मुकाबला




**देवघर, एजेंसी।** देवघर राजनीतिक दृष्टिकोण से संताल परगना का बैरोमीटर कहा जाता है। संताल परगना की राजनीति का ताप नापना है तो देवघर से पता चल जाएगा। देवघर जिला में तीन विधानसभा है। इसमें एक देवघर। देवघर पहले बांका लोकसभा में आता था। बाद में यह गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में आ गया। देवघर विधानसभा सीट का इतिहास काफी दिलचस्प रहा है। 1951 में हुए विधानसभा चुनाव में देवघर सामान्य सीट थी। 1967 में यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गयी और आज भी है। 2026 में होने वाले परिसीमन में हो सकता है इसमें बदलाव हो जाए।

खैर बात कर रहे हैं वर्तमान चुनावी परिदृश्य की तो अभी इस सीट पर दो टर्म से भगवा लहरा रहा है। भाजपा के विधायक नारायण दास जीतते रहे हैं। इनका सीधा मुकाबला राजद के सुरेश पासवान से हो रहा है। दरअसल, 2014 में राजद से ही इस सीट को भाजपा ने छीना था। पहली बार देवघर सीट गठबंधन में जदयू से भाजपा के हिस्से आयी थी और जनता ने भरपूर वोट किया। जिसका नतीजा रहा कि नारायण 45 हजार वोट से चुनाव जीते थे, लेकिन 2019 में यह लीड घटकर पांच हजार पर आकर सिमट गयी।

2009 में जदयू से सीट झटकने वाले राजद के सुरेश पासवान तीसरी बार चुनावी रण में भाजपा प्रत्याशी नारायण दास के सामने ताल ठोक रहे हैं। इस बार के चुनाव में पिछ्ले चुनाव की कसक निकालने के लिए राजद के साथ महागठबंधन एकजुट है। 2019 में मोहनपुर निर्णायक बन गया।

यही कारण है कि दोनों प्रत्याशी मोहनपुर पर फोकस कर रहे हैं। भाजपा अपनी जड़ यहां मजबूत करने के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को रविवार को मोहनपुर में बुलायी है। यादव वोटर को साधने की जदोजहद दोनों ओर से है। हालांकि वोटर अब मतदान करने से पहले बहुत सोच समझकर निर्णय लेते हैं।

यदि महागठबंधन की गांठ मजबूत बनी तो नारायण के हैट्रिक की राह में कांटा बिछा देंगे । भाजपा को मोदी का विकास और शहर का भगवा मिजाज पर भरोसा है।

फारवर्ड ब्लॉक के भुवनेश्वर पांडेय देवघर के पहले विधायक बने थे। 1957 के चुनाव में देवघर से दो विधायकों का प्रविधान हो गया। एक सामान्य वर्ग और दूसरा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए हुआ था। इस चुनाव में सामान्य जाति से शैलबाला राय और अनुसूचित जाति से मंगूलाल दास चुनाव जीते थे। 1962 के चुनाव में देवघर को दो विधानसभा सीट में बांट दिया गया। देवघर और मधुपुर।

मधुपुर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हुआ तो देवघर सामान्य सीट बना। तब देवघर से कांग्रेस की शैलबाला राय विधायक बनी। जबकि,मधुपुर (एससी) सीट से एसडब्ल्यूए पार्टी के छड्डू तुरी चुनाव जीते थे। देवघर शहर जिला की धड़कन है। यहां अब तक तीन सामान्य व 12 एससी विधायक बने हैं। देवघर सीट से 1951 से 2014 तक सामान्य जाति के तीन प्रत्याशी विधानसभा पहुंचे। दो बार शैलबाला राय और एक बार भुवनेश्वर पांडेय देवघर के विधायक बने।

वहीं, अब तक हुए विधानसभा चुनाव में देवघर से अनुसूचित जाति के 12 विधायक चुने गये हैं। 1951 में सामान्य, 1957 में सामान्य और आरक्षित (दोनों) और 1962 में देवघर विधानसभा सीट फिर से सामान्य हो गया। लेकिन, 1967 में देवघर सीट फिर से अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कर दिया गया तो आज तक आरक्षित ही है। दूसरी ओर, मधुपुर विधानसभा सीट 1967 में आरक्षित से सामान्य सीट हो गया और आज भी मधुपुर सामान्य सीट ही है।

## मिलते-जुलते नाम वाले निर्दलीयों ने बढ़ाई नेताओं की परेशानी

**रांची, एजेंसी।** इस विधानसभा चुनाव में मिलते-जुलते नाम वाले निर्दलीयों ने नेताओं की परेशानी बढ़ा दी है। उन्हें आशंका है कि मतदाता इससे भ्रमित हो सकते हैं। ऐसे में उनकी जगह उनके हमनाम निर्दलीय को वोट चला जा सकता है। ऐसी कम से कम 10 विधानसभा सीटें हैं, जहां किसी न किसी नेता के मिलते-जुलते नाम वाले निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे हैं। समान सरनेम वाले कई निर्दलीय भी इसी तरह की परेशानी खड़ी कर रहे हैं।संताल प्रमंडल की महेशपुर सीट झामुमो की परंपरागत सीट है। यहां झामुमो ने इस बार भी पूर्व मंत्री सह निर्वतमान विधायक स्टीफन मरांडी को चुनाव मैदान में उतारा है। यहां उनके हमनाम स्टेफन मरांडी भी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इसी सीट पर एलियास हेम्ब्रम ओर इलियास किस्कू भी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं जो मिलते-जुलते नाम वाले हैं।

संताल प्रमंडल में ही एक विधानसभा सीट शिकारीपाड़ा, है जहां जोसेफ बास्की और जोसेफ बेसरा चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों निर्दलीय चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह, पलामू प्रमंडल की गढ़वा विधानसभा सीट में जहां भाजपा ने इस बार भी पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को चुनाव मैदान में उतारा है, वहीं इसी सीट पर निर्दलीय सत्येंद्र तिवारी भी चुनाव लड़ रहे हैं।

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में जहां कांग्रेस के रामेश्वर उरांव चुनाव मैदान में हैं, वहीं इस सीट पर निर्दलीय रमेश उरांव तथा रामेश्वर लोहरा भी चुनाव लड़ रहे हैं। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के ही खिजरी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कच्छप हैं तो वहां एक निर्दलीय राज कच्छप भी चुनाव लड़ रहे हैं।

कोल्हान प्रमंडल की जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा सीट हाट सीट में सम्मिलित है, जहां पूर्व मंत्री सरयू राय तथा बन्ना गुप्ता आमने-सामने हैं। इधर, जमशेदपुर पश्चिमी सीट पर एक निर्दलीय सरयू दुसाध भी चुनाव लड़ रहे हैं। सरयू राय इस बार वहां जदयू के टिकट पर बन्ना को चुनौती दे रहे हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय चुनाव लड़कर उसे हाट सीट बना दिया था।

कोल्हान प्रमंडल की पोटका विधानसभा सीट पर सरदार सरनेम वाले कई नेता चुनाव लड़ रहे हैं। झामुमो से जहां संजीव सरदार चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के टिकट पर बिजन सरदार तथा भारत आदिवासी पार्टी के टिकट पर महीन सरदार चुनाव मैदान में हैं।

## झारखंड के संसाधनों पर भाजपा की गंदी नजर है: कल्पना



**रांची, एजेंसी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन शुक्रवार को भवनाथपुर, विशुनपुर, मंझगांव और ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित विशाल जनसभाओं में केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि झारखंड की अस्मिता, संस्कृति और संसाधनों पर भाजपा की गंदी नजर है। यह समय है कि झारखंड के लोग अपने राज्य और अधिकारों की रक्षा के लिए खड़े हों।

कल्पना सोरेन ने लोगों को याद दिलाया कि झारखंड सरकार ने उनके हितों को हमेशा प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने हजारों लोगों का बिजली बिल माफ किया। मंईयां सम्मान पेंशन, राशन और विदेश में पढ़ाई के लिए विशेष योजनाओं को लागू कर झारखंड की जनता को राहत दी है।

हेमंत सोरेन एकमात्र नेता हैं, जो झारखंड के लोगों की परेशानियों में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने भाजपा की कथनी और करनी के अंतर पर भी सवाल उठाए और कहा कि भाजपा केवल खोखले वादों और दिखावे की राजनीति में विश्वास करती है। कल्पना सोरेन ने लोगों को आश्वस्त किया कि झामुमो झारखंड के मूल मुद्दों रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य व महिला सशक्तिकरण के लिए संजीदगी से काम कर रहा है। हेमंत सोरेन ही वह नाम हैं जो इन सभी मुद्दों पर जनता के साथ खड़े हैं। जनसभाओं में उमड़े विशाल जनसमूह ने कल्पना सोरेन के प्रति विश्वास और झामुमो के प्रति समर्थन को दर्शाया। उन्होंने झारखंड के विकास, सम्मान और संसाधनों की रक्षा के लिए झामुमो को समर्थन देने की अपील की, ताकि झारखंड के लोगों के हितों और अधिकारों को संरक्षित किया जा सके।

## जेएमएम प्रत्याशी महुआ माजी ने चैंबर के संवाद में लिया हिस्सा



**रांची, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार महुआ माजी ने शनिवार को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संवाद में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबड़ा ने किया। इस कार्यक्रम में चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, कार्यक्रम संयोजक शैलेश अग्रवाल, अमित शर्मा थे। इस टॉक शो में महुआ माजी ने विभिन्न मुद्दों पर व्यवसायिक समुदाय के सवालों का विस्तारपूर्वक और संतोषजनक उत्तर दिया। उनके उत्तरों में उन्होंने अपने द्वारा उठाए गए कई ठोस कदमों का जिक्र किया, जिससे उन्होंने यह साबित किया कि वह व्यापारिक समुदाय की जरूरतों को लेकर गंभीर हैं।

**झामुमो आयी तो भवन नियमितीकरण विधेयक को पास करेगी :** महुआ माजी ने विशेष रूप से कृषि उपज बाजार कर के उन्मूलन का समर्थन किया। बताया कि यदि उनकी सरकार सत्ता में आती है, तो इस कर को समाप्त करने के लिए वह हरसंभव प्रयास करेगी। बताया कि उनके प्रयासों से भवन नियमितीकरण विधेयक लाया गया था, लेकिन राजनीतिक परिस्थितियों के चलते इसे पास नहीं किया जा सका। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि जब अपर बाजार क्षेत्र में भवनों के ध्वस्तीकरण का मामला आया था, तो उन्होंने लोगों के साथ खड़े होकर प्रशासन को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनी तो भवन नियमितीकरण विधेयक को पास करवाकर व्यवसायियों को राहत प्रदान की जाएगी।

**झारखंड की प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटन के लिए उपयुक्त :** रांची में यातायात की समस्या के समाधान के लिए उन्होंने बताया कि एक दर्जन से अधिक फ्लाईओवर पाइपलाइन में हैं, जिससे शहर के जाम की समस्या कम होगी। इसके साथ ही, परिवहन नगर का निर्माण वर्तमान सरकार द्वारा किया गया है, जो व्यापारिक समुदाय के लिए एक बड़ी सहूलियत साबित हो रहा है। उन्होंने अपर बाजार, मुख्य सड़क और आस-पास के क्षेत्रों में पार्किंग की समस्या का समाधान करने के प्रति भी अपनी प्रतिबद्धता जताई।

महुआ माजी ने इस बात पर भी जोर दिया कि केंद्र सरकार को राज्य का लगभग 1,36,000 करोड़ रुपए का रॉयल्टी लौटाना चाहिए, जिससे राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। पर्यटन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर उन्होंने कहा कि झारखंड की प्राकृतिक सौंदर्य, वनस्पति और जीव-जंतु पर्यटन के लिए उपयुक्त हैं, और उनकी पार्टी इस दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य में ब्रेन ड्रेन को रोकने के लिए उनकी पार्टी मेडिकल स्कूल, इंजीनियरिंग कॉलेज जैसे उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना करेगी। महुआ माजी ने रांची को मेट्रो सिटी बनाने के अपने दृष्टिकोण को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें और उनकी पार्टी को जनता का समर्थन मिला तो वे आने वाले वर्षों में रांची को एक आदर्श शहर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। कार्यक्रम संयोजक शैलेश अग्रवाल एवं अमित शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि चुनाव के बाद जितने वाले प्रत्याशियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में चैंबर के सदस्य मौजूद थे।

## संविधान का मजाक उड़ाते हैं राहुल गांधी : अमित शाह

**पलामू, एजेंसी।** अमित शाह ने राहुल गांधी के संविधान बचाने वाली बात का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि है संविधान हमारा विश्वास का प्रतीक है। लेकिन राहुल गांधी उसका मजाक उड़ाते हैं। वे संविधान की किताब हाथ में लहराकार संविधान बचाने की बात करते हैं। लेकिन उस पुस्तक को जब खोलकर देखा गया तो वहां सिर्फ खाली पन्ना था। यह संविधान का मजाक उड़ाना है। केंद्रीय गृह मंत्री ने ये बातें शनिवार को पलामू के छतरपुर विधानसभा में पुष्पा देवी के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

अमित शाह ने छतरपुर विधानसभा में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान की बात करती है। लेकिन संविधान में कहीं पर भी धर्म के आधार पर आरक्षण देने की बात नहीं लिखी गयी है। लेकिन कांग्रेस पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देने की वकालत करती है। उन्होंने कहा कि जब तक बीजेपी है तब तक हम उनके इस षडयंत्र को कामयाब नहीं होने देंगे। अल्पसंख्यकों को आरक्षण नहीं मिलेगा।अमित शाह ने कांग्रेस पर ओबीसी विरोधी पार्टी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पिछड़े वर्ग का विरोध करने का काम किया है। मंडल कमीशन का विरोध राजीव गांधी ने किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है।

## गोविंदपुर में ट्रक से कुचलकर युवक की मौत, विरोध में 3 घंटे जाम रहा एनएच

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले के गोविंदपुर में शनिवार को जीटी रोड पर ठाकुरबाड़ी के पास क्रॉसिंग पार करते समय ट्रक की चपेट में आकर एक युवक शमशेर अंसारी (35 वर्ष) मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए युवकों ने ट्रक में तोड़फोड़ की और आग लगाने का प्रयास किया। स्थानीय कुछ लोगों के समझाने पर ट्रक जलने से बच गया। यह हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। विरोध में लोगों ने जीटी रोड को करीब 3 घंटे तक जाम रखा। जाम में धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा भी काफी देर तक फंसी रहीं।

मिली जानकारी के अनुसार, शमशेर अंसारी सरायढेला थाना क्षेत्र के कोलाकुसमा का रहने वाला था। वह शमशेर मेहरुद्दीन अंसारी का पुत्र था। वह अपने चचेरे भाई पिंटू के साथ गोविंदपुर से सब्जी खरीदकर घर लौट रहा था। क्रॉसिंग के समीप एक बाइक ने उसे धक्का मार दिया, जिससे वह सड़क पर गिर गया। तभी निरसा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। ट्रक के पहियों से कुचलकर उसका शरीर क्षत-विक्षत हो गया। इधर, सड़क जाम की सूचना पर गोविंदपुर सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे, पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली, निरसा के पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं था। बाद में जिप सदस्य सोहराब अंसारी, भाजयुमो के गोविंद राय, नागरिक समिति के आनंद जायसवाल आदि के बीच उनकी वार्ता हुई। पुलिस इंस्पेक्टर ने मृतक के परिवार को 20 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी। वहीं, सीओ ने सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। और इस अवैध कट को बंद कर सुभाष चौक कट को रविवार तक खोल देने का आश्वासन दिया। इसके बाद सड़क जाम हटाया गया।

# विकास के लिए लाल सूरज को वोट करें : इमरान प्रतापगढ़ी

**पलामू, एजेंसी।** असेंबली का यह चुनाव नहीं चुनौती है जो आनेवाले हिंदुस्तान का भविष्य तय करेगी। उक्त बातें राज्यसभा सांसद सह कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रताप गढ़ी ने कही। वे पांकी सिंचाई विभाग के मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी (इण्डिया गठबंधन) लाल सूरज के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा एक तरफ वैसी शक्तियां हैं जो झारखंड को रिमोट से चलाना चाहती और एक तरफ वैसे लोग है जो झारखंड को झारखंड से चलाना चाहते हैं। फैसला आपको करना है कि आप क्या चाहते हैं देश का संविधान खतरे में है। भाजपा संविधान को बदलना चाहती है लेकिन हमारे नेता राहुल गांधी के रहते यह नहीं हो सकता।

**राहुल गांधी संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं :** कहा कि राहुल गांधी सड़क से सदन तक संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस लड़ाई को आगे बढ़ाने में आपका साथ चाहिए। उन्होंने केन्द्र की भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि केंद्र की सरकार चन्द्र बाबू नायडू और नीतीश कुमार की वैशाखी के सहारे चल रही है। अगर महाराष्ट्र और झारखंड में इण्डिया गठबंधन की सरकार बनती है तो इस सरकार की आयु दो वर्ष कम हो जायेगी। गढ़ी ने कहा कि एक चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को भाजपा ने बगैर कोई गलती के जेल में डाल दिया। यह चुनाव बदला लेने का चुनाव है। इसलिए आने वाले तरह तारीख को पंजा छाप क्रम संख्या तीन पर अपना एक एक कीमती वोट देकर अपने भाई, अपने बेटा लाल सूरज को विजयी बनाएं। इनके नाम में सूरज लगा है इसलिए ये अगर विधायक बनते हैं तो निश्चित ही विकास रूपी रौशनी से पांकी विधानसभा को प्रकाशित करेंगे। भाजपा की नफरती राजनीति को ठुकराकर मुहब्बत की राजनीति करने वालों को अपनाएं।

उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनती है तो प्रत्येक जिले में एक एक इंजिनियरिंग कॉलेज,प्रत्येक व्यक्ति को मुफ्त सात 7 किलो राशन,चार सौ पचास 450 रुपए में गैस देने का काम करेगी। आज कल एक नारा काफी प्रचलित हो रहा है को बटोगे तो कटोगे लेकिन मैं कहता हूं जुड़ेंगे तो पढ़ेंगे, तो आगे बढ़ेंगे, विकास के पथ पर आगे बढ़ेंगे। इन दिनों भाजपा के नेता शोर मचा रहे हैं कि झारखंड में घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि भाजपा वाले प्रोपगंडा फैला रहे हैं। इनका काम ही आपसी नफरत फैलाना, लोगों को जाती धर्म पर बांटना है। लेकिन इनकी एक नहीं चलने वाली है। पांकी की जनता काफी समझदार है। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से विशेष निवेदन किया कि आपलोग एकजुट होकर लाल सूरज को जिताएं। ये आपको निराश नहीं करेंगे।



**नई पार्टियां की बुनियाद का ईंट, गारा मत बनिए :** कहा कि आजकल नई-नई पार्टियां मुस्लिम वोटरों को बरगला रही हैं। मै खासकर मुस्लिम भाइयों से विनम्र निवेदन कर रहा हूं कि नई नई पार्टियां की बुनियाद का ईंट, गारा मत बनिए और एक रहिए। अपने वोट को बर्बाद मत कीजिए और अपने लाल सूरज को विजयी बनाइए। मैं इस मंच से आपको आश्वस्त कर रहा हूं। भाजपा की बांटने की राजनीति से सावधान रहने की जरूरत है।आज मुझसे मीडिया वालों ने पूछा कि झारखंड में सात जगहों पर रेड चल रही तो मैने कहा कि इसका मतलब भाजपा झारखंड में हार रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने कहा था कि अगर हमारी सरकार बनेगी तो प्रतिवर्ष दो करोड़ लोगों को नौकरी दी जाएगी। कितने लोगों को नौकरी मिली। सब इनका घोषणा जुमला साबित हुआ।दस वर्षों में बीस करोड़ नौकरियां अभी मोदी जी के पास उधार है। उन्होंने अपनी शायरी से लोगों को खूब रिझाया।

**विधानसभा चुनाव क्षेत्र की दिशा-दशा तय करेगी: धीरज साहू :** शनिवार को पांकी सिंचाई विभाग के मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी लाल सूरज के पक्ष में महती चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि यह चुनाव आने वाले 13 तारीख को क्षेत्र की दिशा दशा तय करेगी।उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि जाति, धर्म, सम्प्रदाय के नाम पर बांटने की भाजपा की नीति रही है। झारखंड में अठारह साल भाजपा की ही सरकार थी। भाजपा वाले बताएं कि अठारह सालों में अपने झारखंड में कितना विकास किया। भाजपा के सारे आरोप राजनीति से प्रेरित रहते हैं। साहू ने कहा कि पांकी मेरी कर्मभूमि रही है। यहां के लोगों से काफी लगाव रहा है। मैं उपस्थित भीड़ सहित क्षेत्र की जनता से निवेदन करता हूं कि आनेवाले 13 तारीख को पहले मतदान करें फिर जलपान करें। जलपान तो रोज करना है लेकिन यह लोकतंत्र का महापर्व पांच वर्षों में एक ही बार आता है।




# संपादकीय

## इंटरनेट की दुनिया का भ्रम

इंटरनेट का चलन शुरू होने के बाद ज्ञान और विमर्श की दुनिया काफी सहज और विस्तृत हो गई थी। कहा गया कि यह दुनिया के सबसे बड़े पुस्तकालय के रूप में काम करेगा। यहां तमाम सूचनाएं, अध्ययन, विचार-विमर्श, ज्ञानात्मक सामग्री एक बटन दबाने भर से उपलब्ध हो जाएंगे। निस्संदेह ऐसा हुआ भी। मगर जिस तरह सूचनाओं का आदान-प्रदान एक बड़े व्यवसाय के रूप में आकार लेता गया, उसमें नकल और चोरी बढ़नी शुरू हो गई।भ्रामक, आधी-अधूरी, भड़काऊ, उत्तेजना पैदा करने वाली जानकारियों की भरमार होती गई। इंटरनेट पर विकिपीडिया नामक मंच इसी मकसद से शुरू किया गया था कि वहां व्यक्तियों, घटनाओं, इतिहास, भूगोल, विज्ञान के विभिन्न अनुशासनों आदि से संबंधित तमाम जानकारियां एक जगह उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस मकसद में यह मंच काफी सफल भी हुआ।मगर चूंकि इसे एक खुले मंच के तौर पर विकसित किया गया है, कोई भी व्यक्ति उससे जुड़ कर वहां उपलब्ध सामग्री को संपादित कर सकता है। उसके गलत तथ्यों को दुरुस्त कर या नए तथ्य जोड़ सकता है, इसमें मनमानी के अवसर अधिक हैं। कोई भी व्यक्ति अपने विचारधारात्मक दुराग्रहों के चलते तथ्यों के साथ छेड़छाड़ कर सकता है, उन्हें तोड़-मरोड़ कर या भ्रामक ढंग से पेश कर सकता है। ऐसे अनेक उदाहरण मौजूद हैं और यह सिलसिला लगातार बढ़ता देखा जा रहा है।चूंकि बहुत सारे लोग पुस्तकालयों की खाक छानने, मूल पुस्तकों या दस्तावेजों को खंगालने के बजाय विकिपीडिया जैसे इंटरनेट माध्यमों को सुगम मानने लगे हैं, वे वहां मौजूद भ्रामक और गलत जानकारियों को सही मान कर तथ्य रूप में पेश करते देखे जाते हैं। इससे कई बार विचित्र स्थिति पैदा हो जाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष वकीलों को स्पष्ट हिदायत दी थी कि वे कानूनों का हवाला देने के मामले में विकिपीडिया पर निर्भर न रहें, मूल स्रोतों का ही उपयोग करें।तब भी विकिपीडिया की जवाबदेही रेखांकित हुई थी। अब केंद्र सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने विकिपीडिया को पत्र लिख कर पूछा है कि आपको क्यों न सूचना प्रदाता मंच के बजाय एक प्रकाशक माना जाए। देखना है, विकिपीडिया इस पर क्या जवाब देता है। पर हकीकत यही है कि विकिपीडिया अपने स्वरूप में एक प्रकाशक की तरह ही काम करता है। प्रकाशक को सूचना और बौद्धिक संपदा से जुड़े कानूनों का पालन करना अनिवार्य होता है। इस तरह वह अपने किसी भी प्रकाशन के प्रति कानूनी रूप से जवाबदेह होता है। विकिपीडिया उन जवाबदेहियों से मुक्त है।

## रिश्तों पर आशा

भारत और अमेरिका के आपसी रिश्ते अब उस अवस्था में नहीं रह गए हैं कि उन्हें किसी खास पार्टी या नेता की अगुआई वाली सरकार की दरकार हो। लेकिन इसके बावजूद अगर अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप का फिर से राष्ट्रपति चुना जाना द्विपक्षीय रिश्तों के लिहाज से एक उत्साहपूर्ण घटना मानी जा रही है, तो यह बेवजह नहीं है। दोनों देशों के रिश्तों के कई ऐसे पहलू हैं जहां वाइट हाउस में ट्रंप की मौजूदगी का प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने की उम्मीद की जा रही है।जब से यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, भारत ने यह स्पष्ट नीति रखी है कि वह युद्ध के खिलाफ है, लेकिन रूस से अपनी पुरानी मित्रता पर कोई समझौता नहीं करने वाला। मोटे तौर पर सभी पक्षों ने भारत के इस रुख को स्वीकार भी किया है, लेकिन फिर भी बाइडन सरकार ने इस पर अपनी नाखुशी जताने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं दिया। अब ट्रंप के आने के बाद इस मोर्चे पर राहत की उम्मीद कई वजहों से है। अव्वल तो खुद ट्रंप कह चुके हैं कि वह रूसी राष्ट्रपति पूतिन को पसंद करते हैं। दूसरी बात यूक्रेन युद्ध पर उनका घोषित रुख भी बाइडन से अलग रहा है।ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान चीन के साथ ट्रेड वॉर की पृष्ठभूमि में देखें तो यह संभावना निराधार नहीं है कि हिंद-प्रशांत में चीन की बढ़ी हुई आक्रामकता पर उनका रुख बाइडन सरकार के मुकाबले और कड़ा हो सकता है। दूसरे शब्दों में, उनकी नजर में भारत की अहमियत और ज्यादा होगी। हालांकि इसका नतीजा क्वॉड जैसे मंचों को सामरिक रूप देने पर जोर के रूप में भी आ सकता है, जिससे भारत इनकार करता रहा है।चीन के प्रति ट्रंप के संभावित कड़े रुख के साइड इफेक्ट के रूप में भारत को बेहतर मौके मिलें तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। चीन से मुंह मोड़ने वाली कई कंपनियां भारत को विकल्प के रूप देख सकती हैं। वैसे भी ट्रंप के अगले कार्यकाल में अमेरिका और भारत के बीच रक्षा सहयोग बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।

# भारतीय रेलवे : पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित

**ए. के. खंडेलवाल**

**सेवानिवृत्त सदस्य इंफ्रा रेलवे बोर्ड, पदेन सचिव, भारत सरकार**




भारतीय रेलवे में सुरक्षा पहले से कहीं अधिक बेहतर हो गई है, जिसका श्रेय पिछले दशक में की गई योजनाबद्ध पहलों को दिया जा सकता है। भारतीय रेलवे दुनिया का सबसे व्यस्त यात्री परिवहन नेटवर्क है और रेल-यात्री परिवहन में इसका विश्व में पहला स्थान है। रेलवे हर साल 1 लाख करोड़ यात्री किलोमीटर (पीकेएम) से अधिक की दूरी तय करती है और 685 करोड़ से अधिक यात्रियों को सफर कराती है। यह आँकड़ा चीन से भी काफी बड़ा है, जहाँ अपने विशाल नेटवर्क और आबादी के बावजूद लगभग 300 करोड़ यात्री ही रेल का उपयोग करते हैं। सुरक्षा में इस उल्लेखनीय सुधार का प्रमाण दुर्घटनाओं की घटती संख्या से मिलता है। जहाँ 2000-01 में 473 बड़ी रेल दुर्घटनाएँ हुई थीं, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर केवल 40 रह गई है। यह गिरावट ट्रैक सुधार, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को हटाने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी और डिजिटल तकनीक के प्रयोग से संभव हुई है। रेलवे के सुरक्षा प्रयासों को यात्री और पटरियों की लंबाई के आधार पर और भी सराहा जा सकता है। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक लोग 70,000 किलोमीटर लंबे नेटवर्क पर यात्रा करते हैं।

त्यौहारों के समय यह संख्या 3 करोड़ तक पहुँच जाती है। इसका मतलब है कि भारत में प्रतिदिन लगभग 2% लोग सुरक्षित रूप से रेल से सफर करते हैं, जबकि चीन में यह आँकड़ा 0.58% और अमेरिका में मात्र 0.09% है। भारतीय रेलवे के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह 2023-24 में सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्पष्ट होता है, और चालू वित्त वर्ष में इससे भी अधिक खर्च करने की योजना है। इसका उद्देश्य रेलों, पुलों, पटरियों और संकेत प्रणालियों के रखरखाव में सुधार करना है। साथ ही, ओवर- और अंडर-ब्रिज के निर्माण के माध्यम से पटरियों के निकट की सड़क सुरक्षा में भी सुधार किया जाएगा। रेलवे सुरक्षा प्रदर्शन का एक प्रमुख सूचकांक 'प्रति दस लाख ट्रेन किलोमीटर पर दुर्घटना की संख्या' (एपीएमटीके) है, जो 2000-01 में 0.65 से घटकर 2023-24 में 0.03 पर आ गया है। यह सुधार अत्याधुनिक तरीकों और उन्नत तकनीकों के उपयोग के कारण संभव हुआ है, जैसे कि बेहतर पटरी रखरखाव, पटरी दोषों का पता लगाने में सुधार, रेल वेल्ड विफलताओं को रोकना और मानवीय त्रुटियों को कम करना।

पटरी रखरखाव में सुधार के लिए आधुनिक मशीनों की तैनाती में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहाँ 2013-14 में केवल 700 मशीनें उपयोग में थीं, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 1,667 हो गई है। इसके अतिरिक्त, परिसंपत्ति की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए पूरे नेटवर्क में रेल ग्राइंडिंग का भी उपयोग किया जा रहा है। जिससे पटरियों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। इसके साथ ही,उपद्रवी गतिविधियों, पटरियों से छेड़छाड़ और पटरियों पर अवरोध वस्तुओं के कारण होने वाले जोखिमों से निपटने के लिए नियमित गश्त की जाती है। यात्रियों की सुरक्षा से आगे बढ़कर, रेलवे अब वन्यजीव और पशुधन की सुरक्षा पर भी ध्यान दे रही है। 2024-25 तक 6,433 किलोमीटर रेलवे ट्रैक के किनारे बाड़ लगाने का लक्ष्य है, जिसमें से अगस्त 2024 तक 1,396 किलोमीटर पर काम पूरा कर लिया गया है। इससे मवेशियों के साथ टकराव की घटनाओं में कमी आएगी। इन परिणामों को बनाए रखने और सुधार करने के लिए भारतीय रेलवे ने तकनीकी कार्यक्रमों और लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अपनाया है। इस पहल के तहत लोकोपायलटों को कोहरे वाले क्षेत्रों में परिचालन में सहायता के लिए जीपीएस-आधारित फॉग-पास डिवाइसेस की संख्या में वृद्धि की गई है, जो 2014-15 में केवल 90 थी और अब बढ़कर 21,742 हो गई है। लोकोपायलटों की सतर्कता बढ़ाने के लिए सभी लोकोमोटिव में सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) लगाए गए हैं, जिनकी संख्या 2013-14 में 10,000 से बढ़कर अब 16,021 हो चुकी है। सुरक्षा उपायों के अंतर्गत, बड़ी पटरी (ब्रॉड-गेज) मार्गों पर स्थित 6,637 स्टेशनों में से 6,575 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग, रूट रिले इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत संकेत प्रणालियाँ स्थापित की गई हैं। लोकोपायलटों की दक्षता को बेहतर बनाने के लिए ड्राइविंग कौशल और प्रतिक्रिया समय में सुधार के उद्देश्य से सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय अनुभव का अनुकरण करता है। अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को अग्निशमन और अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। 2023-24 के दौरान 6 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों ने प्रारंभिक, प्रगति-उन्मुख, पुनः अभ्यास और विशिष्ट जैसे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोत्तम प्राथमिकता देते हुए, एलएचबी कोचों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, जो बेहतर दुर्घटना-रोकथाम सुविधाओं से लैस हैं। इन कोचों का डिज़ाइन इस तरह किया गया है कि यह रेल के पटरी से उतरने और यात्रियों के घायल होने की संभावना को कम करता है। टक्कर के दौरान एक-दूसरे पर चढ़ने से बचने के लिए इन्हें इस प्रकार से बनाया गया है कि ये 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति पर भी सुरक्षित तरीके से परिचालित हो सकें। इसकी उत्पादन संख्या में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। 2023-24 में 4,977 एलएचबी कोच बनाए गए हैं, जो 2013-14 के 2,467 से दोगुने से भी अधिक हैं। इन सभी प्रयासों से भारतीय रेलवे पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हो गई है। यात्री सुरक्षा और रेलवे में सुधार की दिशा में निरंतर प्रयास इसे एक सुरक्षित और विश्वसनीय परिवहन विकल्प बनाते हैं।

# डोनाल्ड ट्रंप की इस प्रचंड जीत से दुनिया की सेहत पर क्या बड़ा फर्क पड़ने वाला है?

**(नीरज कुमार दुबे)**

इस चुनाव की खास बात यह भी रही कि अमेरिका में भी चुनाव सर्वेक्षण विफल साबित हुए हैं। पहले सबने अनुमान लगाया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बहुत कांटे की टक्कर रहने वाली है और इस बार का चुनाव अमेरिकी इतिहास में सबसे करीबी मुकाबले के रूप में देखा जायेगा। अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव जीत कर डोनाल्ड ट्रंप ने वो कर दिखाया है जो इससे पहले कोई अमेरिकी नेता नहीं कर सका था। ट्रंप चार साल व्हाइट हाउस से बाहर रहे। तमाम मुकदमे झेले, कोर्टों के चक्कर लगाये, चुनाव प्रचार के दौरान खुद पर गोली झेली। हम आपको याद दिला दें कि चुनाव प्रचार की शुरुआत में जानलेवा हमले में ट्रंप बाल-बाल बचे थे। उस समय गोली उनके कान को छूकर निकल गयी थी लेकिन अमेरिका को महान बनाने का संकल्प लेकर ट्रंप ने लोगों का समर्थन मांगा और उन्हें भरपूर समर्थन मिल भी गया। ट्रंप पिछला चुनाव करीबी मुकाबले में हार गये थे लेकिन इस बार उन्होंने अच्छे अंतर से चुनाव जीत कर साबित कर दिया है कि जनता का विश्वास उनके साथ है। ट्रंप के रहते आतंकवादी और उनके आका अपने बिल से बाहर निकलने का साहस नहीं जुटा पाते थे लेकिन पिछले चार सालों में दुनिया में आतंक बढ़ा और अमेरिका के समक्ष भी तमाम नई चुनौतियां खड़ी हुईं। उम्मीद है कि अब ट्रंप के कड़े रुख के चलते आतंकियों, उनके मददगारों और अमेरिकी जनता से पैसे ऐंठ रहे देशों की मौज-मस्ती खत्म होने होगी। इस चुनाव की खास बात यह भी रही कि अमेरिका में भी चुनाव सर्वेक्षण विफल साबित हुए हैं। पहले सबने अनुमान लगाया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बहुत कांटे की टक्कर रहने वाली है और इस बार का चुनाव अमेरिकी इतिहास में सबसे करीबी मुकाबले के रूप में देखा जायेगा। लेकिन ट्रंप की निर्णायक जीत ने सारे चुनाव पूर्व अनुमानों को गलत साबित कर दिया है। इसके अलावा, कमला हैरिस को जिस तगड़े चुनाव प्रचार के बावजूद करारी हार झेलनी पड़ी उससे यह अनुमान भी सहज ही लगाया जा सकता है कि यदि ट्रंप के मुकाबले जो बाइडन मैदान में उतरे होते तो उन्हें कितनी तगड़ी हार झेलनी पड़ती। दुनिया के लिए क्या होंगे ट्रंप की जीत के मायने, अगर इस पर बात करें तो आपको बता दें कि अब मध्य-पूर्व में जारी जंग और यूक्रेन-रूस युद्ध खत्म होने के आसार बढ़ सकते हैं क्योंकि ट्रंप ने जीत के बाद भी कहा है कि वह युद्ध नहीं चाहते। इसके अलावा, विदेश से सभी सामानों के आयात पर 20 प्रतिशत सार्वभौमिक शुल्क लगाने की ट्रंप की योजना है। ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान चेतावनी दी थी कि चीन पर 60 प्रतिशत से लेकर 200 प्रतिशत तक शुल्क लगाया जा सकता है। हालांकि यह इससे ज्यादा भी हो सकता है। इन कदमों से मुद्रास्फीति बढ़ने और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचने की आशंका है। साथ ही ऐसे कदमों से प्रतिशोध, व्यापार युद्ध और वैश्विक अर्थव्यवस्था तहस-नहस होने का भी अंदेशा है। इसके अलावा, अब यह भी देखना होगा कि मित्र देशों को शत्रु देशों से बचाने की अमेरिकी प्रतिबद्धता का क्या होता है। हम आपको बता दें कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य होने के नाते इसके अन्य सदस्यों की मदद के लिए आगे आना अमेरिका का दायित्व है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-5548

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 3 | | | 1 | |
| 1 | 3 | 9 | | 8 | 2 | | 6 | |
| 6 | | | | | | | 8 | |
| 7 | | 2 | | | | | | 1 |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 9 | | 6 |
| | 8 | | | | | | | 5 |
| | 5 | | 1 | 4 | | 2 | 9 | 7 |
| | 1 | | | 9 | | | 3 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5547

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 5548




**संकेत: बाएं से दाएं**

1. संसार की सबसे अधिक सड़के इस देश में है(3)
4. भारत की इस नदी को वृद्धगंगा भी कहा गया है (4)
7. राजपत्र को यह भी कहते है (3)
8. वह जो दूसरों को कुछ न कुछ देते रहता हो (3)
9. कुछ समय के लिए रोकने का भावख निलंबन, रूकाव (2)
11. इस कृति के लिए महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ था (2)
13. छंद गति, संगीत तर्ज, नीर और क्षीर मिश्रण (2)
15. आतंकानुभाती, मनोघात, फोबिया, भयानुभूति (3)
16. सुंदर स्त्री, पूर्व प्रसारित टीवी धारावाहिक महाभारत में कुंती की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री (4)
17. घात स्थान या संधि गुप्त को यह भी कहा जाता है (5)
20. पशु, मवेशी (4)
21. ज्वेल बीयरिंग, हीरा (3)
22. नासमझ, अनुभवहीन, भोला (3)

**ऊपर से नीचे**

1. तकदीर या किस्मत के सितारे चमकना, भाग्योदय होना (5)
2. पराग के कण, धूल, गर्द (2)
3. दलबंदी से दूर रहने वाला, उदासीन (3)
4. यह मुंशी प्रेमचंद का अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण उपन्यास माना जाता है (3)
5. देने वाला, दायक (2)
6. विवाह हेतु वर का वधू के यहां संबंधी रिश्तेदारों को यहां जाना (4)
10. घारे ध्वनि करना, तेज आवाज करना (6)
12. माह, तीस दिनों का समय, महीना (2)
14. यज्ञपति, भूतिभर्ता (4)
15. निसंतान, बेओलाद, वंशहीन (5)
18. मांद, गड्डा, गुहा (2)
19. रूक-रूककर बोलने वाला और अस्पष्ट उच्चारण करने वाला (3)
20. हरियाणा की प्रसिद्ध जाति (2)

### वर्ग पहेली 5547 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | त्त | र | प्र | दे | श | | गो |
| मा | | ज | ति | न | | स | दा |
| भा | र | त | | दा | | ल | व |
| र | ज | | गो | र | स | | री |
| ती | त | र | | | र्व | | |
| | प | व | न | पु | त्र | | स |
| अ | ट | क | ल | | | ता | ज |
| ज | | ना | क | र | ग | ड़ | ना |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन भाग्यशाली है और आपकी योजनाएं सफल होने से मन में काफी प्रसन्नता रहेगी। आपके लिए सांसारिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी। आपका ज़्यादातर समय ज़रूरी चीज़ों की खरीदारी में बीतेगा। घर के बड़े बुजुर्गों से बहस करने से बचें। उनकी सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। आपको इस मामले में सोचसमझकर काम करने की जरूरत है।

### वृष
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके जीवन में तरक्की के योग बन रहे हैं। आपको किस्मत का साथ मिलेगा और कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग बने हैं। आपके काम को देखकर ऑफिस आपको कुछ नए अधिकार मिल सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आपके घर में अगर किसी की शादी की बात चल रही है तो उसमें लेनदेन को लेकर बात हो सकती है।

### मिथुन
आज दिन लाभ और तरक्की से भरा होगा। सभी की भावनाओं का सम्मान करें। आपको दूसरों की बातें भी सुननी चाहिए। ऑफिस में टीम वर्क से ही आप किसी भी समस्या का समाधान खोज लेंगे। कोई मेहमान आपके घर का सकता है और इससे आपका काम और खर्च दोनों काफी बढ़ जाएंगे।

### तुला
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य का साथ मिलेगा। आपके सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाएगी। व्यापार में आपके पार्टनर और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। कर्ज से मुक्ति मिलेगी। आपको अचानक से लाभ होने के योग हैं। सावधान रहें, आपको कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा।

### वृश्चिक
आज भाग्य साथ देगा और आज आपको अचानक से किसी से लाभ मिलने की पूरी संभावना है। अचानक आपको किसी काम में फायदा हो सकता है। नए काम को शुरू करने से पहले उसके कानूनी और तकनीकी पहलुओं पर अच्छी तरह से विचार कर लें। घर के अधूरे कामों को पूरा करने का मौका मिलेगा। आपको कोष में इजाफा होगा और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### धनु
आज लाभ होगा और आपकी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। आपको अच्छी संपत्ति और लंबे समय से रुके हुए धन की प्राप्ति कराएगी। नए रिश्ते मजबूत होंगे। राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में भी आपको सफलता मिल सकती है, बस प्रयास करते रहें। रात का समय परिवार के साथ सुख में बीतेगा और आपको कहीं आउटिंग पर जाने का मौका मिल सकता है।

### कर्क
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप राजनीति के क्षेत्र में मनचाही सफलता पाएंगे। आपको सक्रिय राजनीति में भाग लेने का मौका मिल सकता है। प्रतियोगिता में आपके विरोधी पीछे रह जाएंगे। दिन का उत्तरार्ध भी आपके लिए शुभ और मान-सम्मान में वृद्धि लाने वाला रहेगा। धार्मिक कार्यों पर खर्च हो सकता है।

### सिंह
आज दिन शुभ है और आज आपके लिए अच्छी संपत्ति की प्राप्ति के योग बने हैं। आपको खोया हुआ धन वापस मिल सकता है। किसी कठिन समस्या का समाधान बातचीत के ज़रिए हो जाएगा। आपकी योजनाएं सफल होंगी और आपके लिए तरक्की के संयोग बन रहे हैं। कोई आपसे मिलने आपके घर आ सकता है। घर के रुपये-पैसे और संपत्ति की बातें उससे न करें।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। बहन, भाई के विवाह जैसे मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल होने का मौका मिलेगा। कोई पुराना मित्र या रिश्तेदार अचानक आपसे मिलने आ सकता है। आज किसी को उधार बिल्कुल न दें।

### मकर
आज दिन खुशियों भरा रहेगा। बिजनस के सिलसिले में किसी से सलाह लेनी पड़ सकती है। दिन के दूसरे हिस्से में महिला मित्रों के साथ समय बीतेगा। ऑफिस हो या घर, आप अपनी सभी ज़िम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। आपके परिवार के लोग आपकी मदद करेंगे और आपको लाभ देंगे। परिवार के लोगों से आपको हर प्रकार का आसरा और मदद मिल सकती है।

### कुंभ
आज करियर के मामले में दिन मिलाजुला रह सकता है। आप अपने पुराने कर्जों से मुक्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके सुझावों को स्वीकार किया जाएगा। घर के कुछ ज़रूरी सामान खरीदने पड़ सकते हैं। अपने खर्च पर नियंत्रण रखें। शाम का समय परिवार के साथ बिताएंगे तो आपको लाभ होगा और खुशी होगी। आपके धन में वृद्धि होगी और आप आगे बढ़कर जिम्मेदारियों को निभाएंगे।

### मीन
आज भाग्य साथ दे रहा है और कोई प्रियजन आपके पास आ सकता है। आपको नौकरी और कारोबार में मित्रों का पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है और आपके धन में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। अपने आसपास खुशनुमा माहौल बनाने की कोशिश करें। ऑफिस में अचानक कोई बदलाव आपको हैरान कर सकता है। महिला सहकर्मी और अधिकारी आपका सहयोग करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### हार के बाद ढीले पड़े हुड्डा के तेवर, नेता प्रतिपक्ष के सवाल पर बोले- हाईकमान तय करेगा

**रोहतक, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद पूर्व सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के तेवर नरम हो गए हैं। पहले नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर दावा ठोकने वाले भूपिंदर हुड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि विधानसभा में विधायक दल का नेता चुने जाने को लेकर हम सभी विधायकों ने प्रस्ताव पास करके पार्टी हाईकमान को भेज दिया है। अब फैसला पार्टी हाईकमान के हाथों में है। 13 नवबंर से शुरु होने वाले हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए अब तक नेता प्रतिपक्ष पद की घोषणा नहीं हुई है। रोहतक में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि पार्टी हाईकमान अभी महाराष्ट्र चुनाव में व्यस्त है मेरा मानना है कि पद का फैसला महाराष्ट्र चुनाव के बाद ही होगा। वहीं जब हुड्डा से बिना नेता प्रतिपक्ष के विधानसभा चलने को लेकर प्रश्न किया गया तो उन्होंने कहा कि विधानसभा में एक मजबूत विपक्ष है और वैसे भी अभी विधानसभा का सत्र बिना प्रश्न काल के हो रहा है। हाल ही में संपन्न हुए हरियाणा चुनावों में कांग्रेस के प्रदर्शन में तो सुधार हुआ है लेकिन वह बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाई थी। कांग्रेस ने विधानसभा में 37 सीटों पर जीत दर्ज की है ऐसे में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस का होगा यह तो तय है लेकिन कौन होगा इस पर अभी चर्चा जारी है। पिछली पंचवर्षीय में भूपिंदर सिंह हुड्डा ही नेता प्रतिपक्ष के पद पर थे।

### खेतों में खूब उठ रहीं आग की लपटें, हरियाणा में पराली जलाने से नहीं बाज आ रहे लोग

**कैथल, एजेंसी।** सरकारों के तमाम प्रतिबंधों और उपायों के बावजूद भी हरियाणा में पराली जलाने पर रोक नहीं लग पाई है। अभी भी खेतों मे भयानक तरीके से जलती हुई पराली देखी जा रही है। पराली के जलने से उड़ा यह धुंआ दिल्ली की सांसे जाम कर रहा है। पराली को जलाने से रोकने के लिए मिनस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट, फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज ने कुछ दिन पहले ही नोटिफिकेशन जारी करके पाराली जलाने वाले किसानों पर दोगुना जुर्माना लगाने को कहा था। लेकिन इसके बाद भी हरियाणा और पंजाब में लगातार पराली जलाई जा रही है। न्यूज एजेंसी एएनआई के सोशल मीडिया पोस्ट में हरियाणा के कैथल में एक खेत में पराली में लगी हुई आग देखी जा सकती है। पूरे खेत में लगी यह आग भयंकर लपटों के साथ जल रही है। हरियाणा के अलावा पंजाब में भी तमाम जुर्मानों और सरकारी सख्ती के बाद भी किसानों ने पराली जलाने को जारी रखा हुआ है। पंजाब के भठिंड़ा में भी खेतों में पराली के जलाने के वीडियो सामने आए हैं। पराली जलाने से किसानों को रोकने के लिए नोटिफिकेशन जारी होने के बाद सीएक्यूएम ने संबंधित राज्यों के अधिकारियों से कहा था कि अगर पराली जलाने के मामले सामने आते हैं तो उन किसानों पर नई दरों के हिसाब से जुर्माना लगाया जाए।

### युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की खुदकुशी, घर पहुंची पुलिस तो वहीं दो लाशें और पड़ी थीं

**मंगलुरु, एजेंसी।** मंगलुरु के मुल्की पुलिस थाना क्षेत्र के पक्षीकेरे इलाके में एक युवक ने अपनी पत्नी और चार वर्ष के बेटे की कथित तौर पर चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी और उसके बाद ट्रेन के सामने कूदकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने ॉ बताया कि पुलिस को आज दोपहर घटना के बारे में जानकारी मिली जिसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आठ नवंबर को अपराह्न 12 बजकर 40 मिनट पर कार्तिक भट्ट (32) ने मुल्की पुलिस थाना क्षेत्र के कलापुर रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि शुरुआत में शव की पहचान नहीं हो पाई क्योंकि शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था और घटनास्थल पर कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज भी नहीं मिले। उसने बताया कि आज सुबह घटनास्थल की तलाशी के दौरान पुलिस को एक मोटरसाइकल की चाबी मिली। पुलिस को शक हुआ कि यह चाबी कार्तिक की मोटरसाइकिल की हो सकती है।

# अगर इंसाफ है, तो इंडिया सेफ है, अगर संविधान बरकरार है, तो समानता है: असदुद्दीन ओवैसी

**संभाजी नगर, एजेंसी।**
ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने पीएम मोदी के एक हैं तो सेफ हैं वाले पर शनिवार को तीखी प्रतिक्रिया दी। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा, पीएम मोदी एक करना चाहते हैं, आरएसएस एक करना चाहता है। मैं प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहता हूं, अगर इंसाफ है, तो इंडिया सेफ है। अगर संविधान बरकरार है, तो समानता है। अगर आंबेडकर जिंदा हैं, तो गोडसे मुर्दा है। मोदी तो महाराष्ट्र चुनाव को मराठा बनाम ओबीसी बनाना चाहते हैं। मैं हब्ब्ष्ट भाइयों से कहता हूं कि इस साजिश में मत आना।

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि वे (पीएम मोदी) एक की बात कर रहे हैं। हम अनेक की बात कर रहे हैं। वे एक के नाम पर सबको आपस में लड़ाना चाहते हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं की 'वोट जिहाद' टिप्पणी पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सवाल किया कि क्या वे प्रधानमंत्री के अरब देशों के दौरे के समय भी इसी भाषा इस्तेमाल करते हैं। हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ने सत्तारूढ़ पार्टी पर महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या जैसे मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने छत्रपति संभाजीनगर में औरंगाबाद मध्य निर्वाचन क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं से बातचीत की।

**वोट जिहाद की बात कर रहे फडणवीस:** एआईएमआईएम ने इस निर्वाचन क्षेत्र से नसीर सिद्दीकी को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला



20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना के मौजूदा विधायक प्रदीप जायसवाल और शिवसेना (यूबीटी) के बालासाहेब थोराट से है। ओवैसी ने पूछा, 'उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस राज्य में वोट जिहाद की बात कर रहे हैं। लेकिन क्या वे उसी भाषा का इस्तेमाल तब भी करते हैं जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अरब देशों का दौरा करते हैं।' उन्होंने दावा किया कि औरंगाबाद संभाग में 324 किसान आत्महत्या कर चुके हैं, लेकिन कोई इसकी चर्चा नहीं करता है।

ओवैसी ने कहा, 'इसके बजाय, फडणवीस को वोट जिहाद याद आ रहा है। वे सिर्फ एक समुदाय को निशाना बना रहे हैं। उन्हें जवाब देना चाहिए कि वे मराठा समुदाय के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने में विफल क्यों रहे।' उन्होंने मराठाओं, मुसलमानों और दलितों से एकजुट रहने की भी अपील की। ओवैसी कहा कि महाराष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए यह समय की मांग है कि मराठा, मुस्लिम और दलित एकजुट रहें। सद्भाव से रहें। औरंगाबाद मध्य विधानसभा सीट राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र का हिस्सा है, जहां कार्यकर्ता मनोज जरांगे शिक्षा और सरकारी नौकरियों में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

**ओवैसी बोले- जिहाद कहां से आ गया?:** महाराष्ट्र में कुछ एनजीओ की ओर से वोट जिहाद का प्रचार करने के आरोपों के बारे में ओवैसी से पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि कानून का पालन करते हुए कोई भी चुनाव प्रचार कर सकता है। उन्होंने पूछा कि इसमें जिहाद कहां से आ गया? फडणवीस ने विपक्षी महा विकास आघाडी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 सीट में से 14 सीट पर वोट जिहाद देखा गया।

## बंगाल में भाजपा कार्यालय में पार्टी नेता की मिली लाश, महिला ने हथियार से हमला करने की बात कबूली

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में भाजपा कार्यालय के अंदर पार्टी के नेता पृथ्वीराज नस्कर का शव बरामद किया गया, जो सोशल मीडिया अकाउंट का मैनेजमेंट देखते थे। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। खून से लथपथ नस्कर का शव शुक्रवार रात पार्टी कार्यालय में मिला। उसके परिवार के सदस्यों ने कहा कि वह 5 नवंबर से लापता था। इस घटना को लेकर भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा। पुलिस का कहना है कि हत्या के सिलसिले में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है और हत्या का कारण व्यक्तिगत हो सकता है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार महिला ने नस्कर पर धारदार हथियार से हमला करने की बात कबूल की है। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच और मोबाइल फोन की जानकारी जुटाने के बाद महिला को पास के इलाके से पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान उसने कबूल किया कि उसने अपराध किया है। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच की जा रही है कि क्या उसे किसी और ने मदद की थी या उकसाया था। भाजपा ने शव का पोस्टमार्टम केंद्र सरकार के स्वामित्व वाले अस्पताल में किए जाने की मांग की है।

**पोस्टर लगाने के लिए मिली थीं धमकियां:** मृतक के पिता अमरेंद्र नस्कर ने आरोप लगाया कि यह एक राजनीतिक हत्या है। उन्होंने कहा कि उनके बेटे को दुर्गा पूजा के दौरान 'अभया के न्याय' के पोस्टर लगाने के लिए धमकियां मिली थीं। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने उनके बेटे को यह पोस्टर लगाने के लिए धमकाया था। स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता इमरान हसन ने कहा कि भाजपा आपसी लड़ाई में शामिल थी। उन्होंने सवाल किया कि शव भाजपा कार्यालय में क्यों मिला। पुलिस का कहना है कि हर एक ऐंगल से घटना की जांच की जा रही है। गिरफ्तार की गई महिला से भी आगे का सवाल-जवाब जारी है।

## सच का सामना हमेशा झूठ के साथ होता है और समय आने पर सच की जीत होती है: सीएम सुक्खू

**मुंबई, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में टॉयलेट टैक्स के बाद अब समोसा कांड काफी चर्चा में है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पहली बार इस मुद्दे पर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा, सच का सामना हमेशा झूठ के साथ होता है और समय आने पर सच की जीत होती है। सीएम सुक्खू ने मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तंज भरे लहजे में कहा कि जब मैं कांग्रेस के दफ्तर पहुंचा तो पवन खेड़ा ने मुझे समोसा खिलाया। तब मैंने पूछा कि यहां की राजनीति समोसे पर हो रही है या फिर विकास, महिलाओं के सम्मान पर हो रही है।

उन्होंने कहा, महाराष्ट्र की तरह हिमाचल में भी ऑपरेशन लोटस हुआ। जिन गलतियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता हर बार सियासी रोटियां सेंकते हैं, मैं पहले उनपर बात करना चाहता हूं। हमारी सरकार ने पहली ही कैबिनेट में सभी सरकारी कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम से नवाजा है। इसके अलावा अपने वादों को पूरा करने में सरकार ने कसर नहीं छोड़ी है।

**क्या है समोसा कांड:** 21 अक्टूबर को सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू सीआईडी के कार्यालय गए थे। यहां समोसे और केक का ऑर्डर दिया गया था। लेकिन हुआ यह कि खाने के ये सामान सीएम तक नहीं पहुंचे और सुरक्षाकर्मियों को परोस दिए गए। इसके बाद इस मामले की सीआईडी जांच शुरू हो गई।



जांच में कहा गया कि सीएम के लिए लाए गए समोसे और केक को स्टाफ को परोस दिया गया। एक सीनियर अधिकारी ने लिखा, सीआईडी इस कृत्य का विरोध करती है। जांच में पता चला कि अधिकारियों और कर्मचारियों की गलती से खाने का सामान सीएम के स्टाफ को परोस दिए गए। एक अधिकारी ने लिखा कि कुछ लोगों ने सीआईडी विरोधी और सरकार विरोधी काम किया है। इसीलिए समोसे और केक वीवीआईपी तक नहीं पहुंचे। एक अजेंडे के तहत यह काम किया गया है। समोसे और केक का ऑर्डर शिमला के रेडिशन ब्लू होटल से दिया गया था। होटल से समोसे और तीन डिब्बे केक आया था और एक महिला अधिकारी ने इसे रिसीव किया था। पूछताछ के दौरान अधिकारियों ने दावा किया कि ड्यूटी पर मौजूद पर्यटन विभाग के कर्मियों ने कहा था कि बक्से की चीजें सीएम के खाने के मेन्यू में नहीं थीं।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में दोस्ताना मुकाबलों की लहर, 29 सीटों पर आपस में लड़ेंगे सहयोगी दल

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी है। लेकिन 288 में से 29 सीटें ऐसी हैं, जहां पर दोनों गठबंधन के सहयोगियों के बीच में दोस्ताना लड़ाई देखने को मिलेगी। दोस्ताना लड़ाई के इस मुकाबले में महाविकास अघाड़ी के लिए मुकाबला थोड़ा मुश्किल हो गया है क्योंकि इंडिया गठबंधन के छोटे सहयोगी दलों ने भी अपने प्रत्याशियों को भी विधानसभा चुनाव के रण में उतार दिया है।

दोस्ताना मुकाबला सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति के लिए थोड़ा आसान नजर आता है क्योंकि उसे एमवीए की तुलना में कम ही सीटों पर यह लड़ाई लड़नी है। महायुति के सहयोगी दलों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के बीच मानखुर्द शिवाजीनगर (मुंबई), आष्टी (बीड), सिंधखेड राजा (बुलढाणा), कटोल (नागपुर), मोर्शी (अमरावती), डिंडोरी (नासिक), श्रीरामपुर (अहमदनगर) और पुरंदर (पुणे) पर चुनावी मुकाबला होगा।

**महाविकास अघाड़ी के लिए कठिन है रास्ता:** शिवसेना (यूबीटी), राकांपा (शरद चंद्र पवार) और कांग्रेस के विपक्षी गठबंधन के बीच 21 विधानसभा सीट पर इस तरह का



मुकाबला होगा। प्रमुख मुकाबलों में से एक नांदेड़ उत्तर सीट पर होगा, जहां कांग्रेस के अब्दुल गफूर और शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार संगीता पाटिल मैदान में हैं। दोस्ताना मुकाबले वाली अधिकांश सीटों पर एमवीए सहयोगी पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी आफ इंडिया (पीडब्ल्यूपीआई), समाजवादी पार्टी और वामपंथी दलों द्वारा खड़े किये गए उम्मीदवारों के साथ-साथ चुनाव लड़ रहे हैं। इन सीटों पर समाजवादी पार्टी ने जहां ने जहां 8 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है तो वहीं पैंथर्स पार्टी ने भी 14 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।

**गठबंधन में सीट मांगी मिली नहीं- पीडब्ल्यूपीआई:** पीडब्ल्यूपीआई के नेता ने दोस्ताना मुकाबले को लेकर कहा कि हमने गठबंधन में 6 सीटें मांगी थीं जहां पर हम मजबूत स्थिति में थे लेकिन फिर भी वहां पर बड़ी पार्टियों ने अपने उम्मीदवार उतारे। उन्होंने हमें सीटें ही नहीं दी तो फिर पार्टी का जहां भी प्रभाव है,वहां पर पार्टी ने अपने उम्मीदवार उतारे, क्योंकि पार्टी को भी चुनावों में अपने वोट प्रतिशत के निश्चित मानदंडों को पूरा करना था। गठबंधन के मतों में सेंध लगाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ऐसा होगा लेकिन हम क्या कर सकते हैं? हमने बड़ी पार्टियों से सीटें मांगीं लेकिन वे अड़े रहे।

**उन्हें लगता है अकेले दम पर जीत जाएंगे- समाजवादी पार्टी:** समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी ने इस साल की शुरुआत में एक साक्षात्कार में कहा था कि महा विकास आघाडी को एकजुट होकर चुनाव लड़ना चाहिए था, लेकिन इसने उनकी पार्टी को बातचीत के लिए भी नहीं बुलाया। उन्होंने कहा कि वे (एमवीए) सोचते हैं कि वे अपनी ताकत के दम पर चुनाव जीत सकते हैं और हमारी (सपा) की कोई जरूरत नहीं है। सोलापुर सिटी सेंट्रल में माकपा उम्मीदवार नरसया आदम और कांग्रेस के बीच मुकाबला होगा, जबकि वानी निर्वाचन क्षेत्र में भाकपा उम्मीदवार हेपट और शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार संजय डेरकर मैदान में हैं। महायुति में, शिवसेना और राकांपा के उम्मीदवार पुरंदर, डिंडोरी, मानखुर्द शिवाजी नगर, सिंदखेडराजा और श्रीरामपुर में दोस्ताना मुकाबले में हैं। राकांपा और भाजपा के बीच कटोल, मोर्शी और आष्टी में मुकाबला होगा।

## कांग्रेस ने अगर ग्रामीण भारत को प्राथमिकता दी होती तो आज कम गरीबी होती: गडकरी

**वर्धा, एजेंसी।**
केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि अगर कांग्रेस ने ग्रामीण भारत को प्राथमिकता दी होती तो किसान आत्महत्या नहीं कर रहे होते और गांवों में गरीबी कम होती। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वर्धा जिले के अरवी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) न तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पार्टी है और न ही उनकी, बल्कि यह उन कार्यकर्ताओं की पार्टी है जिन्होंने अपना जीवन इसके लिए समर्पित कर दिया है। उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा में पार्टी कार्यकर्ताओं के योगदान की भी सराहना की।

नागपुर से भाजपा के लोकसभा सदस्य गडकरी ने पार्टी कार्यकर्ता के रूप में अपने दिनों को याद किया जब वह राज्य के विदर्भ क्षेत्र के पड़ोसी वर्धा



जिले में दो अन्य लोगों के साथ एक ही स्कूटर पर यात्रा करते थे। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा में 62 सीट विदर्भ क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। गडकरी ने आरोप लगाया, भारत के 75 साल के इतिहास में कांग्रेस ने कभी भी देश के ग्रामीण इलाकों के विकास को प्राथमिकता नहीं दी। गांवों में न सड़कें थीं, न पीने का पानी था। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने कभी भी ग्रामीण भारत के विकास के बारे में गंभीरता से नहीं सोचा। अगर ग्रामीण भारत को प्राथमिकता दी जाती तो किसान आत्महत्या नहीं करते, गांवों में गरीबी नहीं होती। गडकरी ने कहा कि वह किसी भी तरह के आरक्षण का विरोध नहीं करते लेकिन राजनीति के लिए कभी भी धर्म और जाति का इस्तेमाल नहीं करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि जो लोग सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हैं, उन्हें आर्थिक और शैक्षणिक रूप से सक्षम बनने के लिए आरक्षण मिलना चाहिए, लेकिन जातियों की ढाल को आगे रखकर नहीं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि जो लोग सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हैं, उन्हें आर्थिक और शैक्षणिक रूप से सक्षम बनने के लिए आरक्षण मिलना चाहिए।

## 75 हजार रुपये की रिश्वत लेकर फंसे चुनाव आयोग के अधिकारी, दर्ज हो गया केस

**उल्लाहसनगर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उल्लाहसनगर में रिश्वत के मामले में चुनाव आयोग के तीन अधिकारियों पर केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि उन्होंने एक व्यापारी से 75 हजार रुपये की रिश्वत ली थी। बाद में पता चला कि व्यापारी के पास कैश के सारे दस्तावेज मौजूद थे। ऐसे में रिश्वत के पैसे उसे वापस कर दिए गए। चुनाव आयोग के सूत्रों के मुताबिक एक फूल व्यापारी बाबन आमले शुक्रवार की रात अहमदनगर जा रहे थे। किसानों का पेमेंट करने के लिए उनके पास 7.5 लाख रुपये कैश थे।

जानकारी के मुताबिक चुनावी दस्ते के दो अधिकारियों संदीप सिरसवाल और संकेत चानपुर ने रास्ते में गाड़ी रुकवाई। उनकी टीम में तीन अन्य लोग भी थे। यूएमसी कर्मचारी अन्नासाहेब बोरुडे, पुलिस सिपाही विश्वनाथ ठाकुर और पुलिस अधिकारी राजरत्न बुकाते उनके साथ थे। तलाशी के दौरान पता चला कि वाहन में बैग में 7.5 लाख रुपये हैं। सिरसवाल ने कैश को सीज करने की धमकी दी तो आमले ने बताया कि उनके पास लीगल पेपल मौजूद हैं। आमले ने आरोप लगाया कि सिरसवाल ने उनसे 75 हजार रुपये कैश की मांग की।

## छत्रपति संभाजीनगर में दुकान में लगी आग, तीन लोगों की मौत

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी।** छत्रपति संभाजीनगर के फुलंबरी इलाके में देर रात एक भयानक हादसा हुआ, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई। यह घटना बीती रात करीब एक बजे की है, जब एक प्लास्टिक की दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। जानकारी के अनुसार, फुलंबरी में स्थित इस दुकान में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग भड़क उठी। आग की चपेट में आने से दुकान खोलने आए तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नितिन नागरे, गजानन वाघ, और सलीम शेख के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटनाएं आमतौर पर तेज और अनियंत्रित होती हैं, खासकर जब दुकान में प्लास्टिक जैसे ज्वलनशील पदार्थ मौजूद हों। इस घटना ने एक बार फिर से दुकानों और अन्य व्यावसायिक स्थानों में सुरक्षा उपायों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इसी तरह से कुछ दिन पहले गाजियाबाद के मोदीनगर इलाके में केमिकल फैक्ट्री में 4 नवंबर की रात को भीषण आग लग गई थी। जिसके बाद इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग काफी ज्यादा फैल चुकी थी।

## अगर गठबंधन में कोई एक पार्टी सबसे बड़ी बनकर उभरती है, तो वह मुख्यमंत्री पद का दावा कर सकती है: शरद पवार

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी हो या फिर महायूति गठबंधन, दोनों की ही घटक दलों के बीच एक लड़ाई कॉमन है। सभी दल सीएम पद पर दावा ठोक रहे हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन में यह लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच है। एनसीपी अजित पवार को डिप्टी मानकर चल रही है। वहीं, एमवीए के तीनों ही दल अपना-अपना दावा पेश कर रहे हैं। इस बीच शरद पवार का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि अगर गठबंधन में कोई एक पार्टी सबसे बड़ी बनकर उभरती है, तो वह मुख्यमंत्री पद का दावा कर सकती है।

एक हालिया इंटरव्यू में शरद पवार ने स्पष्ट किया कि भले ही गठबंधन के भीतर कोई विशेष मुख्यमंत्री उम्मीदवार को पेश करने का निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी अगर सरकार बनाने की स्थिति में आती है तो वह इस पद के लिए अपना दावा पेश कर सकती है। उन्होंने कहा, इसके लिए कोई निश्चित सूत्र नहीं है, लेकिन आम तौर पर मुख्यमंत्री पद को लेकर यही समझ बनी होगी।



शरद पवार ने गठबंधन की सत्ता में आने की अहमियत पर बल दिया और कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। उन्होंने पहले उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने का विरोध किया था और कांग्रेस ने भी इसी रुख का समर्थन किया था। उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना ने अपने गठबंधन सहयोगियों से ठंडी प्रतिक्रिया मिलने के बाद अपनी यह मांग वापस ले ली। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने शरद पवार के बयान को दोहराते हुए कहा, हमने मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। हालांकि, चुनावों के बाद जब एमवीए बहुमत प्राप्त करेगी तो गठबंधन के शीर्ष नेता बैठक करेंगे और इस पद के लिए नाम पर निर्णय लिया जाएगा।

वहीं, सूत्रों ने बताया कि हाल ही में उद्धव ठाकरे दिल्ली यात्रा पर गए थे। उन्होंने कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी संभावित उम्मीदवारी पर चर्चा की थी। ठाकरे पहले भी मुख्यमंत्री रहे हैं। उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक रूप से दावा करने का हक है। कांग्रेस के उच्च नेतृत्व ने उन्हें पहले प्रदेश नेतृत्व से परामर्श करने की सलाह दी, जिसके बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पार्टी को महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में 70 से 80 सीटें जीतने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, अगर शरद पवार और उद्धव ठाकरे की पार्टियां अपने द्वारा लड़ें गए सीटों में से 50 प्रतिशत सीटें जीतने में सफल रहती हैं तो एमवीए 145 सीटों का आंकड़ा पार कर सकती है।

## पाकिस्तान ने रचा इतिहास...

# 22 साल बाद ऑस्ट्रेलियाई धरती पर जीती वनडे सीरीज




**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला 10 नवबंर (रविवार) को पर्थ में खेला गया. इस मुकाबले में पाकिस्तान ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया पर 8 विकेट से जीत हासिल की.

मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 141 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने 26.5 ओवर में ही हासिल कर लिया. इस जीत के साथ ही मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में पाकिस्तान ने तीन मैचों की वनडे सीरीज पर 2-1 से कब्जा कर लिया. सीरीज का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट से जीता था, वहीं पाकिस्तानी टीम ने दूसरे मुकाबले में 9 विकेट से जीत हासिल की थी.

**पाकिस्तान का खत्म हुआ 22 सालों का इंतजार**

देखा जाए तो पाकिस्तानी टीम ने 22 साल बाद ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में द्विपक्षीय वनडे सीरीज में मात दी है. इससे पहले साल 2002 में वकार यूनुस की कप्तानी में पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलियाई को उसके घर में वनडे सीरीज में 2-1 से हराया था. यानी पाकिस्तान की ये जीत काफी ऐतिहासिक है. तेज गेंदबाज हारिस रऊफ प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए.

इस मुकाबले में टारगेट का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत शानदार रही. अब्दुल्लाह शफीक और सैम अयूब ने मिलकर पहले विकेट के लिए 84 रनों की पार्टनरशिप की, जिसने पाकिस्तान का काम आसान कर दिया. शफीक ने 1 चौके और एक सिक्स की मदद से 53 गेंदों पर 37 रन बनाए. वहीं अयूब ने 52 गेंदों पर 42 रन बनाए, जिसमें 4 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा. सैम अयूब और अब्दुल्लाह शफीक को तेज गेंदबाज लांस मॉरिस ने चलता किया. यहां से बाबर आजम और कप्तान मोहम्मद रिजवान ने नाबाद 58 रन जोड़कर पाकिस्तान को जीत के द्वार तक पहुंचाया. बाबर ने चार चौके की मदद से 28 बॉल पर 30 रनों का योगदान दिया. जबकि रिजवान ने नाबाद 30 रन बनाए. रिजवान ने 27 गेंदों की पारी में दो छक्के के अलावा एक चौके जड़ा.

**नसीम-शाहीन-हारिस के तूफान में उड़े कंगारू**

इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम 31.5 ओवरों में 140 रनों पर सिमट गई. सीन एबॉट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा 41 गेंदों पर 30 रन बनाए, जिसमें 2 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा. वहीं ओपनर मैथ्यू शॉर्ट ने 22 रनों की पारी खेली. इ

सके अलावा एडम जाम्पा (13), एरॉन हॉर्डी (12) और स्पेंसर जॉनसन (11*) ही दोहरे अंकों में पहुंच सके. पाकिस्तान की ओर से शाहीन आफरीदी और नसीम शाह ने तीन-तीन विकेट चटकाए. हारिस रऊफ को 2, जबकि मोहम्मद हसनैन को एक विकेट मिला.

## सार समाचार

### बिग बैश लीग में दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर ने रचा इतिहास

### खेल डाली सबसे बड़ी पारी




**नईदिल्ली, एजेंसी।** इन दिनों ऑस्ट्रेलिया में महिला बिग बैश लीग खेला जा रहा है. टूर्नामेंट के 21वें मुकाबले में होबार्ट हेरिकेन्स वुमेन के लिए खेल रहीं दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज लिजेल ली ने 12 चौके और 12 छक्कों की मदद से सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड बना दिया. लिजेल ली ने पर्थ स्कॉर्चर्स वुमेन के खिलाफ खेले गए मुकाबले में यह रिकॉर्ड कायम किया.

लिजेल ली ने 75 गेंदों 12 चौके और 12 छक्कों की मदद से 150* रनों की पारी खेली. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 200 का रहा. मजे की बात यह रही कि लिजेल ओपनिंग पर बल्लेबाजी के लिए मैदान पर आई थीं और अंत तक नाबाद रहीं. बता दें कि इससे पहले महिला बिग बैश लीग में सबसे बड़ा निजी स्कोर 136 रनों का था, जो पिछले सीजन (2023) ब्रिस्बेन हीट की ग्रेस हैरिस ने बनाया था.

**लिजेल ली की पारी ने होबार्ट हेरिकेन्स को दिलाई जीत**

सिडनी के सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में पर्थ स्कॉचर्स ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया, जो शायद उनके लिए सबसे गलत फैसला रहा. पहले बैटिंग करने उतरी होबार्ट हेरिकेन्स ने लिजेल ली की शानदार पारी की बदलौत 20 ओवर में 203/3 रन बोर्ड पर लगाए.

फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम 19.3 ओवर में सिर्फ 131 रनों के स्कोर पर ऑलआउट हो गई. इस तरह पर्थ स्कॉर्चर्स ने मुकाबले में 72 रनों से हार का सामना किया. टीम के लिए क्लो एन्सवर्थ ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 27 गेंदों में 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 41 रन स्कोर किए. इसके अलावा टीम बाकी लगभग सभी बल्लेबाज फ्लॉप रहे. इस दौरान होबार्ट हेरिकेन्स की तरफ से हीदर ग्राहम ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके.

शानदार पारी के बाद क्या बोलीं लिजेल ली

रिकॉर्ड तोड़ पारी खेलने के बाद लिजेल ली ने चैनल सेवन पर बात करते हुए कहा, मुझे टीम में मौजूद सभी लोगों को क्रेडिट देना होगा, जिन्होंने मेरे ऊपर भरोसा रखा. जब मैं अपने ऊपर शक कर रही थीं और रो रही थीं, तो वो सब वहां थे.

### भारत के स्टार क्यू खिलाड़ी पंकज ने 28वीं बार जीता बिलियर्ड्स खिताब, इस खिलाड़ी को हराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के अनुभवी और स्टार क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने एक और खास उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। उन्होंने दोहा में आईबीएसएफ विश्व बिलियडर्स चैंपियनशिप में इंग्लैंड के रॉबर्ट हाल को 4-2 से हराकर 28वीं बार इसका खिताब जीता। आडवाणी ने पहला विश्व खिताब 2016 में जीता था। कोरोना महामारी के दौरान 2020 और 2021 में विश्व चैंपियनशिप नहीं हुई थी।

पंकज आडवाणी ने 151-94, 151-0, 150-84, 74-151, 6-154, 152-46 से जीत दर्ज की। यह लगातार सातवीं बार है जब पकंज यह खिताब अपने नाम करने में सफल रहे हैं। जीत के बाद पंकज आडवाणी ने कहा, विश्व बिलियडर्स खिताब बार-बार जीतकर अच्छा लगता है। यह मुकाबला हालांकि आसान नहीं था। प्रतिस्पर्धा काफी कठिन थी।

# हरियाणा के यशवर्धन ने बनाया रिकॉर्ड चौहरा शतक




**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा के ओपनर यशवर्धन दलाल ने अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी मुकाबले में मुंबई के खिलाफ शनिवार को रिकॉर्ड नाबाद 426 रन की पारी खेलकर इतिहास रच दिया। वह टूर्नामेंट के इतिहास में चौहरा शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज़ हैं।

उन्होंने उत्तर प्रदेश के समीर रिज़्वी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने पिछले सत्र में 312 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। मुंबई ने सुल्तानपुर हरियाणा के गुरुग्राम क्रिकेट ग्राउंड पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का निर्णय लिया था। यशवर्धन की शानदार पारी के दम पर हरियाणा ने तीसरे दिन रविवार की सुबह को आठ विकेट पर 742 रनों पर पारी घोषित कर दी। यशवर्धन 426 रन नाबाद बनाकर पवेलियन लौटे।

पिछले दो मैचों में मध्य प्रदेश के ख़िलाफ़ चार और झारखंड के ख़िलाफ़ 23 और 67 रन बनाने वाले यशवर्धन को इस मैच में ओपनिंग पर भेजा गया था और उन्होंने अर्श रांगा के साथ पहले विकेट के लिए 410 रन की साझेदारी की।

रांगा ने भी 151 रनों की पारी खेली। यशवर्धन ने अपनी मैराथन पारी में 463 गेंद में 46 चौके और 12 छक्के लगाए हैं। यह पहली बार नहीं है जब झज्जर के इस बल्लेबाज़ ने बड़ी पारी खेलकर सभी का ध्यान खींचा है। यशवर्धन ने दिसंबर 2021 में अंडर-16 लीग मैच में 237 रन की पारी खेली थी। उस मैच में हरियाणा ने 40 ओवर के मैच में 452 रन बनाए थे।

## महिला एसीटी हॉकी:

# अपनी धरती पर खिताब बरकरार रखने उतरेगी भारतीय टीम




**राजगीर (बिहार), एजेंसी।** पूरे साल खराब फॉर्म से जूझती रही भारतीय महिला हॉकी टीम नए ओलंपिक सत्र की शुरूआत अपनी धरती पर एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी (एसीटी) खिताब जीतकर करना चाहेगी और सोमवार को उसका पहला मुकाबला निचली रैंकिंग वाली मलेशियाई टीम से होगा। भारत ने अब तक सात बार हुए टूर्नामेंट में से सिंगापुर (2016) और रांची (2023) में खिताब जीते हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम ने इस साल एफआईएच प्रो लीग में 16 में से 13 मैच गंवाए और सिर्फ दो जीते जबकि एक ड्रॉ रहा।

भारत ने सलीमा टेटे की कप्तानी में मिली जुली टीम उतारी है जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ी दोनों हैं। स्ट्राइकर नवनीत कौर उपकप्तान होंगी। भारत को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड से चुनौती मिलेगी। भारतीय डिफेंस की कमान उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, सुशीला चानू और वैष्णवी विट्ठल फाल्के के हाथ में होगी।

मिडफील्ड में कप्तान टेटे के अलावा नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिटा टोप्पो और लालरेम्सियामी जिम्मा संभालेंगी। फॉरवर्ड पंक्ति में नवनीत , संगीता कुमारी, दीपिका , प्रीति दुबे और ब्यूटी डुंगडुंग पर जिम्मेदारी होगी। गोलकीपिंग में पूर्व कप्तान सविता और युवा बिछू देवी खारीबम पर नजरें रहेंगी। सुशीला और ब्यूटी फिटनेस समस्याओं से उबरकर टीम में वापसी कर रहीं हैं। भारतीय टीम विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज चीन के साथ खिताब की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी।

दक्षिण कोरिया ने तीन बार और जापान ने दो बार खिताब जीते हैं। पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने में नाकाम रही भारतीय महिला हॉकी टीम के लिये यह नई शुरूआत है। कोच हरेंद्र सिंह ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'पेरिस ओलंपिक नहीं खेल पाना अब अतीत की बात है। हम उससे आगे निकलकर अब लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं और उसके लिये यह पहला कदम है। काफी महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और हम जीत के साथ आगाज करना चाहेंगे।

टेटे प्रो लीग के यूरोपीय चरण में भारत की कप्तानी कर चुकी है जिसमें प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने इसके लिए फिटनेस की कमी और मानसिक दृढता के अभाव को दोषी ठहराया था। तोक्यो ओलंपिक 2021 में इतिहास रचने के बाद टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी और पिछली बार एफआईएच प्रो लीग में भी खराब प्रदर्शन रहा।

टेटे ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हमारे पास बेहतरीन टीम है जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ी है। हमें पेरिस ओलंपिक को भुलाकर आगे बढ़ना है और अपनी धरती पर एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब बरकरार रखकर हम अगले ओलंपिक चक्र की तैयारी शुरू करेंगे। कोच हरेंद्र सर ने भी हमें यही सिखाया है और हमें भी पता है कि अतीत का दुख मनाते रहने से कुछ हासिल नहीं होने वाला।

सोमवार को बाकी मैचों में जापान का सामना दक्षिण कोरिया से और चीन की टक्कर थाईलैंड से होगी। टूर्नामेंट के सारे मैच अब फ्लडलाइट में कीट पतंगों के झुंड से संभावित व्यवधान से बचने के लिये शाम की बजाय दोपहर में खेले जाएंगे। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब दिन का पहला मैच 12.15 पर, दूसरा 2.30 और आखिरी 4.45 पर खेला जाएगा। पहले ये मैच दोपहर तीन बजे, शाम सवा पांच और साढ़े सात बजे से होने थे। भारत का मैच शाम 4.45 बजे से होगा।

## दो अनकैप्ड प्लेयर्स शामिल

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए टीम की घोषणा की



**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए अपनी 13 सदस्यीय टीम में दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को शामिल करके सभी को चौंका दिया है। पर्थ स्टेडियम में 22 नवंबर को शुरू होने वाला यह मुकाबला काफी रोमांचक होने वाला है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने युवा बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी को खाली पड़े ओपनर की भूमिका के लिए चुना है, जो उनके उभरते करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है।

भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए के लिए 156 रनों की शानदार पारी खेलने वाले मैकस्वीनी ने प्रशंसकों और चयनकर्ताओं को समान रूप से प्रभावित किया। होनहार दाएं हाथ के इस बल्लेबाज के शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के उस्मान ख्वाजा के साथ जोड़ी बनाने की संभावना है। व्हाइट-बॉल विशेषज्ञ जोश इंगलिस का एक और उल्लेखनीय समावेश है, जो शेफील्ड शील्ड में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद टेस्ट टीम में पदार्पण कर रहे हैं। इंगलिस के शामिल होने से ऑस्ट्रेलियाई मध्यक्रम में गहराई आई है, जो पहले से ही नंबर 4 स्थान पर स्टीव स्मिथ की वापसी से मजबूत हुआ है, साथ ही नियमित खिलाड़ी मार्नस लाबुशेन, ट्रैविस हेड और मिशेल मार्श भी हैं।

गेंदबाजी विभाग में टीम में कोई आश्चर्य नहीं है। अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड रीढ़ की हड्डी हैं जिनका साथ भरोसेमंद स्कॉट बोलैंड दे रहे हैं। अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने ऑस्ट्रेलिया के स्पिन विभाग में अपने व्यापक अनुभव को लाते हुए इस क्रम को पूरा किया। चयन अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, नाथन ने घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और शेफील्ड शील्ड में जोश का फॉर्म शानदार रहा है। यह संतुलित टीम हमें वह लचीलापन देती है जिसकी हमें एक आकर्षक श्रृंखला के लिए आवश्यकता है।

**पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया टीमः**

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिच मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क।

### पृथ्वी शॉ की खुली किस्मत, इस टी20 टूर्नामेंट के लिए श्रेयस अय्यर के साथ टीम में हुए शामिल

**मुंबई, एजेंसी।** खराब फिटनेस और अनुशासनहीन का तमगा झेल रहे पृथ्वी शॉ के लिए खुशखबरी है। उन्हें श्रेयस अय्यर को 23 नवंबर से



15 दिसंबर तक होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए मुंबई के 28 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। लीग दौर के मुकाबले 23 नवंबर से पांच दिसंबर तक जबकि नॉकआउट 9 से 15 दिसंबर तक खेले जाएंगे। शॉ के करियर को इससे नया जीवन मिल सकता है जिन्हें फिटनेस और अनुशासनात्मक कारणों से मुंबई की रणजी टीम से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, यह हैरान करने वाला था, क्योंकि मुंबई ने उन्हें तब टीम से बाहर किया जब इंडियन प्रीमियर लीग के लिए रिटेन और रिलीज प्लेयर्स की लिस्ट आने वाली थी।

शॉ ने दो रणजी मैचों में 7, 12, 1 और नाबाद 39 रन बनाए हैं।

# गावस्कर की टिप्पणियों के बाद रोहित के बचाव में आए आरोन फिंच

## रितिका ने खिलाड़ी को किया सलाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह ने भारतीय कप्तान का साथ देने के लिए आरोन फिंच को धन्यवाद दिया। सजदेह ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर फिंच को टैग किया जिसमें बताया गया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पितृत्व अवकाश के मुद्दे पर फिंच सुनील गावस्कर से असहमत थे।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर आरोन फिंच भारत के कप्तान रोहित शर्मा का समर्थन करते हैं, क्योंकि उनके ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीरीज के पहले टेस्ट से बाहर रहने की संभावना है। भारतीय कप्तान रोहित ने पहले कहा था कि वह पहले टेस्ट में खेलने को लेकर अनिश्चित हैं, क्योंकि




वह किसी निजी कारण से इसे छोड़ सकते हैं।

फिंच ने गावस्कर से असहमति जताई, जिन्होंने इस मामले पर टिप्पणी की थी। गावस्कर ने कहा था कि अगर रोहित एक से अधिक मैच से बाहर रहते हैं तो उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह को पूरी सीरीज के लिए कप्तानी सौंपी जानी चाहिए। गावस्कर की टिप्पणी फिंच को पसंद नहीं आई और उन्होंने कहा कि रोहित को अपनी पत्नी के साथ रहना चाहिए क्योंकि यह उनके परिवार के लिए एक खास पल है। हालांकि भारतीय कप्तान ने अपनी अनुपस्थिति के पीछे के कारण की पुष्टि नहीं की है, लेकिन यह व्यापक रूप से बताया गया है कि वह अपनी पत्नी रितिका सजदेह से दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं। फिंच ने कहा, मैं सनी से पूरी तरह असहमत हूं। रोहित शर्मा भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान हैं। अगर आपको घर पर रहने की जरूरत है क्योंकि आपकी पत्नी को बच्चा होने वाला है तो यह बहुत खूबसूरत पल होता है और आपको उस संबंध में जितना समय चाहिए उतना समय निकालना चाहिए।

## न्यूज बाइट्स

### छठ पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में पुरानी कमिटी के सदस्यगण व रंगकर्मियों को मिला सम्मान

**हसपुरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)** छठ पूजा के अवसर पर हसपुरा बाजार के मेन रोड के श्री सूर्य नारायण भगवान भास्कर पूजा समिति के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कमिटी के अध्यक्ष रोहित कुमार खत्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मंच का संचालन पूर्व उपप्रमुख अनिल आर्य ने किया। इस दौरान नवगठित कमिटी द्वारा कमिटी के पुराने सदस्य और रंगमंच से जुड़े कलाकारों एवं आगत अतिथियों को अंग-वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का विधिवत उद्घाटन रिबन काट कर पूर्व रंगमंच कर्मी अशोक जैन, मुखिया प्रतिनिधि राकेश सिंह एवं ओमप्रकाश चौधरी ने किया। छठ की महिमा का बखान करते हुए अशोक जैन ने कहा कि छठ पूजा शुद्धता, एकता एवं भाईचारा का संदेश देता है। इस महान त्यौहार में कोई भी जात-पात, उंच-नीच और अमीर-गरीब नहीं देखा जाता। सभी जाति और धर्म के लोग छठव्रती की सेवा करने में लगे रहतें हैं। इस तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होने से आपसी भाईचारा एवं सद्भाव का माहौल कायम होता है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि राकेश सिंह ने कमेटी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज के नवयुवक जिम्मेदारीपूर्वक पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम करा रहे हैं। हमसे जितना सहयोग बनता है, मदद करते हैं। इस मौके पर विश्वनाथ लाल खत्री, सुनील खत्री, मुकेश कुमार आर्य उर्फ पप्पू, शिक्षक दीपक कुमार, राज कुमार खत्री, चंद्रभूषण प्रसाद, दीपनारायण लाल, रंजन कुमार एवं रवि सिंह आदि ने भी विचार रखे। इस दौरान स्वर कोकिला शारदा सिंहा के आकस्मिक निधन पर एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद पटना से आए कलाकारों ने शारदा सिंहा के गाए छठ गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

### मोबाइल में मिले वीडियो क्लिप से हुआ खुला युवती की मौत का राज, प्रेम में की आत्महत्या

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)** रफीगंज थाना क्षेत्र के मलूक बिगहा गांव में शनिवार को अपने ही घर में हुई 18 वर्षीय युवती की मौत मामले का पुलिस ने घटना के 20 घंटे में उद्भेदन कर दिया। पुलिस के खुलासे के मुताबिक युवती ने प्रेम त्रिकोण में आत्महत्या की थी। दरअसल पुलिस ने यह राज मृतका के मोबाइल फोन में मिले वीडियो क्लिप से खोला, जिसमें युवती की सुसाईड की लाइव रिकॉडिंग है। गौरतलब है कि रफीगंज पुलिस ने शुक्रवार को युवती का शव उसके घर के कमरे में बिस्तर से बरामद किया था। साथ ही उसके कमरे से साक्ष्य के लिए युवती का कपड़ा, मोबाईल एवं अन्य सामान भी बरामद किया था। युवती की पहचान मलूक बिगहा निवासी स्व. सुनील सिंह की पुत्री अंकिता कुमारी(18) के रूप में की गई थी। मामले में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस पुलिस गहन छानबीन में जुटी थी। मामले में युवती के चाचा धनंजय सिंह ने अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध गला दबाकर हत्या करने का मामला दर्ज कराया था। कहा था कि अंकिता अपने घर में रात में अकेली थी। इसी का फायदा उठाते हुए अज्ञात अपराधियों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। चाचा ने पुलिस को यह भी बताया था कि गुरूवार को अंकिता अपनी मां संध्या कुंवर के साथ मदनपुर थाना क्षेत्र के वार गांव में अपने रिश्तेदार के घर छठ पर्व में गई थी। शुक्रवार को वह अपराह्न तीन बजे के करीब अपने चचेरे जीजा सत्येंद्र सिंह एवं चचेरी बहन चंचला देवी के साथ घर वापस आ गई थी। इसके बाद बहन एवं जीजा को भोजन कराकर उसने शाम में उन्हे वापस भेज दिया था। इसके बाद रात में करीब 9:00 बजे तक उसने चचेरी बहन एवं जीजा से फोन पर बात भी की। शनिवार की सुबह 7:00 बजे के आसपास दरवाजा खटखटाया तो काफी देर तक नहीं खुला तो दीवाल कुदकर घर में घुसे तो देखा कि एक कमरे में वह मृत पड़ी हुई थी। जिसकी सूचना ग्रामीणों एवं थाना को दी।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी पंचानपुर के पास घटना को दिया था अंजाम, कई मामले दर्ज

# पुलिस की सफलता, 2020 के डकैती मामले में फरार आरोपी सुरेश पासवान गिरफ्तार

**निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)**



जिले के गोह प्रखंड के बंदेया थाना पुलिस ने एक पुराने डकैती मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी सुरेश पासवान, जो कि औरंगाबाद के गोह थाना क्षेत्र के राजाकोठी डेल्हा का निवासी है, को गया के सेंट्रल यूनिवर्सिटी पंचानपुर के पास से पकड़ा गया है। यह गिरफ्तारी रविवार शाम हुई, जब दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषिराज ने इस संबंध में जानकारी दी। बात वर्ष 2020 की है, जब बंदेया थाना क्षेत्र के दादर-बक्सर मोड़ पर डकैती की एक वारदात हुई थी। इस घटना के बाद बंदेया थाना में कांड संख्या 13/20 दर्ज की गई थी। पुलिस की फाइल में सुरेश पासवान का नाम एक फरार आरोपी के रूप में दर्ज था। बंदेया पुलिस को हाल ही में सूचना मिली कि सुरेश पासवान पंचानपुर में एक रूम लेकर रह रहा था और डेल्हा की तरफ जा रहा था। सूचना पुख्ता करने के बाद पुलिस की एक टीम ने छापा मारा और सुरेश को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें पु.अ.नि. सह थानाध्यक्ष दिनेश कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। टीम ने रणनीति बनाकर पंचानपुर में सुरेश की गतिविधियों पर नजर रखी और समय मिलते ही उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार होने पर सुरेश ने खुद को सुरेश पासवान (48) के रूप में पहचाना और बताया कि वह बाबूलाल पासवान का पुत्र है और औरंगाबाद के गोह थाना क्षेत्र के राजाकोठी डेल्हा का निवासी है। पुलिस ने उसे बंदेया थाना लाकर उसकी औपचारिक गिरफ्तारी की प्रक्रिया पूरी की। गिरफ्तार सुरेश पासवान का आपराधिक इतिहास भी लंबा है। पुलिस रिकॉर्ड्स के अनुसार, वर्ष 2010 में टेकारी थाना में कांड संख्या 220/10 के तहत वह लूट के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। इसके अलावा, 1989-90 में चंदौती थाना क्षेत्र में भी लूटकांड के मामले में जेल जा चुका है। सुरेश की गिरफ्तारी से एक बार फिर उसके आपराधिक गतिविधियों की कड़ियाँ जुड़ने लगी हैं, जिससे पुलिस उम्मीद कर रही है कि आगे की जांच में कुछ और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

**पुलिस के लिए सफलता**

इस गिरफ्तारी को पुलिस के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है, क्योंकि कई सालों से फरार चल रहे सुरेश पासवान की तलाश जारी थी। उसके खिलाफ अलग-अलग मामलों में भी जांच जारी है, जिसमें पुलिस उम्मीद कर रही है कि अन्य आपराधिक मामलों का भी सुराग मिलेगा।

## पुलिस ने किया चार आरोपियों को गिरफ्तार, भेजा जेल

**निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)**

गोह थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव में रविवार को पुलिस ने चार फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना लाया, जिससे इलाके में हलचल मच गई। पकड़े गए आरोपियों में लीलम देवी, रूबी कुमारी, ललन मिस्त्री उर्फ लाला मिस्त्री और जयमनी देवी शामिल हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष सुदीश कुमार ने बताया कि इन चारों के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी था और वे लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे।

पुलिस को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली थी कि चारों आरोपी अपने घर लौटे हैं, जिसके बाद पुलिस ने विशेष रणनीति के तहत उनके ठिकाने पर छापेमारी की। पुलिस ने गांव के निवासियों की गतिविधियों पर नजर रखी और सुनिश्चित किया कि किसी को गिरफ्तारी की भनक न लगे। इस रणनीति के तहत पुलिस ने एक टीम बनाई, जिसने तेजी से कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को घर से ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी से पुलिस ने राहत की सांस ली, क्योंकि इनकी फरारी से थाना क्षेत्र में अपराधियों का हौसला बढ़ रहा था।

## महापरिवर्तन आंदोलन के अध्यक्ष बने अजय कुमार श्रीवास्तव



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

शहर के करमा रोड स्थित चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश नारायण संस्कृति भवन में रविवार को तेलंगाना के पूर्व डीजीपी विनय कुमार सिंह द्वारा स्थापित संस्था महापरिवर्तन आंदोलन की एक विशेष बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव ने की। इस मौके पर महापरिवर्तन आंदोलन के संगठन की मजबूती के लिए लोगों ने अपने विचार रखे। बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष लवलेश यादव, मसाचिव ई. दूधेश्वर प्रसाद, सचिव प्रो. अयोध्या प्रसाद सिंह, संयुक्त सचिव देव नारायण प्रसाद, सचिव सह संगठन प्रभारी अरुण कुमार, सह सचिव सतीश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अधिवक्ता परिखा यादव, उप सचिव इबरार हसन, उप सचिव साजिद अंसारी, जिला मीडिया प्रभारी रामजन्म सिंह एवं सह मीडिया प्रभारी सूर्य प्रकाश बनाए गए।

## पैक्स चुनाव को लेकर उम्मीदवार कर रहे डोर टू डोर जनसंपर्क



**निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)**

पैक्स चुनाव को लेकर गोह के विभिन्न पैक्सो के संभावित उम्मीदवार चुनावी तैयारी में जुट गए हैं। भावी उम्मीदवार अपने वोटर्स से लगातार संपर्क कर रहे है। इसी कड़ी में दधपी पैक्स के वर्तमान अध्यक्ष सतीश शर्मा दोबारा जीत दर्ज करने की तैयारी कर रहे हैं। शर्मा ने पूरी ताकत के साथ अपने समर्थकों सहित डोर टू डोर संपर्क अभियान चला रखा है। वें नामांकन में भाग लेने के लिए मतदाताओं को आमंत्रित कर रहे हैं। पैक्स चुनाव को लेकर गोह प्रखंड में गहमागहमी है। इस बार के चुनाव में प्रशासन को भी काफी सतर्क रहना पड़ेगा। इस दौरान सहयोगी ब्रजेश पासवान, बैजू सिंह, द्वारिक भगत, रामप्रवेश ठाकुर, सुदामा बिंद एवं वीरनाथ बिंद आदि मौजूद रहे।

## पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नीरज सिंह आज करेंगे नामांकन

**निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)**



सोनौरा पैक्स अध्यक्ष पद के चुनाव में नीरज कुमार सिंह ने आज अपने नामांकन की तैयारी की है। पिछले दो वर्षों से नीरज कुमार सिंह ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रहकर सोनौरा पैक्स के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों का दौरा कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने गांव-गांव जाकर किसानों और स्थानीय निवासियों से मिलकर उनकी समस्याओं को नजदीकी से समझा और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया।

नीरज कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि राजनीति उनके लिए कोई पेशा नहीं है, बल्कि एक सेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा, 'मैं यहां केवल लोगों की सेवा के लिए राजनीति में आया हूं। अगर जनता ने मुझे समर्थन और आशीर्वाद दिया, तो मैं न केवल सोनौरा के किसानों के लिए बल्कि पंचायत के हर व्यक्ति के लिए निःस्वार्थ सेवा में संलग्न रहूंगा। नीरज सिंह का कहना है कि वह इस पद को केवल एक अधिकार के रूप में नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी के रूप में देख रहे हैं। किसानों की समस्याओं को लेकर उनकी गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दो वर्षों में उन्होंने निरंतर ग्रामीणों के बीच रहकर उनकी आवश्यकताओं को समझा है। उन्होंने कहा कि पैक्स अध्यक्ष के अधिकार सीमित होते हैं, परंतु मेरा प्रयास रहेगा कि जितनी भी सुविधाएं किसानों के लिए संभव हैं, वह उन्हें मुहैया कराई जा सके। मैं इस पद का उपयोग केवल सेवा के लिए करूंगा, न कि किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए। नीरज सिंह का कहना है कि सोनौरा पंचायत में कृषि और सिंचाई से जुड़ी समस्याएं वर्षों से बनी हुई हैं। यहां के किसान विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिनमें फसल की कीमत, खाद की आपूर्ति, सिंचाई सुविधाओं की कमी जैसी समस्याएं प्रमुख हैं। नीरज का वादा है कि वह इन मुद्दों पर काम करेंगे और अपनी पूरी कोशिश करेंगे कि पंचायत में कृषि से जुड़ी समस्याओं को सुलझाया जा सके। जनता से अपने पक्ष में समर्थन की अपील करते हुए नीरज कुमार सिंह ने कहा कि मैंने पिछले दो वर्षों में पंचायत के सभी गांवों का दौरा किया है और किसानों की समस्याओं को गहराई से समझा है। यदि आप मुझे एक बार मौका देंगे, तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि मेरी सेवा और प्रयासों से आपको कभी निराशा नहीं होगी। मेरे द्वारा की गई सेवा ही मेरी पहचान बनेगी। उनके इस दृढ़ संकल्प और सेवा के भाव ने कई ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया है, और उनके समर्थकों का मानना है कि यदि उन्हें इस पद पर आसीन होने का अवसर मिलता है, तो वे वास्तव में सोनौरा पंचायत के लिए एक नया आयाम स्थापित करेंगे।

## युवक ने की तीन बच्चियों से रेप की कोशिश, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**निज. सं. | रफीगंज (औरंगाबाद)**



रफीगंज थाना के एक गांव में युवक द्वारा तीन बालिकाओं को चॉकलेट व रूपये देकर घिनौनी हरकत करने की कोशिश का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। ग्रामीणों को यदि उसकी इस करतूत की भनक नही लगती तो वह अपने मकसद में कामयाब भी हो जाता। ग्रामीणों ने नशेड़ी को दबोंच कर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया है। बताया जाना है कि 45 वर्षीय युवक पिछले दो दिनों से तीनों बच्चियों को बहला-फुसलाकर गलत हरकत करने का प्रयास कर रहा था। इसकी भनक ग्रामीणों को लग गई और उन्होने युवक को रंगेहाथ धर दबोंचा। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। मामले को लेकर बच्चियों के परिजनों ने पुलिस को शिकायत आवेदन दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी दो दिनों से बच्चियों के साथ गलत हरकत करने का प्रयास कर रहा था। पहले दिन उसने तीनों बच्चियों को चॉकलेट और 8-8 रुपए दिए और कमरे में ले जाने का प्रयास किया लेकिन उस दिन बच्चियां नहीं गईं। दूसरे दिन भी आरोपी ने तीनों बच्चियों को 5-5 रुपए दिए और अपने कमरे में ले गया। ग्रामीणों को उसकी हरकत की भनक पहले से ही लग गई थी। इस वजह से युवक को रंगेहाथ पकड़ने के ताक में लगे थे और रेकी कर रहे थे। उधर तीनों बच्चियों को घर में ले जाकर उन्हे अर्धनग्न कर दिया था। रेकी कर रहे ग्रामीणों ने युवक के घर की खिड़की से उसकी करतूत को देखते ही हल्ला-हंगामा करते हुए उससे घर के दरवाजे को खुलवाया और आरोपी को पकड़ने के बाद और थाना लाकर पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

### पहलवानों का लगा जमघट, कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न

**हसपुरा (औरंगाबाद)(नि. सं.)**। हसपुरा के हाई स्कूल के बड़ी फिल्ड में रविवार को कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मानव विकास मंच द्वारा गोपाष्टमी पूजा के तत्वावधान में किया गया था। एक मात्र आई महिला पहलवान ललिता ने पुरुष पहलवान कल्लू को पराजित किया। गया, झूसी, बनारस, नागर तथा विभिन्न प्रदेशों के नामी पहलवान पहुंचे थें। काफी संख्या में दर्शकों की भीड़ थीं। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विधायक भीम सिंह यादव ने किया। पहलवानों को विभिन्न पुरस्कार व नगद इनामों देकर सम्मानित किया गया।

## कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन, विजेता टीम को मेडल और पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**निज सं. | रफीगंज (औरंगाबाद)**





जिले के रफीगंज के चारकावां निचलीडिह और जकरिया खेल मैदान में शनिवार की रात श्री कृष्ण वांगमय सुरक्षा संघ के तत्वावधान में भव्य कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में न केवल जिले के बल्कि अन्य जिलों के भी कई दिग्गज पहलवानों ने शिरकत की, जो अपने कौशल और शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए आए थे। इस आयोजन में हज़ारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी, जो इस अद्भुत खेल का आनंद लेने और अपने चहेते पहलवानों का उत्साहवर्धन करने के लिए मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्घाटन लोजपा के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार सिंह ने किया और उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पहलवानी जैसे परंपरागत खेलों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि गोपाष्टमी को विजय दिवस पर्व के रूप में मनाने की परंपरा क्यों महत्वपूर्ण है और कैसे भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत के दौरान गीता का ज्ञान देकर समाज को अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने की प्रेरणा दी थी। प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक और नैतिक मूल्यों की रक्षा के लिए ऐसे आयोजनों की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे शारीरिक और मानसिक दृढ़ता प्राप्त करने के लिए कुश्ती जैसे खेलों में भाग लें, न कि इलेक्ट्रॉनिक गेम्स और कल-कारखानों में खुद को व्यस्त रखें।

इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपने पारंपरिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन किया। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि समाज में न्याय और शांति की स्थापना के लिए पहलवानी जैसी प्रतियोगिताएं आवश्यक हैं। साथ ही, उन्होंने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की कि आज के युवा पारंपरिक खेलों को छोड़कर आधुनिक जीवनशैली में अधिक रुचि लेने लगे हैं। जकरिया खेल मैदान में आयोजित इस कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन वर्ष 1986 से गोपाष्टमी पर्व पर लगातार होता आ रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि इसका उद्देश्य युवाओं को परंपरागत मूल्यों से जोड़ना और न्याय एवं शांति का संदेश देना है। इस कुश्ती दंगल में विजयी पहलवानों को नकद पुरस्कार और मेडल देकर सम्मानित किया गया।




दिनांक 11.11.2024 को चलाई जा रही विशेष रेलगाड़ियाँ

| ट्रेन सं. | से | प्रस्थान का समय | तक |
|---|---|---|---|
| **आंध्र प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 04718 | तिरुपति | 23:45 | हिसार |
| 08583 | विशाखापट्नम | 19:10 | तिरुपति |
| 08536 | विशाखापट्नम | 12:00 | भुवनेश्वर |
| 07443 | श्रीकाकुलम रोड | 15:00 | तिरुपति |
| 07098 | विशाखापट्नम | 19:50 | सिकंदराबाद |
| 07122 | मचिलीपट्णम | 17:40 | तिरुपति |
| 07445 | काकीनाड़ा | 21:10 | लिंगमपल्ली |
| 07441 | श्रीकाकुलम रोड | 15:00 | तिरुपति |
| 08567 | विशाखापट्नम | 10:00 | विजयवाड़ा |
| **असम से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05638 | सिलचर | 13:50 | नाहारलगुन |
| **बिहार से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01482 | दानापुर | 10:45 | पुणे |
| 01144 | दानापुर | 21:30 | लोकमान्य तिलक टर्मिनल |
| 01206 | दानापुर | 05:30 | पुणे |
| 02397 | गया जंक्शन | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल |
| 03253 | पटना जंक्शन | 15:00 | सिकंदराबाद जंक्शन |
| 02393 | पटना जंक्शन | 20:10 | नई दिल्ली |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:30 | आनंद विहार टर्मिनल |
| 03251 | दानापुर | 15:00 | सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु |
| 03329 | पटना जंक्शन | 14:05 | नई दिल्ली |
| 03278 | आरा जंक्शन | 15:45 | आनंद विहार टर्मिनल |
| 03317 | दानापुर | 08:15 | आनंद विहार टर्मिनल |
| 03124 | पटना जंक्श्न | 12:15 | कोलकाता |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जंक्शन |
| 05111 | छपरा | 14:00 | नई दिल्ली |
| 05743 | कटिहार जंक्शन | 16:00 | छपरा |
| 05744 | छपरा | 04:30 | कटिहार जंक्शन |
| 05739 | कटिहार जंक्शन | 20:00 | गोमती नगर |
| 05738 | कटिहार जंक्शन | 11:25 | गोमती नगर |
| 04031 | सहरसा जंक्शन | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल |
| 04061 | बरौनी जंक्शन | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल |
| 02251 | पटना जंक्शन | 07:30 | नई दिल्ली |
| 02269 | छपरा जंक्शन | 22:20 | लखनऊ |
| 07648 | दानापुर | 08:00 | सिकंदराबाद |
| 07420 | दानापुर | 14:00 | सिकंदराबाद |
| 08626 | पूर्णियाँ कोर्ट | 12:10 | राँची जंक्शन |
| 06086 | पटना जंक्शन | 23:45 | एर्णाकुलम जंक्शन |
| 09804 | दानापुर | 20:00 | कोटा जंक्शन |
| 09064 | दानापुर | 11:00 | भेस्तान (सूरत) |
| 09042 | छपरा | 23:00 | उधना जंक्शन |
| 09422 | सीतामढ़ी | 16:00 | साबरमती |
| 09458 | दानापुर | 18:10 | अहमदाबाद जंक्शन |
| **दिल्ली से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जंक्शन |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जंक्शन |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जंक्शन |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा डाउन |
| 03402 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:00 | भागलपुर जंक्शन |
| 02422 | दिल्ली | 09:30 | सुबेदारगंज |
| 04124 | हजरत निज़ामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जंक्शन |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर जंक्शन |
| 05002 | नई दिल्ली | 15:15 | गोरखपुर जंक्शन |
| 04080 | दिल्ली | 19:30 | वाराणसी जंक्शन |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैन्ट |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जंक्शन |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जंक्शन |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुजफ्फरपुर जंक्शन |
| 02246 | हजरत निज़ामुद्दीन | 23.55 | पटना जंक्शन |
| 06072 | हजरत निज़ामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली |
| 02182 | हजरत निज़ामुद्दीन | 13:25 | जबलपुर |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 07:30 | इंदौर जंक्शन |
| **गुजरात से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05046 | राजकोट | 22:30 | लालकुआँ जंक्शन |
| 09425 | साबरमती | 18:45 | हरिद्वार जंक्शन |
| 09025 | वलसाड | 08:40 | दानापुर जंक्शन |
| 09056 | उधना जंक्शन | 16:15 | बांद्रा टर्मिनल |
| 09111 | बडोदरा जंक्शन | 19:00 | गोरखपुर जंक्शन |
| 09417 | अहमदाबाद जंक्शन | 09:10 | दानापुर |
| 09575 | राजकोट | 13:45 | मेहबूबनगर |
| 09520 | ओखा | 22:00 | मदुरै जंक्शन |
| 09033 | उधना जंक्शन | 20:35 | बरौनी जंक्शन |
| 09021 | उधना जंक्शन | 22:00 | भावनगर टर्मिनल |
| **झारखंड से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 08181 | टाटानगर जंक्शन | 22:40 | कटिहार जंक्शन |
| 06064 | धनबाद जंक्शन | 06:00 | कोयम्बटूर जंक्शन |
| 02831 | धनबाद जंक्शन | 16:00 | भुवनेश्वर |
| 09610 | रांची | 23:55 | मदार जंक्शन |
| **जम्मू और कश्मीर से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) | 00:50 | छपरा |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:20 | नई दिल्ली |
| **कर्नाटक से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02814 | बेलगावी | 05:00 | भुवनेश्वर |
| 08544 | सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु | 15:50 | विशाखापट्नम |
| 02812 | यशवंतपुर | 04:30 | विशाखापट्नम |
| 05186 | यशवंतपुर | 22:40 | छपरा |
| 05951 | सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु | 00:30 | नई तिनसुकिया जंक्शन |
| 09058 | मंगलूरु | 22:10 | उधना जंक्शन |
| **उत्तराखण्ड से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05097 | टनकपुर | 18:25 | दौराय |
| **महाराष्ट्र से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01481 | पूणे | 19:55 | दानापुर |
| 01143 | लोकमान्य तिलक टर्मिनल | 10:30 | दानापुर |
| 01145 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 11:05 | आसनसोल जंक्शन |
| 01201 | नागपुर | 19:40 | पूणे |
| 01415 | पूणे | 06:50 | गोरखपुर जंक्शन |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर जंक्शन |
| 01205 | पूणे | 15:50 | दानापुर |
| 01451 | पूणे | 22:45 | करीमनगर |
| 01025 | दादर | 14:05 | बलिया |
| 05290 | पूणे | 06:30 | मुजफ्फरपुर जंक्शन |
| 05114 | लोकमान्य तिलक टर्मिनल | 20:15 | छपरा |
| 09622 | बांद्रा टर्मिनस | 11:15 | आगरा जंक्शन |
| 04724 | पूणे | 14:30 | हिसार |
| 07638 | साईनगर सिर्डी | 19:35 | तिरुपति |
| 07609 | पूर्णा जंक्शन | 10:25 | तिरुपति |
| 07604 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 15:50 | नांदेड |
| 09051 | दादर | 00:05 | भुसावल जंक्शन |
| 09052 | भुसावल जंक्शन | 17:40 | दादर |
| 09145 | मुम्बई सेंट्रल | 10:30 | बरौनी जंक्शन |
| 09055 | बांद्रा टर्मिनस | 09:50 | उधना जंक्शन |
| **हरियाणा से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 04554 | अम्बाला छावनी जंक्शन | 20:20 | सहारनपुर जंक्शन |
| 09640 | रोहतक | 13:20 | मदार जंक्शन |
| **मध्य प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09321 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा |
| 09313 | उज्जैन जंक्शन | 21:00 | भोपाल जंक्शन |
| 09314 | भोपाल जंक्शन | 02:10 | उज्जैन जंक्शन |
| **ओडिशा से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02832 | भुवनेश्वर | 20:55 | धनबाद जंक्शन |
| 08471 | पुरी | 06:30 | उधना जंक्शन |
| 08535 | भुवनेश्वर | 22:30 | विशाखापट्नम |
| 08567 | विशाखापट्नम | 10:30 | विजयवाड़ा |
| **पंजाब से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 04530 | भटिण्डा | 20:50 | वाराणसी |
| 04526 | सरहिन्द जंक्शन | 11:25 | सहरसा |
| **राजस्थान से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 04706 | जयपुर जंक्शन | 13:05 | श्री गंगानगर |
| 04705 | श्री गंगानगर | 23:45 | जयपुर जंक्शन |
| 09721 | जयपुर जंक्शन | 06:15 | उदयपुर सिटी |
| 09722 | उदयपुर सिटी | 15:05 | जयपुर जंक्शन |
| 09639 | मदार जंक्शन | 04:30 | रोहतक |
| 09733 | जयपुर जंक्शन | 07:00 | भिवानी |
| 09734 | भिवानी | 16:05 | जयपुर जंक्शन |
| 04809 | जोधपुर | 16:30 | बांद्रा टर्मिनस |
| 04725 | हिसार | 05:50 | बांद्रा टर्मिनस |
| **तमिलनाडु से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 06011 | ताम्बरम | 15:30 | नागरकोविल जंक्शन |
| 06029 | मेटटुपालयम | 19:45 | तिरूनेलवेली |
| 06097 | चेन्नई सैन्ट्रल | 05:15 | अंबाला छावनी जंक्शन |
| **तेलंगाना से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 08568 | विजयवाड़ा जंक्शन | 08:35 | विशाखपट्टणम |
| 07625 | हजूर साहिब नांदेड | 23:00 | पनवेल |
| 07030 | सिकंदराबाद | 16:35 | अगरतला |
| 07191 | काचीगुडा | 20:30 | मदुरै जंक्शन |
| 07005 | सिकंदराबाद | 22:00 | रक्सौल जंक्शन |
| 07225 | सिकंदराबाद | 04:30 | शालिमार |
| 07482 | सिकंदराबाद | 16:15 | तिरूपति |
| 07649 | चर्लपल्ली | 16:45 | मुजफ्फपुर जंक्शन |
| 07617 | काचीगुडा | 23:15 | हज़रत निजामुद्दीन |
| 07336 | मनुगुरू | 15:40 | बेलगावी |
| **उत्तर प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01416 | गोरखपुर जंक्शन | 17:30 | पुणे |
| 01028 | गोरखपुर जंक्शन | 14:45 | दादर |
| 05055 | लाल कुआं जंक्शन | 15:00 | वाराणसी जंक्शन |
| 05832 | प्रयागराज | 18:00 | रंगापाड़ा नार्थ |
| 05741 | गोमती नगर | 09:20 | न्यू जलपाईगुड़ी |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अंबाला छावनी जंक्शन |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन | 14:15 | छपरा |
| 04824 | मऊ जंक्शन | 04:00 | जोधपुर |
| 09186 | कानपुर अनवरगंज | 18:25 | मुंबई सैन्ट्रल |
| 09044 | गोरखपुर जंक्शन | 13:00 | डहाणू रोड़ |
| 09094 | गोरखपुर जंक्शन | 22:00 | बांद्रा टर्मिनस |
| 09804 | गोरखपुर जंक्शन | 18:05 | वलसाड़ |
| 01080 | गोरखपुर जंक्शन | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस |
| **पश्चिम बंगाल से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 03045 | हावड़ा | 23:00 | रक्सौल |
| 03131 | सियालदह | 18:15 | गोरखपुर |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल |
| 02841 | शालिमार | 18:30 | चेन्नई सैन्ट्रल |
| 08611 | सांतरागाछी जंक्शन | 21:20 | अजमेर जंक्शन |
| 06078 | सांतरागाछी जंक्शन | 10:00 | चेन्नई एग्मोर |
| 06082 | शालिमार | 14:20 | तिरूवंतपुरम |

भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailMinIndia